# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

www.livehindustan.com

सोमवार

28 अक्तूबर 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

• पांच प्रदेश • 24 संस्करण


कमला हैरिस ने कहा, अमेरिका में आव्रजन प्रणाली चरमरा गई






indriya.com

ADITYA BIRLA
JEWELLERY



इस धनतेरस, दिल में एक नया
त्यौहार सजेगा, बेहिसाब मोहब्बत का।
इंद्रिया के बेशकीमती गहनों के साथ,
आदित्य बिरला ग्रुप की तरफ़ से।

हार से दिल के तार छिड़ेंगे।
कंगन से कलाइयाँ झूमेंगी।
बालियों से नज़रें झिलमिलायेंगी।

सोने के सिक्कों की खनक और
16000 से ज़्यादा डिज़ाइन्स की चमक
से धड़कन नाच उठेगी।

और बेशुमार प्यार से तराशे हुए
फेस्टिव ऑफ़र्स देखकर
मुस्कान खिल उठेगी।

तो आइए इंद्रिया स्टोर में।
बेहिसाब मोहब्बत का त्यौहार
आपका इंतज़ार कर रहा है।

और हम जानते हैं,
आप कहेंगे ज़रूर कि
*दिल अभी भरा नहीं*

INDRIYA
ADITYA BIRLA | JEWELLERY

**स्टोर्स करोल बाग, वेगस मॉल, राजौरी गार्डन, दिल्ली में।**

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
28 अक्तूबर 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 258, 22 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 • पांच प्रदेश • 24 संस्करण



जयशंकर बोले, 26/11 के हमले पर भारत की ओर से नहीं हुई कोई प्रतिक्रिया P-14

**मन की बात:** प्रधानमंत्री ने लोगों को 'रुको, सोचो और एक्शन लो' से बचाव की राह दिखाई

# डिजिटल अरेस्ट फरेब है, सख्ती से निपटेंगे : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई। उन्होंने देशवासियों को 'रुको, सोचो और एक्शन लो' के जरिये साइबर अपराधियों से बचाव की राह दिखाई।

आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 115वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने इस बारे में जागरुकता फैलाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा, डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं है। कोई भी जांच एजेंसी न तो धमकी देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है। 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर जो फरेब चल रहा है उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसी राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। तालमेल के लिए 'नेशनल साइबर को-ऑर्डिनेशन' केंद्र स्थापित किया गया है।

**फरेबी और पीड़ित की बातचीत का ऑडियो साझा किया:** कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़े एक फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का ऑडियो भी साझा किया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी कैसे काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इसका शिकार होने वालों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग हैं। पीएम ने कहा, डिजिटल अरेस्ट फरेब का बड़ा माध्यम बनता जा रहा है।

**क्या है डिजिटल अरेस्ट:** डिजिटल अरेस्ट के मामले में पीड़ितों को फोन कॉल, वीडियो कॉल या ई-मेल से संदेश प्राप्त होता है जिसमें दावा किया जाता है कि वे चोरी या धन शोधन जैसी अवैध गतिविधियों के लिए जांच के दायरे में हैं। जालसाज ऐसे दस्तावेज दिखाते हैं जो वैध प्रतीत होते हैं, अक्सर विश्वसनीय संस्थानों के 'लोगो' और नाम का उपयोग करते हैं। कई लोग ऐसे मामलों में डर जाते हैं और मेहनत से कमाए लाखों रुपए गंवा देते हैं।

**व्यक्तिगत जानकारी न दें:** मोदी ने कहा, ऐसे मामलों में घबराएं नहीं। शांत रहें, कोई कदम न उठाएं। किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें। संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। प्रधानमंत्री ने ऐसे मामलों में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार और पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया।

➤आगाह किया P15

## एनिमेशन में वैश्विक शक्ति बनने का संकल्प

प्रधानमंत्री ने भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू जैसे एनिमेशन चरित्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दूसरे देश के बच्चों को भी खूब आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति करने की राह पर है। उन्होंने 'स्पाइडर मैन' और 'ट्रांसफॉर्मर्स' जैसी फिल्मों में भारतीय एनिमेटर हरि नारायण राजीव के योगदान की चर्चा की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## महापुरुष भविष्य का रास्ता दिखाते हैं: मोदी

प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जयंती को जीवंत बनाने के लिए देशवासियों से सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महापुरुष अतीत में खोते नहीं बल्कि उनका जीवन वर्तमान को भविष्य का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली उलिहातू की यात्रा उनके जीवन के खास पलों में एक थी, जिसका उन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा।

## रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम 29 को

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस वर्ष 31 अक्तूबर को दीवाली का त्योहार होने के कारण इस वर्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन 29 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया।

## आत्मनिर्भर भारत प्रेरणा और जुनून बना

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह देश की सामूहिक चेतना का हिस्सा बन गया है और पग-पग पर हमारी प्रेरणा और जुनून बन गया है। उन्होंने कहा कि एक जमाने में भारत मोबाइल फोन आयात करता था और आज वह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माता बन गया है। सबसे ज्यादा रक्षा उपकरण खरीदने वाला भारत आज 85 देशों को निर्यात कर रहा है।

> डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग, हर उम्र के लोग हैं। लोगों ने डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपये गंवा दिए हैं। कभी भी आपको इस तरह का कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी नहीं करती। -**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

# विमानों के साथ होटलों को भी बम से उड़ाने की धमकी

- लखनऊ, तिरुपति व सूरत के होटल को ई-मेल भेजा
- 50 और विमानों को बम से उड़ाने की चेतावनी मिली

नई दिल्ली/लखनऊ, वि.सं./एजेंसी। विमानों के साथ-साथ अब होटलों को भी बम से उड़ाने की धमकी भेजी जा रही है। रविवार को 50 से अधिक विमानों को बम की धमकी दी गई। इसके बाद विमानों को सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद उड़ान भरने की इजाजत दी गई। इंडिगो के दो विमानों का मार्ग परिवर्तित करना पड़ा। ऐसे में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गत 14 दिनों में 350 से अधिक उड़ानों को धमकी मिली है।

इधर, लखनऊ के नौ और तिरुपति के छह होटल को ई-मेल से बम की धमकी दी गई। लखनऊ के होटलों को ई-मेल में चेतावनी दी गई कि होटल परिसर में काले बैग में बम छिपाए गए हैं। 55,000 अमेरिकी डॉलर की मांग पूरी नहीं की तो बम विस्फोट कर देंगे।

वहीं, आकासा एयर ने कहा, उसकी 15 उड़ानों को अलर्ट मिले। बेंगलुरु से गोरखपुर और बेंगलुरु से अयोध्या आ रहे विमान में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। इंडिगो की 18 उड़ानों और विस्तारा की 17 उड़ानों के लिए धमकियां मिलीं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा, धमकियां रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और खुफिया ब्यूरो से सहायता के अलावा सरकार कानूनों में संशोधन पर विचार कर रही है। संलिप्तों को कड़ी सजा और उड़ान से रोका जाएगा।

➤हड़कंप मचा P08

# मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़, नौ घायल

- गोरखपुर जाने वाली ट्रेन में चढ़ने को उमड़ी थी भीड़
- दो यात्रियों की हालत गंभीर, कई लोग पटरी पर गिरे

मुंबई, एजेंसी। मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर रविवार तड़के 2.45 बजे मची भगदड़ में नौ लोग घायल हो गए, इनमें दो की स्थिति गंभीर है। हादसा तब हुआ जब गोरखपुर जाने वाली ट्रेन में चढ़ने के लिए होड़ मच गई। बता दें कि यह पूरी ट्रेन अनारक्षित है, इसमें सभी डिब्बे सामान्य श्रेणी के ही हैं।

पश्चिम रेलवे के अनुसार, 22921 बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस को प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर लगाया जा रहा था, तभी जनरल बोगी में चढ़ने के लिए यात्री दौड़ पड़े। भीड़ अधिक होने के कारण भगदड़ मच गई। पश्चिम रेलवे ने दो लोगों के घायल होने की बात ही कही है। दीवाली और छठ को लेकर घर लौटने के लिए बड़ी संख्या में लोग बांद्रा टर्मिनस पर ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचे थे। प्लेटफॉर्म पर मौजूद आरपीएफ, जीआरपी व होमगार्ड ने स्थिति को संभाला और घायल यात्रियों को भाभा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने कहा, ट्रेन खुलने के समय सुबह 5.10 बजे से ढाई घंटे पहले ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर लगाया जा रहा था। कुछ यात्रियों ने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, इससे वे घायल हो गए। घटना से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

➤गिरे यात्री P14


## प्रमुख पांच

**चक्रवात दाना से 35 लाख लोग प्रभावित**

1 चक्रवात दाना से ओडिशा में 35.95 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। सबसे अधिक प्रभावित जिलों में केंद्रपाड़ा, बालासोर और भद्रक शामिल हैं। P14

**जापान में सत्तारूढ़ पार्टी के लिए बहुमत मुश्किल**

2 संसदीय चुनाव जापानी पीएम शिगेरू इशिबा के लिए अच्छे संकेत नहीं दे रहे। उनकी पार्टी को बहुमत मुश्किल है। P16

**अपने ही चक्रव्यूह में फंस रही टीम इंडिया**

3 लचर प्रदर्शन से टीम इंडिया ने 12 वर्ष बाद घर में पहली सीरीज गंवाई। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की राह कठिन हो गई। P18

**आयकर कानून से गैर जरूरी प्रावधान हटेंगे**

4 केंद्र सरकार आयकर अधिनियम से गैर जरूरी प्रावधानों को हटाने की तैयारी कर रही है। P15

**सोना-चांदी में खूब पैसा लगाते लोग**

5 दस ग्राम सोना 80,000 रुपये के पार है, तो एक किलो चांदी एक लाख रुपये का शिखर फतह कर चुकी है। हर निगाह टिकी है कि अभी धनतेरस की खरीदारी बाकी है।



आलोक जोशी P12



**अंदर**



दिल्ली में जलसंकट की स्थिति गंभीर है। शाहदरा, सीलमपुर, मौजपुर, गीता कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों में पानी की किल्लत ज्यादा है।........P05



दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग का पूर्वी कैंपस ताहिरपुर में दिसंबर से शुरू करने की तैयारी है.......P04



विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय बाजार से 10.2 अरब डॉलर की निकासी की है। ........P15






रचनात्मक चित्रण. रेडी टू सर्व फ्रूट बेवरेजस. Réal Fruit Power Dabur India Limited का पंजीकृत ट्रेडमार्क है.

Dabur डाबर केयर: सम्पर्क करें – 8/3, आसिफ अली रोड़, नई दिल्ली–110002 ई-मेल: daburcares@dabur.com वेबसाइट: dabur.com टोल फ्री: 1800-103-1644


MARUTI SUZUKI
NEXA
INVICTO
THE LEAGUE OF EXTRAORDINARY
INVICTO
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
INTELLIGENT ELECTRIC HYBRID
CREATE. INSPIRE.
...LLIGENT ELECTRIC HYBRID**
PANORAMIC SUNROOF WITH AMBIENT LIGHTS
2ND ROW CAPTAIN SEATS
POWERED DRIVER SEAT WITH MEMORY FUNCTION
MULTI-ZONE CLIMATE CONTROL (FRONT AND REAR)
ONE-TOUCH POWERED TAIL GATE
SMARTPLAY MAGNUM+
SUZUKI CONNECT WITH eCALL
04 DAYS LEFT
EXCLUSIVE FESTIVE MARUTI SUZUKI SMART FINANCE OFFER# & FESTIVE EXCHANGE BONUS UP TO ₹ 25 000##
Scan to chat on WhatsApp
NORTH DELHI: NEXA WAZIRPUR (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 9811478982), NEXA ROHINI SEC 10 (JAGMOHAN AUTOMOTIVES PVT. LTD. PH: 8685005668), NEXA NARELA (DD MOTORS (A DIV. OF DD INDUSTRIES LTD. PH: 9081900800), NEXA PITAMPURA (SHREYASH AUTOMOTIVES PH: 9811823823), NEXA GT KARNAL ROAD (RANA MOTORS PVT. LTD. PH: 7289999111), WEST DELHI: NEXA DWARKA SECTOR 9 (MAGIC AUTO PH: 7290075604), NEXA RAJOURI GARDEN (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525750), NEXA MOTI NAGAR (AAA VEHICLEADES PVT. LTD. PH: 8448993400), NEXA DWARKA SECTOR 14 (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 7290091136), NEXA PUNJABI BAGH (DD MOTORS (A DIV. OF DD INDUSTRIES LTD) PH: 9081900800), NEXA MAYAPURI (SHREYASH AUTOMOTIVES PH: 9811876876), EAST DELHI: NEXA PREET VIHAR (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290091122), NEXA AKSHARDHAM (FAIR DEAL PREMIUM WHEELS PRIVATE LIMITED PH: 9999525161), NEXA PATPARGANJ (MAGIC AUTO PH: 8929400503), NEXA DILSHAD GARDEN (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 8377007962), NEXA GOKULPURI (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9870194313), CENTRAL DELHI: NEXA DARYAGANJ (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 8929200160), SOUTH DELHI: NEXA SAFDARJUNG ENCLAVE (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290099520), NEXA OKHLA PHASE 1 (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 011-42900000, 7065074531), NEXA EAST OF KAILASH (RANA MOTORS PVT. LTD. PH: 9999788886), NEXA LAJPAT NAGAR (SINGLA LINK AGENCY PH: 9818199367), NOIDA: NEXA NOIDA SECTOR 137 (MAGIC AUTO PH: 9818444482), NEXA SECTOR 1 (ROHAN MOTORS PH: 9313520782), NEXA SECTOR 63 (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9971277771), NEXA SECTOR 10 (FAIR DEAL PREMIUM WHEELS PRIVATE LIMITED PH: 9582232415), GREATER NOIDA: NEXA IND AREA GR. NOIDA (ROHAN MOTORS LTD. PH: 83746800044), NEXA GOLDEN I GR. NOIDA (RANA MOTORS PH: 9355833700), MANESAR: NEXA IMT MANESAR (PLATINUM MOTOCORP PH: 9020990209), GHAZIABAD: NEXA INDUSTRIAL AREA SITE 3 (REGENT AUTOLINKS PVT. LTD. PH: 9873179917), NEXA SIKRI KALAN (SNV AUTOMOBILES PVT LTD PH: 9811001689), NEXA SAHIBABAD (MOTORCRAFT SALES PVT. LTD. PH: 8527332222), NEXA MEERUT ROAD (ROHAN MOTORS LTD. PH: 9871179638), NEXA AMBEDKAR ROAD (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9873414333), FARIDABAD: NEXA BATA CHOWK (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9599814777), NEXA MATHURA ROAD (PASCO AUTOMOBILES PH: 9999120572), NEXA NIT (BVA AUTO PVT. LTD. PH: 0129-4121212), NEXA SEC. 55 BALLABHGARH (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9992221377) NEXA GREATER FARIDABAD (AUTONATION (A UNIT OF TAYAL INDIA MOTORS PVT. LTD. PH: 7428573701), PALWAL: NEXA PALWAL CENTRAL (AUTONATION (A UNIT OF TAYAL INDIA MOTORS) PVT. LTD. PH: 9311864040), GURUGRAM: NEXA MG ROAD (PASCO AUTOMOBILES PH: 9711290001), NEXA RAJIV CHOWK GURUGRAM (RANA MOTORS PVT. LTD. PH: 8929268142), NEXA SECTOR 29 GURUGRAM (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525740), NEXA INFOCITY SECTOR 34 (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 8377007987), NEXA UDYOG VIHAR (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9205899721), NEXA 6 IDC, GURUGRAM (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 0124-4440000, 7065074501), SOHNA: NEXA SOHNA (PASCO AUTOMOBILES PH: 9899961000), REWARI: NEXA DELHI ROAD (DINCO 4 WHEELS LLP PH: 7082100301), MEWAT: NEXA ALWAR ROAD (PASCO AUTOMOBILES PH: 9899961000), NARNAUL: NEXA KAILASH NAGAR NARNAUL (PLATINUM MOTO CORP PH: 9053088401), BULANDSHAHAR: NEXA BHOOR CROSSING (SKUNIVERSE AUTOMOBIL PVT. LTD. PH: 8865960000).
Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.
Terms & conditions apply. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to owner's manual. Car model and accessories shown may vary from the actual product and car colour may vary due to printing on paper. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st October'24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. **For representational purpose only. #Maruti suzuki Smart finance offer applicable only on Alpha variant. ##Festive exchange bonus applicable only on exchange from Ertiga, Tour M and XL6.

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
28 अक्तूबर 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

• पांच प्रदेश • 24 संस्करण

कमला हैरिस ने कहा, अमेरिका में आव्रजन प्रणाली चरमरा गई

P-16



**चिंताजनक: दिल्ली देश में सबसे अधिक प्रदूषित रही**

# हवा दो दिन बाद फिर से दमघोंटू

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली की हवा दो दिन की हल्की राहत के बाद फिर से दमघोंटू हो गई। दिल्ली के औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक में चौबीस घंटे के भीतर 100 अंकों से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई। राजधानी देश में सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां के तीन इलाके ऐसे रहे, जहां का सूचकांक 400 अंक के पार रहा।


दिल्ली में यूं तो 21 अक्तूबर को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 के पार हो गया था। लेकिन, हवा की गति बढ़ने के चलते पिछले दिनों प्रदूषण स्तर में हल्का सुधार हुआ था।

अब फिर से प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 356 अंक रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। शनिवार को यह सूचकांक 255 के अंक पर रहा था, जबकि, बवाना, बुराड़ी क्रासिंग, जहांगीरपुरी जैसे इलाकों का सूचकांक 400 अंक के ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में रहा। रविवार को हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटे या नीचे ही रही। इससे प्रदूषण के स्तर में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**एनजीटी ने नोटिस दिया:** एनजीटी ने दिल्ली पुलिस आयुक्त और विशेष आयुक्त, यातायात प्रबंधन को नोटिस जारी कर वायु प्रदूषण को कम करने के लिए की गई कार्रवाई का खुलासा करते हुए हलफनामा दाखिल करने को कहा।

➤ सूखा रहा अक्तूबर P04

## प्रदूषण की चादर में लिपटी राजधानी




गीता कॉलोनी में रविवार दोपहर को धुंध के बीच गुजरते वाहन। • सलमान अली

### दीवाली से पहले गंभीर श्रेणी में पहुंच सकता है प्रदूषण

दिल्ली को दीवाली से पहले गंभीर प्रदूषण झेलना पड़ सकता है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक, दो दिनों के दौरान हवा की गति सुस्त रहने की संभावना है। इससे 30 अक्तूबर को एक्यूआई 400 अंक के पार पहुंच सकता है।

### यहां की हवा सबसे खराब




### पिछले सात दिनों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (अक्तूबर)




## रतलाम में ट्रेन के दो डिब्बे जले, यात्रियों ने कूदकर जान बचाई

**इंदौर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में यात्रियों से भरी डेमू ट्रेन के इंजन में रविवार शाम आग लग गई। आगजनी के बाद यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना में दो कोच जलकर राख हो गए। हालांकि इस कोई भी यात्री हताहत नहीं हुआ।

डेमू ट्रेन डॉ. आम्बेडकर नगर (महू) से रतलाम के लिए रवाना हुई थी। रविवार शाम 5:07 बजे रुणीजा स्टेशन से रवाना होने के बाद ट्रेन के इंजन में धुआं उठने लगा। चालक ने ट्रेन को रोक दिया। घटनास्थल पर फायरब्रिगेड जाने के लिए रास्ता नहीं था। इसके बाद रेलवे ट्रेक किनारे खेतों में मौजूद किसानों ने खेतों में सिंचाई के लिए लगाए मोटरपंपों और पाइप से पानी डालकर आग बुझाई।

# सेना का वाहन रंग बदलकर चकमा देगा

**हि विशेष**

■ **मदन जैड़ा**

**नई दिल्ली।** देश के रक्षा वैज्ञानिकों ने एक ऐसा छलावरण तैयार किया है जो युद्ध के मैदान में दुश्मन की आंखों में धूल झोंक देगा। इस छलावरण की मदद से सेना के टैंक, वाहन या कोई अन्य हथियार जहां रखे हैं, वे आसपास के वातावरण के रंग में रंग जाएंगे। यदि दुश्मन ड्रोन, दूरबीन, विमान, रडार या किसी भी तरीके से निगरानी रख रहा होगा तो उसे उनके वहां होने का जरा भी आभास नहीं हो पाएगा।

जोधपुर स्थित रक्षा प्रयोगशाला (डीएलजे) ने यह छलावरण विकसित किया है। इस तकनीक विजुअल एंड थर्मल एडाप्टिव सिस्टम का प्रोटोटाइप तैयार है। अजमेर रेंज में इसके परीक्षण किए गए जो ये पूरी तरह से सफल रहे हैं।

**सेना में इस्तेमाल रंगों के आधार पर तैयार किया:** वैज्ञानिकों ने सेना में इस्तेमाल होने वाले पांच प्रकार के रंगों के आधार पर इसे तैयार किया है। इनके इस्तेमाल वाला सेना का कोई सामान कहीं स्थित है तो इस तकनीक से उसके पास का रंग भी वैसा ही हो जाएगा। नतीजा यह होगा कि कोई पहचान नहीं पाएगा कि वहां कोई सेना का वाहन है या नहीं।

**पूरी तरह छुप गए टी-90 टैंक:** परीक्षण के दौरान टी-90 टैंकों पर इसका इस्तेमाल किया गया। इस छलावरण ने टी-90 टैंकों को पूरी तरह से छुपा दिया। ड्रोन और विमान से उनकी तस्वीरें ली गईं, पर वे नजर नहीं आए। वहां सिर्फ एक जैसा बैकग्राउंड दिखा। सूत्रों ने कहा कि जल्दी ही इस तकनीक को सेना के वाहनों, टैंकों में इस्तेमाल करना शुरू किया जाएगा।

**तकनीक सभी विद्युत चुंबकीय स्पैक्ट्रमों पर कारगर :** डीआरडीओ के अनुसार यह तकनीक मल्टी स्पैक्ट्रम एडाप्टिव विजुअल एंड थर्मल पर आधारित है। यानी यह सभी विद्युत चुंबकीय स्पैक्ट्रमों पर कार्य कर सकती है और वातावरण के अनुसार परिवर्तित हो जाती है।



**सीमावर्ती क्षेत्रों और युद्ध में क्षमता बढ़ेगी**

**05** प्रकार के रंगों से रक्षा वैज्ञानिकों ने यह छलावरण बनाया

■ सेना के वाहनों, टैंकों में प्रयोग किया जाएगा

### भारतीय सेना रणनीतिक रूप से मजबूत होगी


सेना के लिए वाहनों, टैंकों और अन्य साजो-सामान को छुपाकर रखना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि यदि ये दुश्मन की निगरानी में आ गए तो उन पर हमला हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह खोज की गई है।

## सीमापार घुसपैठ बंद होने पर ही बंगाल में शांति: शाह

**कोलकाता, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि बंगाल में शांति तभी स्थापित हो सकती है जब सीमापार से घुसपैठ बंद हो। उन्होंने पश्चिम बंगाल के लोगों से 2026 के विधानसभा चुनावों में बदलाव लाने का आह्वान किया।

पश्चिम बंगाल में पेट्रापोल लैंड पोर्ट पर नए यात्री टर्मिनल भवन और 'मैत्री द्वार' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अमित शाह ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने में लैंड पोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के बीच संबंध तथा संपर्क सुधारने में बंदरगाह की महत्वपूर्ण भूमिका है। गृहमंत्री ने कहा कि जब सीमापार लोगों की वैध आवाजाही की कोई गुंजाइश नहीं होती है, तो आवाजाही के अवैध तरीके सामने आते हैं, जिसका असर देश की शांति पर पड़ता है। पेट्रापोल में लैंड पोर्ट दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा पोर्ट है तथा भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार और वाणिज्य के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है।



**गृहमंत्री बोले, शांति के लिए लैंड पोर्ट की भूमिका महत्वपूर्ण**

➤ महिलाएं सुरक्षित नहीं P11

## पाक से लाई 105 किलो हेरोइन जब्त

**चंडीगढ़।** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर 105 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पंजाब पुलिस ने बताया कि विदेश में रह रहे मादक पदार्थ तस्कर से जुड़े दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

➤ ब्योरा P14

## त्योहारी सीजन में जल संकट गहराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट गहरा गया है। गंगनहर की वार्षिक बंदी से सोनिया विहार और भागीरथ संयंत्र में गंगनहर से मिलने वाली 250 एमजीडी जलाआपूर्ति बंद होने से यह हालात पनपे हैं। यमुना के पानी में अमोनिया बढ़ने से दोनों प्लांट 30 फीसदी क्षमता पर चल रहे हैं।

➤ ब्योरा P05

## इजरायली हमले में तीन शीर्ष हिजबुल्ला कमांडर मारे गए

**दावा**

■ इजरायल ने रविवार को कार्रवाई को अंजाम दिया

■ 70 हिजबुल्ला लड़ाकों को मारने का दावा किया

**येरुशलम, एजेंसी।** इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने रविवार को लेबनान में हिजबुल्ला के तीन शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है। सेना ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

सेना ने हिजबुल्ला के बिंट जेबिल क्षेत्र के कमांडर अहमद जाफर माटौक को हवाई हमले में ढेर कर दिया। इजरायली सेना ने इसके साथ ही जाफर माटौक के उत्तराधिकारी और हिजबुल्ला के तोपखाने के प्रमुख को भी मार गिराया है। उसका कहना है कि इन तीन आतंकवादियों ने बिंट जेबिल क्षेत्र से कई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया था, जिसमें इजरायली नागरिकों और दक्षिणी लेबनान में सक्रिय आईडीएफ सैनिकों पर टैंक रोधी मिसाइलें दागना भी शामिल था।

ईरान पर हमले के एक दिन बाद इजरायल ने रविवार को लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर बमबारी की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली का कहना है कि उसने 70 हिजबुल्ला लड़ाकों को मार डाला है। साथ ही लेबनान में 120 ठिकानों पर हमला किया। दक्षिणी बेरूत गढ़ में हथियारों के कारखाने और गोदाम में हमले किए।

➤ नेतन्याहू के संबोधन को बाधित किया P16

HONDA

Shine 100



5% कैशबैक ₹5000# तक

न्यूनतम डाउन पेमेंट ₹1100*

Special offer
10 Years Warranty^
Valid till 31st Oct. '24

₹64900
एक्स-शोरूम कीमत
(दिल्ली)

Scan for Instant Booking**

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

IDFC FIRST Bank — Bank*/Credit Card#
HDFC BANK — Credit Card#
TATA CAPITAL — Two Wheeler Loans*
Chola — Enter a better life*

#Cashback Offer available on all Honda two-wheeler models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards & IDFC First Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of Rs. 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #Cashback offer valid until 30th November 2024. #The scheme is available in select outlets only. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th November 2024. ^3 years of standard and 7 years of free extended warranty only on Shine 100. ^This scheme is offered by Authorised Main Dealers and Associate Dealers. ^Offer valid until 31st October 2024. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment. **Instant online booking facility available at selected Dealership only

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

वीडियो का आनंद लेने के लिये, कृपया QR Code को स्कैन करें।

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रविवार को अपने गंतव्य पर जाने के लिए रेलगाड़ियों का इंतजार करते यात्री। ● सलमान अली


दिल्ली के सराय काले खां बस अड्डे पर रविवार को टिकट काउंटर पर खड़े हरियाणा की ओर जाने वाले यात्री। ● हिन्दुस्तान

# सुरक्षा बंदोबस्त और दुरुस्त करने की जरूरत

**पड़ताल**

मुंबई के बांद्रा टर्मिनस पर रविवार को मची भगदड़ के बाद दिल्ली में भी यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं, क्योंकि यहां से भी हजारों लोग रोजाना उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड आदि राज्यों में आवागमन करते हैं। त्योहारी सीजन में यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है। तमाम प्रयासों के बाद भी बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी हैं, जिन्हें दुरुस्त करने की जरूरत है। हालांकि, यहां फूंक-फूंक कर कदम उठाए जा रहे हैं। रविवार को हिन्दुस्तान टीम ने बस अड्डों और स्टेशनों की पड़ताल की तो ये हालात नजर आए...

## भीड़ को देखते हुए सुरक्षा कर्मियों ने लाइनें लगवाईं

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन**
03:30 बजे, दोपहर

दीवाली के अवसर पर घर जाने के लिए बड़ी संख्या में लोग नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंच रहे हैं। यात्रियों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म के प्रवेश द्वारा के बाहर धूप से बचाने के लिए टेंट लगाए हैं।

लोगों के बैठने के लिए कारपेट भी बिछाए गए। रविवार दोपहर 3:30 बजे के बाद लोगों की भीड़ को देखते हुए रेलवे पुलिस और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और सिपाहियों ने व्यवस्था संभाली। यात्रियों को लाइन में प्लेटफार्म पर भेजा गया। इस दौरान यात्रियों में हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। यात्री गोपीचंद ने बताया कि मुझे छत्तीसगढ़ के रायपुर जाना है। 11 वेटिंग है। उम्मीद है कि थ्री टायर एसी की टिकट कंफर्म हो जाएगी।

### इन बातों का ध्यान रखें

- फुटओवर ब्रिज से प्लेटफार्म नंबर-16 का प्रवेश बंद है
- प्लेटफार्म 16 के लिए आरक्षित यात्री अजमेरी गेट की ओर से गेट नंबर 7 व 10 से प्रवेश करें।
- जनरल टिकट वाले अनारक्षित यात्री हरे पथ पर गेट नंबर 12 से प्रवेश करें
- प्लेटफॉर्म 1-15 के लिए गेट नंबर 8, 9 और 11 का उपयोग करें
- ट्रेन के प्रस्थान समय से कम से कम एक घंटा पहले रेलवे स्टेशन पर अवश्य पहुंचें

**10** ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें आनंद विहार रेलवे स्टेशन भी बढ़ा दी गई हैं

**55** सौ रुपये स्लीपर क्लास में बुकिंग के लिए एक सीट के लिए चुकाने पड़े रहे


आनंद विहार बस अड्डे पर रविवार को पटना जाने के लिए निजी बस का सहारा लेते यात्री। दीवाली से पहले ज्यादातर रेलगाड़ियों में टिकट नहीं मिल रही है। ● हिन्दुस्तान

## यात्रियों की भीड़ ज्यादा, इंतजाम कम

**आनंद विहार रेलवे स्टेशन**
02:00 बजे, दोपहर

उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों के लिए ट्रेनों का संचालन आनंद विहार रेलवे स्टेशन से होता है। त्योहारों के इस सीजन में इस स्टेशन पर जबरदस्त भीड़ है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने उनकी सहूलियत के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं।

स्टेशन परिसर के बाहरी हिस्से में दो बड़े पंडाल लगाकर एक में 9 अतिरिक्त टिकट काउंटर बना दिए गए हैं। इनमें एक रिजर्वेशन के लिए, जबकि आठ काउंटर अनारक्षित टिकट के लिए बनाए गए हैं। इसके साथ ही 10 अतिरिक्त ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें भी बढ़ा दी गई हैं। अब इनकी संख्या 15 हो गई है। ट्रेनों का इंतजार करने वाले यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म पर न बढ़े इसके लिए एक पंडाल बनाकर वेटिंग एरिया बना दिया गया है।

## जांच की प्रक्रिया में समय लग रहा

**हजरत निजामुद्दीन स्टेशन**
02:30 बजे, दोपहर

दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर रविवार को यात्रियों की संख्या सामान्य रही। लोगों को जांच के बाद ही रेलवे स्टेशन के प्रवेश दिया जा रहा है। हालांकि, जांच प्रक्रिया में समय लग रहा है, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है।

प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर और बॉडी स्कैनर लगाए गए हैं। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे से भी पूरे रेलवे स्टेशन की निगरानी की जा रही है। प्लेटफार्म एक पर लोगों की प्राथमिक उपचार संबंधी मदद के लिए रेलवे की ओर से एक स्वास्थ्य मित्र को तैनात किया गया है। भारतीय रेलवे स्वास्थ्यकर्मी रामकरण ने बताया कि वह रेलवे में ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट हैं।

## सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी

**कश्मीरी गेट बस अड्डा**
02:30 बजे, दोपहर

**कश्मीरी** गेट बस अड्डे में रविवार को सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम नजर आए। बस अड्डे में भगदड़ जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर और स्कैनिंग मशीन के जरिए निगरानी की की जा रही है। बिहार जाने वाले यात्री किशोर सिंह ने बताया की बस अड्डे पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती जरूरी है।

## हरियाणा की ओर जाने वाली बसों में ज्यादा भीड़ नजर आई

**सराय काले खां बस अड्डा**
02:15 बजे, दोपहर

**सराय** काले खां बस अड्डे पर रविवार को दिल्ली से राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और हरियाणा जाने वाले यात्री काफी संख्या में दिखाई दिए।

हालांकि, सप्ताहांत के साथ त्योहारी सीजन में वाली संयुक्त भीड़ से इसकी तुलना की जाए तो यात्रियों की संख्या सामान्य रही। हरियाणा जाने वाली रोडवेज बसों और काउंटरों पर यात्रियों की संख्या सबसे ज्यादा दिखी। यात्री सामान्य थे और बस प्लेटफॉर्म पर यात्री बसों का इंतजार करते दिखाई दिए। इसके अलावा राजस्थान के लिए जाने वाली बसों में भीड़ काफी कम थी।


“मुझे नारनौल जाना है। दो मिनट देरी से बस अड्डे पर पहुंचा। इसके चलते मेरी बस छूट गई। दूसरी बस आधा घंटे बाद रवाना होगी। - **परमजीत**, यात्री

## निजी बसों का किराया चार गुना हुआ

**आनंद विहार बस अड्डा**
03:00 बजे, दोपहर

दीवाली पर घर जाने के लिए जिन लोगों को ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल सकी है, उन्हें अब जद्दोजहद करनी पड़ रही है। रविवार को आनंद विहार बस अड्डे पर यात्रियों की भारी भीड़ रही।

कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, प्रयागराज, पंजाब, बिहार और पूर्वी यूपी के अन्य जिलों के लिए ट्रेनों में रिजर्वेशन न मिलने पर यात्री बसों की ओर रुख कर रहे हैं। पड़ोसी राज्यों के लिए सरकारी बसों की कमी है, इसकी वजह से यात्रियों को तीन-तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। प्राइवेट बसों में यात्रियों से चार से पांच गुना तक किराया वसूला जा रहा है। बसों में सीटें कम होने पर डायनेमिक फेयर के नाम पर यात्रियों की जेब ढीली की जा रही है।

“मुझे पटना जाना है, लेकिन ट्रेन में रिजर्वेशन नहीं मिला। ऑनलाइन माध्यम से प्राइवेट बस में सीट बुक कराई। आम दिनों में बुकिंग 800 रुपये में हो जाती थी, अब 2700 रुपये किराया चुकाना पड़ा। सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। रेलवे को अतिरिक्त गाड़ियां चलानी चाहिए। -**सारस्वत**, यात्री

“पटना जाने के लिए ट्रेन में रिजर्वेशन नहीं मिला तो बस में ऑनलाइन टिकट बुक कराई। स्लीपर क्लास में बुकिंग के लिए 5500 रुपये एक सीट के लिए चुकाने पड़े। सामान्य दिनों में इस सीट का किराया 1100 से 1200 रुपये रहता है। इस वजह से आर्थिक हानि हो रही है। -**विक्रम**, यात्री

नई दिल्ली से अमित झा, संजय कुशवाहा, राहुल मानव, राजीव शर्मा और रजनीश पांडेय की रिपोर्ट।

## शहर 30s

### न्यायिक अधिकारियों का स्थानांतरण

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी के भीतर अपने अधीनस्थ न्यायालयों में कई न्यायिक अधिकारियों के तत्काल स्थानांतरण को अधिसूचित किया है। 25 अक्तूबर को जारी दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में हाईकोर्ट ने दिल्ली न्यायिक सेवा में 233 और दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा में 23 न्यायिक अधिकारियों के लिए नई पोस्टिंग की। इन पोस्टिंग में प्रशिक्षण पूरा होने पर विभिन्न जिलों में 70 न्यायिक अधिकारियों को शामिल करना शामिल था।

### पटियाला हाउस कोर्ट में दीपोत्सव का आयोजन

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट में 29 अक्तूबर को दीपावली उत्सव का आयोजन किया जाएगा। नई दिल्ली बार एसोसिएशन की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम मे दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम प्रसाद मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। बार एसोसिएशन ने इस संबंध में सर्कुलर जारी किया है। सभी जिला अदालतों में स्थानीय बार एसोसिएशन इस प्रकार के आयोजन कर रहा है। 26 अक्तूबर को साकेत कोर्ट में दीपोत्सव का आयोजन किया गया था।

### महिलाओं को 80% सीट आरक्षित करने का विरोध

**नई दिल्ली।** एम्स दिल्ली की तर्ज पर ईएसआईसी के अस्पतालों में नर्सिंग अधिकारियों की नियुक्ति के दौरान 80:20 का नियम लागू करने के खिलाफ कर्मचारियों ने विरोध किया है। दरअसल, नए भर्ती नियमों के तहत इन अस्पतालों में 80 फीसदी महिला और 20 फीसदी पुरुष आरक्षण को लागू करने की बात कही गई है। कर्मचारियों का कहना है कि नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती में लिंग-आधारित आरक्षण गलत है। इस फैसले को तुरंत वापस लिया जाए।

### एनडीएमसी का विशेष सफाई अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** दीवाली को देखते हुए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने अपने पूरे क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की है। एनडीएमसी के मुताबिक इसमें कुल 3000 कर्मचारियों की विशेष सफाई टीमों की तैनाती की गई है। जो कि स्वच्छ और हरित दीपावली के लिए काम कर रही है। आवासीय कॉलोनियों, बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, सरकारी और गैर सरकारी भवनों के आसपास सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

### बी.फार्मा में दाखिले के लिए काउंसलिंग 29 को

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) में बी फार्मा प्रोग्राम (कोड 138) की ऑफलाइन काउंसलिंग यूनिवर्सिटी के द्वारका कैंपस में 29 अक्तूबर को आयोजित की जाएगी। यह काउंसलिंग बी फार्मा में सीधे दाखिले के लिए होगी। उसी दिन दस्तावेज सत्यापन के उपरांत सीटों का आवंटन भी कर दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइट **https:// ipu. admissions. nic. in AüSX https:// ipu. ac. in** पर उपलब्ध है।

### सज्जन कुमार के खिलाफ अपील की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से संबंधित हत्या मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार और अन्य को बरी करने के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अपील स्वीकार कर ली है। 21 अक्तूबर को पारित एक आदेश में न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने 20 सितंबर, 2023 के ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ जांच एजेंसी को अपील करने की अनुमति दी। अदालत ने मामले को दिसंबर में सूचीबद्ध किया है।

### बस में रखे बैग में लगी आग, दो यात्री घायल

**नई दिल्ली।** आजादपुर से धौलाकुआं जा रही डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस में रविवार शाम आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर दो यात्री से झुलस गए। आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में घायल दो लोगों को अस्पताल भेजा गया। मामले की सूचना मिलने के बाद दिल्ली कैंट थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पार्किंग शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव प्रस्तुत होंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की सोमवार को सदन की बैठक होगी। इस बैठक में प्रदूषण के स्तर बढ़ने पर पार्किंग शुल्क को बढ़ाने के प्रस्ताव को फिर से प्रस्तुत किया जाएगा। इस वर्ष चार बार इस प्रस्ताव को सदन की बैठक में पेश किया गया है, लेकिन इसे सदन में चार बैठकों से टाला जा रहा है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रैप के नियमों के अनुसार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली में पार्किंग शुल्क को बढ़ाने के लिए कहा है।

### निजी कंपनी की मदद से लावारिस पशु पकड़ेंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सड़कों पर कई जगहों पर लावारिस पशु घूम रहे हैं। इनकी लगातार नगर निगम प्रशासन को शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इस समस्या को हल करने के लिए अब नगर निगम प्रशासन सभी जोन में निजी कंपनी को आवारा पशुओं को पकड़ने की जिम्मेदारी सौंपेगा। इस संबंध में निगम के पशु चिकित्सा विभाग ने प्रस्ताव भी तैयार किया है। इसे सदन की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। निगम अधिकारियों ने बताया कि बीते दिनों निगम ने गौतमपुरी, अली विहार क्षेत्र में सात आवारा पशुओं को पकड़ा। लावारिस पशुओं और अवैध डेयरियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही हैं।

# पांच साल में अब तक सबसे सूखा है अक्तूबर

**मौसम का मिजाज**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी दिल्ली में इस बार अक्तूबर महीना बीते पांच सालों में सबसे ज्यादा सूखा रहा। अभी तक महीने के 27 दिन बीत चुके हैं और एक दिन भी हल्की बूंदाबांदी नहीं हुई है।

इससे पहले वर्ष 2018 में ऐसा रहा था, जब एक दिन भी बारिश नहीं हुई थी।दिल्ली में इस बार मानसून की बारिश तो सामान्य से ज्यादा अच्छी रही, लेकिन सितंबर महीने की 19 तारीख के बाद एक दिन भी बारिश नहीं हुई है। लंबे समय से बारिश नहीं होने का असर दिल्ली के प्रदूषण पर देखा जा सकता है।

राजधानी में जून से लेकर सितंबर तक तो मानसून की बारिश होती है। इसके अलावा बाकी दिनों में कुछ-कुछ अंतराल पर पश्चिमी विक्षोभ आते रहते हैं। इन विक्षोभों के चलते पूरे उत्तर भारत के मौसम में बदलाव आता है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में इसके चलते बर्फबारी और बारिश होती है तो उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में भी तेज हवा, बूंदाबांदी और बारिश जैसी मौसमी घटनाएं होती हैं। इस बार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ नहीं आया है। इसके चलते एक दिन भी ऐसा नहीं रहा है जब बूंदाबांदी हुई हो।

### कितने दिन बारिश वाले

| | |
|---|---|
| 2024 | 00 |
| 2023 | 01 |
| 2022 | 06 |
| 2021 | 07 |
| 2020 | 01 |
| 2019 | 01 |
| 2018 | 00 |



नोट: अक्तूबर के आंकड़े 27 तारीख तक के हैं।

### सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है तापमान

पश्चिमी विक्षोभ नहीं आने, दिन भर तेज धूप निकलने और हवा की दिशा मुख्य तौर पर पूर्वी रहने के चलते दिल्ली का तापमान भी लगातार सामान्य से ज्यादा बना हुआ है। सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री रहा, जो कि सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है। आर्द्रता का स्तर 93 से 54 फीसदी रहा।

## लोगों के स्वास्थ्य पर असर : कांग्रेस

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रविवार को सरकार पर प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कछुआ चाल चलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग की चेतावनी है कि प्रदूषण का स्तर बढ़ने वाला है। लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो रही है।

यादव ने कहा कि राजधानी में प्रदूषण का प्रकोप लोगों के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। सत्ताधारी दल आप और भाजपा दिल्ली वालों की चिंता छोड़कर अपनी राजनीतिक लड़ाई में व्यस्त हैं।

## प्रदूषण रोकने के लिए ठोस योजना नहीं : विजेंद्र गुप्ता

**आरोप**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने रविवार को राजधानी के प्रदूषण को लेकर आप की दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार शहर में बढ़ते प्रदूषण को रोकने में नाकाम रही है। सरकार के पास इससे निपटने के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। लोग परेशान हैं।

विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि आईटीओ पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 361 और आनंद विहार के पास 405 तक पहुंच गया है। राजधानी में बढ़ रहा वायु प्रदूषण, यमुना की गंदगी, शहर की टूटी सड़कें, स्वास्थ्य सेवाएं एवं सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सभी दिल्ली सरकार की नाकामी की कहानी बताते हैं। दिल्ली की जनता अब परेशान हो गई है।

## पंजाब में पराली जल रही : सचदेवा

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि राजधानी में बढ़ रहे प्रदूषण का मुख्य कारण पंजाब में जलने वाली पराली है। दिल्ली की बदहाल सड़कों की धूल, पंजाब से बढ़ते प्रदूषण पर पर्यावरण मंत्री नहीं बोलते हैं।

**आप बोली- यूपी और हरियाणा जिम्मेदार :** आम आदमी पार्टी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में पराली जलाने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही यमुना में औद्योगिक कचरा डालने में भी हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश की अहम भूमिका है।

# स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग में 31 तक आवेदन करें

**मिशन एडमिशन**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में लगभग डेढ़ लाख छात्रों ने विभिन्न कोर्स में नामांकन कराया है। अभ्यर्थी इसके लिए 31 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

एसओएल के एक अधिकारी ने बताया कि डीयू के रेगुलर कोर्स के जो पाठ्यक्रम हैं, वही पाठ्यक्रम एसओएल में भी पढ़ाए जाते हैं। यहां कक्षाएं सप्ताहांत में चलती हैं। छात्रों को कौशल विकास कोर्स के लिए के लिए भी नामांकित जाता है ताकि पढ़ाई के साथ-साथ उनके पास कोई कौशल भी हो, जिससे पढ़ाई पूरी करने के बाद वह नौकरी के योग्य हो जाएं। छात्र **soladmission.samarth.edu.in, https:// sol. du. ac. in/ index. php** से जानकारी ले सकते हैं।

### इग्नू में दाखिले का अवसर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) दूरस्थ शिक्षा के अलावा कई कोर्स ऑनलाइन भी संचालित करता है। जो छात्र कक्षाओं में जाकर पढ़ाई नहीं कर सकते हैं, वह ऑनलाइन पढ़ाई करें। इस बारे में अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट **https:// www. ignou. ac. in/** से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इग्नू ने लगभग सभी विषयों में अपने यहां आवेदन प्रक्रिया खोली है।

**अच्छी खबर** | पूर्वी दिल्ली के छात्रों को अब घर से ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा, नौकरी करते हुए आसानी से पढ़ाई कर सकेंगे, सप्ताहांत में कक्षाएं लगेंगी

# एसओएल का पूर्वी कैंपस तैयार, दिसंबर से कक्षाएं शुरू होंगी

■ अभिनव उपाध्याय

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) अपना पूर्वी कैंपस ताहिरपुर में दिसंबर से शुरू करने की योजना बना रहा है। कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग की निदेशक प्रो. पायल मागो ने बताया कि निर्माण कार्य लगभग पूरा है और हमें कई विभागों के अनापत्ति प्रमाण पत्र भी मिल चुके हैं। कुछ विभागों के अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसे ही मिल जाएंगे तो यहां कक्षाओं के अलावा अन्य गतिविधियां भी शुरू कर दी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि एसओएल का पूर्वी कैंपस हमारी प्राथमिकता में है, क्योंकि एसओएल में दाखिला लेने वाले 35 से 40 फीसदी छात्र इसी क्षेत्र से आते हैं। यहां लगभग 1000 छात्र पढ़ाई कर सकेंगे। ज्ञात हो कि प्रति वर्ष एसओएल में लगभग एक लाख या इससे अधिक विद्यार्थी दाखिला लेते हैं, जो डीयू के रेगुलर कोर्स का पाठ्यक्रम ही पढ़ते हैं। इस इमारत में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।


दिल्ली के ताहिरपुर में नवनिर्मित स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग।

### यह सुविधाएं होंगी

भूखंड का आकार **2100** वर्गमीटर | निर्मित क्षेत्र **8707** वर्गमीटर

**130** से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाला बहुउद्देशीय हॉल

- दो बेसमेंट में पार्किंग सुविधा, जिसमें कार लिफ्ट शामिल है
- प्रशासनिक स्टाफ और छात्र सहायता इकाइयां
- आधुनिक पुस्तकालय
- छात्र संवाद सेंटर
- कंप्यूटर लैब
- सेमिनार कक्ष
- ऑडियो-विजुअल रूम
- 16 स्मार्ट क्लासरूम्स

### प्रवेश के लिए सीयूईटी जरूरी नहीं

डीयू का यह संस्थान उन हजारों छात्रों को दाखिला देता है जो काम के साथ पढ़ाई करना चाहते हैं। इसमें प्रतिदिन कक्षाओं का संचालन नहीं होता है बल्कि सप्ताहांत में होता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें दाखिले के लिए सीयूईटी उत्तीर्ण होना जरूरी नहीं है। बल्कि छात्र केवल 12वीं के अंक के आधार पर दाखिला ले सकते हैं। दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के लिए आवश्यक प्रिंट और गैर-प्रिंट सामग्री भी संस्थान उपलब्ध कराता है। डीयू के रेगुलर कोर्स में जो पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है, एसओएल में भी वही पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है। अभ्यर्थी 31 अक्तूबर तक एसओएल के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी इस बारे में एसओएल की वेबसाइट **https://admission.uod.ac.in/** से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### स्नातक के इन विषयों में होता है दाखिला

- बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान
- बीए ऑनर्स साइकॉलजी
- बीए ऑनर्स इंग्लिश
- बीए ऑनर्स इकनॉमिक्स
- बीकॉम ऑनर्स
- बीकॉम प्रोग्राम
- बीबीए एफआईए
- बीएमएस
- बीए प्रोग्राम कंप्यूटर साइंस
- बीए प्रोग्राम
- बीए प्रोग्राम साइकोलॉजी

- जानकारी एसओएल के अनुसार है।

## काम की खबरें

**1**
### संपत्तिकर की समस्या का समाधान ऐप से होगा
संपत्तिकर भरने और ऑनलाइन आवेदन करने में दिक्कत आने पर दिल्ली नगर निगम ऐप 311 और हेल्पलाइन नंबर 155305 पर कॉल कर सकते हैं। नए करदाता ऑनलाइन आवेदन करते हुए भुगतान कर सकते हैं।

**2**
### आवासीय योजना के बारे में डीडीए को कॉल करें
दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की आवासीय योजना के अनुरूप फ्लैटों के पंजीकरण और बुकिंग को लेकर कॉल सेंटर पर कॉल कर सकते हैं। फ्लैटों की सूचना प्राप्त करने के लिए डीए के कॉल सेंटर नंबर 1800110332 पर फ्लैट खरीदार कॉल कर सकते हैं।

**3**
### डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए हेल्पलाइन जारी
दिल्ली नगर निगम ने मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की समस्या से अवगत करने के लिए लोगों से अपील की है। इससे जुड़े मामलों के लिए हेल्पलाइन नंबर 155305 पर कॉल कर सकते हैं। साथ ही, 311 ऐप पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## आज का मौसम

33.0° अधिकतम | 20.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 06:29। सूर्यास्त : 17:40

**अनुमान**
मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में बादल छाए रहने के आसार हैं।

### पूर्वी दिल्ली के शाहदरा, सीलमपुर, मौजपुर समेत कई अन्य इलाकों में ज्यादा किल्लत

# त्योहारों में जल संकट गहराया, पीने तक को पानी नहीं मिल रहा

**समस्या**

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। त्योहारी सीजन में दिल्ली में जल संकट गहरा गया है। गंगनहर की वार्षिक बंदी की वजह से सोनिया विहार और भागीरथ जल संयंत्र में गाजियाबाद के जरिए गंगनहर से मिलने वाली 250 एमजीडी पानी की आपूर्ति बंद होने से यह हालात पनपे हैं।

हालांकि, दिल्ली जल बोर्ड का दावा है कि यमुना से पानी लेकर इन जल संयंत्रों को चलाया जा रहा है, लेकिन नदी के पानी में अमोनिया की मात्रा बढ़ने की वजह से ये दोनों प्लांट भी महज 30 फीसदी क्षमता पर चल पा रहे हैं। रविवार को कई इलाकों में लोग पानी के लिए भटकते नजर आए।

दूसरी ओर यमुना के जल को शोधित करने वाले अन्य प्लांट से भी अमोनिया के कारण पानी की आपूर्ति घटी है। इन सभी का असर कॉलोनियों में होने वाली पानी की आपूर्ति पर दिखने लगा है। खासतौर से पूर्वी दिल्ली के शाहदरा, सीलमपुर, बाबरपुर, मौजपुर समेत 40 से ज्यादा इलाके व दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र की कॉलोनियों, एनडीएमसी के क्षेत्रों में भी पानी का संकट ज्यादा बढ़ा है।

**आधे घंटा आपूर्ति :** शाहदरा क्षेत्र की हरदेव पुरी कॉलोनी में चार-पांच दिन से पानी की आपूर्ति बाधित है। कभी महज आधे घंटे पानी की सप्लाई मिल रही है तो कभी दिनभर आपूर्ति गुल रहती है। लोग नहाने तक के लिए तरस गए हैं।

**गंदगी आई :** गांधी नगर व आसपास के इलाके में भी लोगों को पानी की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर पहले तो पानी आ नहीं रहा है। अगर आ भी रहा है तो गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत लोग कर रहे हैं। शांति मोहल्ला निवासी जयप्रकाश बताते हैं कि शनिवार को पूरे दिन पानी नहीं आया।

**बोतल खरीदनी पड़ रही :** दिलशाद गार्डन स्थित आर ब्लॉक में निवासियों को पानी का संकट है। स्थानीय निवासी रश्मि कौशल ने बताया कि तीन चार दिन पहले से ही पानी की आपूर्ति ठीक से नहीं हो रही है। पानी समय पर नहीं आने से हमें बाहर से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। दक्षिणी दिल्ली में जंगपुरा एक्सटेंशन और कड़कड़डूमा में भी भारी परेशानी खड़ी हो गई है।



दिल्ली के संजय कैंप चाणक्यपुरी में रविवार को जल बोर्ड के टैंकर आने का इंतजार करते लोग। इसी तरह का हाल अन्य कॉलोनियों का भी है। • सलमान अली

> चार-पांच दिन से पानी का संकट बढ़ गया है। कभी रात के समय तो कभी तड़के बामुश्किल आधे घंटे के लिए पानी की आपूर्ति मिल रही है।
>
> –हरीश शर्मा, हरदेवपुरी


> पानी की आपूर्ति की वजह से काम पर भी असर पड़ रहा है। हालत इतनी खराब है कि पीने का पानी भी समय से नसीब नहीं हो रहा है।
>
> –सविता, जंगपुरा एक्सटेंशन

### दिल्ली बेहाल : भाजपा

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर का कहना है कि दिल्ली सरकार अच्छे मानसून के बावजूद दिल्लीवासियों के लिए उचित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रही है। दिल्ली के लोग बेहाल हैं।

### 'हरियाणा जिम्मेदार'

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष विनय मिश्रा ने जल संकट का जिम्मेदार हरियाणा सरकार और भाजपा को बताया है। रविवार को उन्होंने सोनिया विहार जल उपचार संयंत्र का निरीक्षण करने के दौरान ये बात कही।






# सरोजिनी नगर धमाके के जख्म 19 साल बाद भी हरे



सरोजिनी नगर धमाके की 19वीं बरसी से पहले रविवार को बाजार में बैरिकेडिंग कर जांच करते सुरक्षाकर्मी। ● सलमान अली

**वेदना**

■ राजीव शर्मा

सरोजिनी नगर बाजार में वर्ष 2005 में हुए बम विस्फोट को 19 साल बीत गए। वक्त के साथ लोग घटना भूल गए हैं, लेकिन उन पीड़ित परिवारों के जख्म आज भी हरे हैं जिन्होंने बम धमाके में अपने माता-पिता, भाई, बहन और रिश्तेदारों को खोया था।

हादसे के कई पीड़ित अभी भी अपने या बच्चों के जीवन को पटरी पर लाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। हादसे के बाद भी बाजारों में सुविधाएं और जनता की सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से पर्याप्त इंतजाम नहीं किया जाना अभी भी उन्हें कचोटता है।

### मौत के मुंह में चले गए माता-पिता और भाई : मनीषा



दिलशाद गार्डन में रहने वाली मनीषा माइकल 29 अक्तूबर 2005 को कभी नहीं भूलतीं। बम धमाके में मनीषा के पिता माइकल, मां सुनीता माइकल और बड़े भाई एल्विन माइकल की जान चली गई थी। उस वक्त महज नौ साल की मनीषा अपने दादा-दादी के साथ घर पर थी। सफदरजंग अस्पताल से एक फोन कॉल आते ही मानों उनकी दुनिया उजड़ गई। फोन 82 फीसदी जल चुकी उनकी मां सुनीता माइकल ने उन्हें घटना की जानकारी देने के लिए कराया था। बाद में पता चला कि पिता और भाई की भी मौत हो चुकी है। मनीषा के आसमान में उड़ान भरने के सपने चकनाचूर हो गए थे, लेकिन दादा-दादी बच्ची सहारा बने। माता-पिता जैसे दुलार के साथ ही उनकी परवरिश और पढ़ाई पूरी कराने का भी जिम्मा उठाया। मनीषा अब होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई पूरी कर बीपीओ में नौकरी करती हैं।

### जीवनभर का गम दे गया धमाका : पोद्दार

सुप्रीम कोर्ट के कार्यालय में काम करने वाले विनोद पोद्दार के लिए भी 29 अक्तूबर 2005 का दिन जिंदगी का काला दिन बन चुका है। सरोजिनी नगर बम विस्फोट में विनोद ने भी अपने सात साल के बेटे को खो दिया था, जबकि 12 साल की बेटी बुरी तरह जख्मी हो गई थी। बेटा-बेटी के साथ बाजार में शॉपिंग करने गए विनोद पोद्दार को आभास भी नहीं था कि परिवार की हंसी-खुशी जीवनभर के दर्द में तब्दील हो जाएगी। हादसे में उन्होंने अपना दायां पैर खो दिया था।

### फोन न आता तो चली जाती जान : रंधावा



सरोजिनी नगर मिनी मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रंधावा बम विस्फोट के चश्मदीद गवाह हैं। अशोक बताते हैं कि जिस जूस की दुकान के बाहर बम विस्फोट हुआ था, हादसे से पांच मिनट पहले वे भी वहीं पर खड़े थे। अचानक फोन आने वहां से चले गए। करीब 15 से 20 मीटर दूर जाते ही धमाके से बाजार दहल गया।

**फिर 29 अक्तूबर को धनतेरस**

19 साल बाद फिर ऐसा मौका है कि 29 अक्तूबर को धनतेरस का त्योहार है। 2005 में बम हादसे के दिन भी 29 अक्तूबर को ही धनतेरस था। ऐसे में इस बार बाजार में खास एहतियात बरते जा रहे हैं। बाजार एसोसिएशन का कहना है कि धनतेरस के दिन बम विस्फोट में जान गंवाने वालों को सरोजिनी नगर मार्केट में श्रद्धांजलि दी जाएगी। हालांकि, इस बार 29 अक्तूबर को धनतेरस होने और बाजार में भीड़ ज्यादा रहने की वजह से हवन का कार्यक्रम नहीं किया जाएगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पीड़ितों या उनके परिवारों के सदस्यों को भी बुलाया जाएगा।

---

पूर्व मुख्यमंत्री ने वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा के दौरान लोगों से कई वादे किए

# चुनाव बाद बिजली के बढ़े हुए बिल माफ करूंगा : केजरीवाल

**दावा**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की तरफ से पानी के बढ़े हुए बिल आने की शिकायत मिल रही हैं। ऐसे लोग अभी पानी के बिल न भरें। चुनाव जीतने के बाद वह बढ़े हुए पानी के बिलों को माफ करेंगे।

केजरीवाल ने बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों, दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों से मुलाकात की। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने 10 साल पूरी ईमानदारी से काम किया है। पूरे देश में कहीं इतने काम नहीं हुए, जितने दिल्ली में हुए हैं। सभी को मुफ्त बिजली, अच्छी शिक्षा और इलाज मिल रहा है, लेकिन भाजपा के नेता कहते हैं कि दिल्ली की जनता को कुछ भी मुफ्त नहीं देना चाहिए।

केजरीवाल ने कहा कि 2015 में आप की सरकार बनने से पहले रोज 10-10 घंटे के पावर कट लगते थे। पूरी रात बिजली नहीं रहती थी। लोगों को जनरेटर और इनवर्टर खरीदने पड़ते थे। आज दिल्ली में किसी के घर इनवर्टर या जनरेटर नहीं है। लोगों को 24 घंटे बिजली मिलती है। उन्होंने कहा कि 22 राज्यों में भाजपा की सरकार है, लेकिन एक भी राज्य बता दो जहां 24 घंटे बिजली आती हो। अगर लोगों ने गलती से भाजपा को वोट दे दिया तो एक बार फिर 10-10 घंटे के पावर कट लगेंगे। बड़ी मुश्किल से दिल्ली ठीक हुई है। पूरे देश में दिल्ली को छोड़कर कहीं भी जीरो बिजली बिल नहीं आता। यूपी, गुजरात और बिहार में बहुत महंगी बिजली मिल रही है।

**गरीबों के बच्चों को बनाया डॉक्टर-इंजीनियर :** केजरीवाल रविवार को दक्षिणी दिल्ली में आयोजित श्री नगर सेन बाबा की विशाल शोभायात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बाबा नगर सेन ने इंसान की समानता और बच्चों की शिक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया था। आप सरकार ने गरीब के बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, आईएएस, आईपीएस आदि बनाने के लिए मुख्यमंत्री भीम योजना के तहत मुफ्त कोचिंग दिलवा रही है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों को इतना शानदार बना दिया है कि अब अमीर लोग भी अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल से निकालकर सरकारी में दाखिले कराने लगे हैं।


वजीरपुर में रविवार को अरविंद केजरीवाल का स्वागत करते लोग। ● एजेंसी

### किसी भी गरीब की झुग्गी नहीं टूटने देंगे : सिसोदिया

नई दिल्ली, प्र.सं.। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया रविवार को गांधीनगर की झुग्गी-बस्तियों में लोगों से मिलने पहुंचे। वहां लोगों ने उन्हें बताया कि बीते 15 दिन में सैकड़ों झुग्गियों को तोड़ने के लिए नोटिस भेजे गए हैं। इसके बाद सिसोदिया ने ऐसे परिवारों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिया कि किसी भी हालत में अरविंद केजरीवाल इन झुग्गियों को टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों को बेघर कर रही है।

### सब्सिडी योजनाओं को लेकर डरा रहे पूर्व सीएम : सचदेवा

नई दिल्ली, प्र.सं.। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को कहा है कि आप के नेता अरविंद केजरीवाल यह समझ चुके हैं कि उनका दिल्ली की जनता से संपर्क टूट चुका है। 2025 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी सरकार बनाने जा रही है। इसलिए वह हर दिन लोगों में यह डर फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि बीजेपी सब्सिडी योजनाओं को खत्म कर देगी। दिल्ली की जनता जानती है कि देशभर में बीजेपी की सरकारें सामाजिक कल्याण के लिए सब्सिडी प्रदान कर रही है।

### मनीष दे रहे भ्रामक जानकारी: भाजपा

झुग्गी तोड़ने के नोटिस को लेकर दिए गए मनीष सिसोदिया के बयान पर दिल्ली भाजपा ने पलटवार किया है। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली ने संयुक्त बयान में कहा है कि गांधी नगर क्षेत्र में झुग्गी वालों को मिले नोटिस दिल्ली सरकार की लापरवाही की वजह से है। इसे लेकर मनीष सिसोदिया का बयान भ्रामक है और वह इसकी कड़ी निंदा करते हैं।

---

# थप्पड़ का बदला लेने के लिए नाबालिग की हत्या

**आपा खोती दिल्ली**

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। थप्पड़ का बदला लेने के लिए किशनगढ़ गांव में शनिवार देर रात पांच आरोपियों ने एक नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। आरोपियों ने नाबालिग पर आधा दर्जन से ज्यादा वार किए। इस दौरान उसे बचाने आए दोस्त को भी आरोपियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। दूसरा युवक आईसीयू में भर्ती है। पकड़े गए आरोपियों में 38 वर्षीय संजय महलावत और चार नाबालिग शामिल हैं।

पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 16 वर्षीय यश उर्फ भोला अपने परिवार के साथ महरौली वार्ड नम्बर-2 में रहता था, जबकि घायल 18 वर्षीय सौरभ यादव अपने परिवार के साथ मसूदपुर गांव में रहता है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 26 अक्तूबर की शाम करीब 5.45 बजे पुलिस को सूचना मिली कि किशनगढ़ गांव स्थित गौशाला के पास दो युवकों पर चाकू से हमला किया गया है। एक युवक को गोली भी लगी है।

पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, यहां पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में पता चला कि डॉक्टरों ने यश को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूछताछ में सौरभ ने बताया कि वह किशनगढ़ में अपनी नानी के घर आया था। इस दौरान वह यश से मिलने के लिए चला गया। यश और सौरभ अपने अन्य दोस्तों के साथ गांव की गौशाला के पास पहुंचे। सौरभ ने बताया कि तभी तीन लड़के आए और उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। सौरभ की कमर में गोली लगी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गए। इस बीच उनके नाबालिग दोस्त भागने लगे तो आरोपियों ने उनका पीछा कर यश को पकड़ लिया। फिर उस पर एक के बाद एक आधा दर्जन बार चाकू से वार किए।

### स्कूटी में पेट्रोल डलवाने के लिए निकला था यश

यश की मां कविता ने बताया कि शनिवार शाम को वह अपने चाचा बिट्टू की स्कूटी लेकर निकला था। पूछने पर उसने कहा था कि गाड़ी में पेट्रोल डलवा कर कुछ देर में वापस आ जाएगा। यश की बुआ निशा का कहना है कि घर से बाहर जाते समय यश के पास उसके दोस्तों का कॉल आया था। उसके दोस्त बोल रहे थे कि गाय को चारा देने के लिए गौशाला चलते हैं।

### संजय महलावत ने साजिश रची थी

पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि यश और आरोपियों में शामिल एक नाबालिग का झगड़ा हुआ था। इस झगड़े में यश ने नाबालिग आरोपी को थप्पड़ मारा था। नाबालिग ने थप्पड़ मारने की बात संजय महलावत को बताई। इस पर संजय महलावत ने यश को सबक सिखाने के लिए भड़काया और उसकी हत्या की साजिश रची।

---

**शहर 30s**

### ट्रॉली से बैठा बच्चा पहिये के नीचे आया

नई दिल्ली। राजधानी के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में रविवार सुबह ईंट से लदे ट्रैक्टर ट्रॉली पर बैठकर जा रहे 10 वर्षीय बच्चा नीचे गिर गया और ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गया। इससे बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हादसे में मारे गए बच्चे की पहचान सचिन के रूप में हुई है।

### क्राइम ब्रांच ने 10 नाबालिगों को ढूंढ निकाला

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पिछले तीन दिनों में 10 नाबालिग लड़के, लड़कियों को बरामद किया है। बरामद किए गए ये नाबालिग राजधानी के अलग-अलग इलाकों से गायब हुए थे। इसमें से भलस्वा डेयरी इलाके से गायब 16 वर्षीय बच्ची को पुलिस ने यूपी के हरदोई स्थित अतिया गांव से बरामद किया है, जबकि जहांगीरपुरी से लापता दो नाबालिग लड़कियों को दिल्ली से ही बरामद किया गया। नरेला इलाके से लापता लड़की को सोनीपत से बरामद किया गया।

### डॉक्टर पर महिला से दुष्कर्म का आरोप

नई दिल्ली। बाबा हरिदास नगर इलाके में एक डॉक्टर पर महिला के साथ उपचार के दौरान दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू कर दी है। महिला का आरोप है कि डॉक्टर ने उसे दो इंजेक्शन दिए थे। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया है। पीड़ित को 24 अक्तूबर को सर्दी-जुकाम होने की वजह से उपचार के लिए एक आयुर्वेदिक डॉक्टर के पास गई।

### मार्शलों ने चार माह की नौकरी से इनकार किया

नई दिल्ली। चार महीने की अस्थायी नौकरी करने से बस मार्शलों ने इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि चार महीने की नौकरी के लिए उन्होंने यह संघर्ष नहीं किया था। उन्हें स्थायी नौकरी चाहिए। इस मांग को लेकर उनका एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मुख्यमंत्री से मिलने की तैयारी कर रहा है। बस मार्शलों का कहना है कि एक साल से आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच 10792 लोग फुटबॉल बने हुए हैं। दिल्ली सरकार ने उन्हें स्थायी नौकरी देने का वादा किया था।

### बिजली का पैनल बॉक्स गिरने से प्लंबर की मौत

नई दिल्ली। न्यू उस्मानपुर में शुक्रवार को बिजली का पैनल बॉक्स गिरने से एक प्लंबर की मौत हो गई। मृतक की पहचान 31 वर्षीय दिलशाद के रूप में हुई है। प्लंबर अस्पताल के स्टाफ क्वार्टर में काम कर रहा था। मृतक के साथी आदिल ने बताया कि शुक्रवार सुबह दिलशाद क्वार्टर के नीचे खड़ा था। तभी उसके ऊपर बिजली का पैनल बॉक्स गिर गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### डाबरी इलाके में अधेड़ की संदिग्ध हालात में मौत

नई दिल्ली। डाबरी के महावीर एनक्लेव इलाके में 50 वर्षीय राजेश की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक का शव उसके घर में सोफे पर मिला है। दोपहर बाद घर लौटे रोहित ने पिता को बेसुध हालत में देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी है। मौके पर पहुंची डाबरी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

निम्न कार्य के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेल्वे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए E-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या : SnT_RTM_W_24_16_Signal, दिनांक : 23.10.24. कार्य का नाम:** उज्जैन यार्ड में एमएसडीएसी प्रदान करके ट्रैक सर्किट का सुदृढ़ीकरण के संबंध S&T सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **बोली / निविदा प्रकार और प्रणाली:** सामान्य ओपन ई-टेंडर, सिंगल पैकेट सिस्टम (IREPS पोर्टल)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹6,16,13,542.79/-. **बयाना राशि:** ₹ 4,58,100/-. **निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य। **बोली पूर्व सम्मेलन:** शून्य। **बोली शुरू होने की तारीख:** अंतिम तिथि से 15 दिन पहले। **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 14.11.2024 समय 15.00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 14.11.2024 समय 15.30 बजे के बाद। **वैधता:** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 6 माह। **JV अनुमति:** अनुमति नहीं है। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** डिप्टी सीएसटीई वर्क्स रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म. प्र. निविदा सिर्फ अनलाइन ई-निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा व जमा किया जा सकता है।

कृते मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) कार्य
DE/6/1/277 पश्चिम रेल्वे रतलाम
हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

# जामिया नगर के एसएचओ और कांस्टेबल को पीटा

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। गश्त पर निकले जामिया नगर एसएचओ और एक अन्य पुलिसकर्मी को जांच के लिए रोकने और कार्रवाई करने पर एक बाइक सवार पिता-पुत्र ने पीट दिया। इसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। मामला 26 अक्तूबर की रात बटला हाउस इलाके का है। जामिया नगर थाना पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त रवि कुमार ने बताया कि इंस्पेक्टर नरपाल सिंह जामिया नगर थाने में एसएचओ हैं। 26 अक्तूबर की रात 8.45 बजे वह अपनी टीम के साथ इलाके में गश्त के लिए निकले थे। गश्त के दौरान पुलिस टीम जामिया नगर के बटला हाउस पहुंची। यहां पुलिसकर्मियों ने देखा कि कब्रिस्तान चौक से जाकिर नगर मार्केट की ओर जा रही एक बुलेट तेज आवाज कर रही है। इंस्पेक्टर नरपाल सिंह ने पुलिसकर्मियों को जांच के लिए चालक को रोकने और निरीक्षण के लिए कहा। पुलिसकर्मियों ने चालक को रोका और निरीक्षण किया। जांच में पुष्टि हुई कि साइलेंसर अवैध रूप से संशोधित किया गया था। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने एसएचओ के निर्देश पर बाइक सवार 24 वर्षीय आसिफ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान बाइक चालक ने अपने पिता को फोन कर मौके पर बुला लिया। पिता-पुत्र ने जबरदस्ती पुलिसकर्मियों से बुलेट छीनने का प्रयास किया।

### बदसुलूकी करने से मना किया था

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि एसएचओ नरपाल सिंह पिता-पुत्र को रोकने के लिए पहुंचे और उन्होंने दोनों से पुलिसकर्मियों के साथ बदसुलूकी करने से मना किया तो उन्होंने हाथापाई शुरू कर दी। आसिफ के पिता ने एसएचओ को पकड़ लिया और आसिफ ने उनकी आंख के पास मुक्का मारा, जिससे उन्हें चोट आई। इसी दौरान आरोपियों ने कांस्टेबल रामकेश के साथ भी मारपीट की और उसे भी घायल कर दिया।

# राजस्थान से छह साइबर ठग दबोचे

नई दिल्ली, व.सं.। द्वारका जिला साइबर थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर अलग-अलग तरीके से ठगी करने वाले छह आरोपियों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी कंपनी में निवेश, लंबित बिजली बिल को ठीक करने और पार्ट टाइम नौकरी देने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी को अंजाम दे चुके हैं। आरोपियों में बिपुल, श्रवण, अवधेश उदयवाल, मुकेश कुमार, देवेंद्र सिंह और भूपेंद्र शामिल हैं।

# दौड़ के चलते 29 को यातायात प्रभावित रहेगा

**ट्रैफिक अपडेट**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। 29 अक्तूबर को सरदार वल्लभबाई पटेल के जन्मदिवस पर राजधानी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इसमें लगभग 7700 लोगों के शामिल होने की संभावना है।

मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से शुरू होने वाली यह दौड़ इंडिया गेट स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर संपन्न होगी। इसके चलते नई दिल्ली के कुछ इलाकों में गुरुवार सुबह यातायात प्रभावित रह सकता है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, यह दौड़ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम के गेट संख्या 1 से सुबह 7.41 बजे शुरू होकर सी-हेक्सागन, शाहजहां रोड होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति तक जाएगी। इसके चलते तिलक मार्ग-भगवान दास रोड क्रॉसिंग, पुराना किला रोड-मथुरा रोड क्रॉसिंग, शेरशाह रोड-मथुरा रोड क्रॉसिंग, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग-सुब्रमण्यम भारती क्रॉसिंग, पंडारा रोड-सुब्रमण्यम भारती क्रॉसिंग, क्यू पाइंट, मानसिंह रोड, जसवंत सिंह रोड, केजी मार्ग-फिरोजशाह रोड क्रॉसिंग और मंडी हाउस पर यातायात डायवर्ट किया जाएगा। इस दौरान मान सिंह रोड-जनपथ और रफी मार्ग पर राजपथ पार किया जा सकेगा।

### दक्षिण से उत्तर जाने के लिए रास्ते

- रिंग रोड, सराय काले खां, आईपी फ्लाईओवर, राजघाट, लाला लाजपत राय मार्ग, मथुरा रोड, डब्ल्यू पाइंट, अरबिंदो मार्ग, कमाल अतातुर्क मार्ग, कौटिल्य मार्ग, सरदार पटेल मार्ग, मदर टेरेसा क्रिसेंट, राम मनोहर लोहिया अस्पताल
- अरबिंदो मार्ग, पृथ्वीराज चौक, जनपथ, रफी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन होते हुए मिंटो रोड के रास्ते जा सकेंगे

# गोकलपुरी इलाके में नाले में गिरने से बच्चे की मौत

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। उत्तर पूर्वी जिले के गोकलपुरी इलाके में गुरुवार को फुटपाथ पर जा रहे सात वर्षीय मासूम की नाले में गिरने से मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मासूम के नाले में गिरने की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। 24 अक्तूबर को इंदिरा विहार स्थित चमन पार्क निवासी व्यक्ति ने बेटे के लापता होने की शिकायत दी। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। रविवार को मासूम का शव मुस्तफाबाद दिल्ली के पास नाले में मिला। घटनास्थल पर लगे कैमरे की फुटेज खंगालने पर पुलिस को पता चला कि 23 अक्टूबर शाम करीब 5:53 बजे बच्चा फुटपाथ पर चलते हुए नाले में गिर गया था। फिलहाल, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# बुजुर्ग ने बच्ची से घिनौनी हरकत की

**शर्मनाक**

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। विवेक विहार इलाके में शुक्रवार को 60 वर्षीय बुजुर्ग ने पांच वर्षीय एक मासूम बच्ची के साथ घिनौनी हरकत को अंजाम दिया।

मामले में बच्ची के पिता की शिकायत और इससे संबंधित एक वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अविनीश कुमार शर्मा के रूप में हुई है। वह अविवाहित है और अपने भतीजों के साथ रहता है। आरोपी की अश्लील हरकत का मोहल्ले के एक लड़के ने वीडियो बना लिया और बच्ची के पिता को दिखा दिया। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। बच्ची घर के पास मौजूद पार्क में खेलने गई थी।

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि शुक्रवार को विवेक विहार थाने में पांच वर्षीय बच्ची के साथ यौन शोषण की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस ने शिकायतकर्ता से मुलाकात की और उनका बयान लेकर मामले की जांच शुरू की। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को जब वह कार्यालय का काम खत्म करने के बाद घर लौटे तो उनके घर के पास मोहल्ले के काफी लोगों की भीड़ लगी थी। लोगों से मामले के बारे में पूछताछ करने पर मोहल्ले में रहने वाले एक लड़के ने शिकायतकर्ता को एक वीडियो दिखाया। वीडियो देखकर पिता के होश उड़ गए। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

हिन्दुस्तान

के साथ विज्ञापन करें और बनाएं अपने ब्रांड को प्रभावशाली

डिस्पले विज्ञापन | क्लासीफाइड विज्ञापन

प्रोपर्टी | नियुक्तियाँ
मैट्रिमोनियल | रिटेल
शोक संदेश | व्यवसाय
शिक्षा | ऑटोमोबाइल

विज्ञापन करने के लिए संपर्क करें:
1800-103-1800
सभी दिन प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक
राष्ट्रीय अवकाश के अलावा
*शर्तें लागू

गुमशुदा की तलाश


सर्वेश मणि त्रिपाठी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष (फोटो में दिखाया गया है) जिसका **नामः सर्वेश मणि त्रिपाठी पुत्र** उमेश मणि, **निवासीः** मकान नं. 712, मारुति चौक, घिटोरानी, नई दिल्ली, **उम्रः** 42 वर्ष, जो कि अपने घर से 22.10.2024 को प्रातः 9.30 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **डीडी नं0 124ए, दिनांक 25.10.2024,** के तहत **पुलिस स्टेशन वसंत कुंज दक्षिण, नई दिल्ली,** में पंजीकृत किया गया है। पुरूष का शारीरिक विवरण इस प्रकार है :

**लिंगः** पुरूष, **रंगः** साफ, **कदः** 5'9'', **पहनावाः** हरी कमीज़, हल्के हरे रंग की पैंट पहने हुए हैं।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता पुरूष के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन वसंत कुंज दक्षिण,
नई दिल्ली, फोनः 7011154382

वेबसाइटः https://cbi.nic.in
DP/14317/SW/2024

**अदालत से** | ग्रामीणों की दलील, पारिवारिक समारोह के लिए मजबूरन महंगे फार्म हाउस को किराए पर लेना पड़ रहा

# सामुदायिक भवन का तत्काल निर्माण हो: हाईकोर्ट

■ हेमलता कौशिक

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण आदेश के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण( डीडीए) को निर्देश दिया है कि असोला गांव में ग्राम सभा की जमीन पर तत्काल कब्जा लें और सामुदायिक भवन का निर्माण कराए।

उच्च न्यायालय ने ग्रामीणों की इस दलील को गंभीरता से लिया कि यहां के मजदूर, किसान और कम आय वर्ग के लोगों को अपने पारिवारिक समारोह के लिए मजबूरन महंगे फार्म हाउस को किराए पर लेना पड़ता है। असोला गांव के निवासियों की तरफ से ऋषिपाल उर्फ ऋषिपाल महाशय ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि यह विचारणीय विषय है कि जब गांव के भीतर सामुदायिक भवन बनाने के लिए ग्राम सभा की जमीन उपलब्ध है तो उसका इस्तेमाल करने के लिए यहां के निवासियों को डीडीए के समक्ष गिड़गिड़ाना क्यों पड़ रहा है। इस पर कब्जा लेने में डीडीए को क्या दिक्कत है। वहीं, दिल्ली सरकार की तरफ से भी कहा गया कि संबंधित जमीन पर कब्जा देने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। डीडीए सीधे इस जमीन पर कब्जा ले सकता था। डीडीए की तरफ से कहा गया कि उन्हें गांव के लोगों की तरफ से कई बार पत्र मिले, लेकिन इस जमीन पर कब्जे के लिए अनुमति की जरूरत थी, जोकि नहीं मिली थी। पीठ ने कहा कि अब जबकि अदालत में यह स्पष्ट हो गया है कि इस जमीन पर डीडीए द्वारा कब्जा लिए जाने पर किसी को आपत्ति नहीं है तो इस कार्य में देरी नहीं की जानी चाहिए।



### सरकार ने कहा- कई पत्र जारी किए

इस मामले की सुनवाई के दौरान साकेत स्थित सब डिवीजन कार्यालय की तरफ से उच्च न्यायालय को बताया गया कि उन्होंने असोला गांव की संबंधित जमीन पर कब्जा देने के लिए दो अप्रैल, पांच अप्रैल और 13 अप्रैल 2022 को डीडीए को पत्र लिखा। हर बार दिल्ली सरकार के अधिकारी मौजूदा जगह पर पहुंचे, परंतु डीडीए की तरफ से कोई वहां नहीं आया।

### ग्रेटर नोएडा में भी फ्लैट खरीदारों के हक में बड़ा फैसला, समझौते का पंजीकरण होगा

# बिल्डरों की मनमानी पर रोक लगेगी

**बोर्ड बैठक**

**ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता।** यमुना और नोएडा के बाद अब ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी फ्लैट खरीदारों के हक में बड़ा फैसला लिया है। बिल्डर और खरीदार के बीच होने वाले एग्रीमेंट टू सेल (ब्रिकी समझौता) को पंजीकृत कराना अनिवार्य होगा। बिल्डर मनमानी नहीं कर सकेंगे। खरीदार के पास एक महत्वपूर्ण कानूनी दस्तावेज होगा।

यह निर्णय रविवार को प्राधिकरण की 136वीं बोर्ड बैठक में लिया गया। इसका फायदा नई परियोजनाओं में फ्लैट बुक करने वाले खरीदारों को होगा। प्रदेश के मुख्य सचिव और प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में 28 प्रस्ताव रखे गए। आवंटियों के हित में कई अन्य निर्णय लिए गए हैं।

प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने बताया कि फ्लैट की कुल कीमत का 10 फीसदी भुगतान करने पर बिल्डर और खरीदार के बीच होने वाले समझौते को पंजीकृत कराने की अनुमति देने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। बोर्ड ने इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। एग्रीमेंट टू सेल के समय ही खरीदार को स्टांप ड्यूटी का पूरा भुगतान करना होगा। बाद में फ्लैट पर कब्जा मिलते ही 100 रुपये के स्टांप पर रजिस्ट्री हो जाएगी। लीगल डॉक्यूमेंट होने की वजह से बिल्डर गड़बड़ी भी नहीं कर पाएगा। साथ ही रजिस्ट्री विभाग को स्टांप ड्यूटी भी समय से मिल जाएगी।

#### प्राधिकरण के नए फैसले को इस तरह समझें

अगर किसी खरीदार ने बिल्डर परियोजना में एक करोड़ रुपये का फ्लैट खरीदा और बुकिंग के समय बिल्डर को 10 फीसदी राशि के रूप में 10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद बिल्डर और खरीदार के बीच एग्रीमेंट टू सेल होगा। फ्लैट की कीमत 1 करोड़ रुपये के हिसाब से पांच फीसदी स्टांप शुल्क यानी 5 लाख रुपये देने होंगे। इसके अलावा एक फीसदी राशि यानी एक लाख रुपये पंजीकरण राशि के रूप में देने होंगे। बता दें कि अभी फ्लैट खरीदने के बाद खरीदार और बिल्डर के बीच 100 रुपये के स्टांप पेपर पर अनुबंध होता है। इसको निबंधन विभाग में भी पंजीकृत नहीं कराया जाता है।

## 655 खरीदारों को मालिकाना हक मिलेगा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने सीनियर सिटीजन सोसाइटी में घर खरीदने वाले मूल आवंटियों के अलावा पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर फ्लैट खरीदारों को भी बड़ी राहत दी है। अब ऐसे खरीदारों के नाम भी फ्लैट की रजिस्ट्री हो सकेगी। सोसाइटी में कुल 845 फ्लैट हैं, जिनमें से 190 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है।

बता दें कि शहर के सेक्टर पी-4, बिल्डर्स एरिया में 1997 में सीनियर सिटीजन सोसाइटी के नाम भूखंड आवंटित किया गया था। विवादों के चलते इसके सदस्यों के पक्ष में लीज डीड नहीं हो पाई।

## माफिया सुंदर भाटी का भतीजा रिहा

**नोएडा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बड़े गैंगस्टरों में से एक सुंदर भाटी की रिहाई के 72 घंटे के भीतर भतीजा अनिल भाटी भी आंबेडकर नगर जेल से बाहर आ गया है। रविवार को अनिल भाटी के जिले में पहुंचने की भी जानकारी मिली है।

जिले की पुलिस ने उसपर 25 हजार रुपये का इनाम रखा था। उसके खिलाफ दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग थानों में 18 केस दर्ज हैं। दोनों की रिहाई का आधार सुंदर भाटी की बेटी शादी बनी है। अगस्त तक रवि काना और अनिल भाटी लुकसर जेल में बंद थे।

# एफएनजी एक्सप्रेसवे का सर्वे पूरा

**प्रोजेक्ट अपडेट**

**फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** स्मार्ट सिटी से नोएडा, गाजियाबाद सफर करने वालों के लिए राहत की खबर है। लोक निर्माण विभाग की ओर से फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद (एफएनजी) एक्सप्रेसवे की परियोजना के सर्वे के कार्य को पूरा कर लिया गया है। नई डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) में तीन अलांइमेंट (मार्ग) तैयार किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग मुख्यालय द्वारा मंजूरी देने पर एक पर काम शुरू करेगा।

विभाग की ओर से दीवाली बाद डीपीआर मुख्यालय भेजी जाएगी। इससे दिल्ली के रास्ते गाजियाबाद-नोएडा और फरीदाबाद के बीच आवाजाही करने वालों को जाम से छुटकारा मिलेगा।

#### ये हैं प्रस्तावित मार्ग

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार, एफएनजी एक्सप्रेसवे की शुरुआत ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-88 स्थित निजी अस्पताल के पास से होगी। ये खेड़ीकलां से लालपुर गांव में यमुना किनारे पहुंचेगा, जहां इसे पुल के जरिए नोएडा में मंगरोली के साथ जोड़ा जाएगा। इनमें से एक मार्ग को मंजूरी देकर एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा।

“एफएनजी का सर्वे पूरा हो गया है। कंसल्टेंट एजेंसी की तरफ से तैयार की गई डीपीआर में तीन मार्गों को चिह्नित किया गया है। इसकी फाइल जल्द सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजी जाएगी।

**-प्रदीप संधू,** कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

## गाजियाबाद में दीवाली बाद बहुमंजिला पार्किंग शुरू होगी

**गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** नए बस अड्डे के पास बनाई मल्टीलेवल पार्किंग का ठेका नगर निगम ने पांच साल के लिए छोड़ दिया है। यह पार्किंग दिवाली बाद शुरू हो जाएगी। इसमें 519 वाहन खड़े किए जा सकेंगे।

पार्किंग का निर्माण जल निगम ने कराया है। बेसमेंट, भूतल और तीन मंजिला पर 223 दोपहिया और 196 चार पहिया वाहन खड़े किए जाएंगे। पार्किंग बनाने पर करीब 40 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। नवंबर के पहले सप्ताह में पार्किंग शुरू होने से सबसे ज्यादा राहत नौकरीपेशा लोगों को मिलेगी। नए बस अड्डे के पास बनाई पार्किंग में लोग वाहन खड़ा करने के बाद मेट्रो और नमो भारत ट्रेन से जा सकेंगे। यह दोनों स्टेशन पार्किंग के पास ही है।


भारत सरकार
**केन्द्रीय मनशिचकित्सा संस्थान**
कॉंके, रांची-834006, झारखण्ड

**सूचना**

निदेशक, केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान, राँची, कार्यकाल के आधार पर (on tenure basis) तीन वर्षों तक की अवधि के लिए निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित करते हैं। चयन दिनांक **26.11.2024 को 11.00 A.M.** संस्थान परिसर में होने वाले लिखित परीक्षा एवं विभागीय मूल्यांकन के माध्यम से किया जाएगा। रिक्त पदों का विवरण इस प्रकार है। पदों की संख्या भिन्न हो सकती है।

**नैदानिक मनोविज्ञान शिक्षक-02 पद** (अनु.जाति (SC)-01, अनु.जनजाति (ST)-01)

इच्छुक उम्मीदवार **26.11.2024 को सुबह 11.00 बजे** होने वाले लिखित परीक्षा एवं विभागीय मूल्यांकन के लिए आवेदन निर्धारित फॉर्मेट में अपनी हाल ही में खींची गई फोटो, योग्यता, अनुभव, जाति इत्यादि से संबंधित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ डाक द्वारा/हाथो हाथ या संस्थान के E-mail ID: **director@cipranchi.nic.in** पर भेज सकते हैं ताकि दिनांक **23.11.2024** तक आवेदन संस्थान में प्राप्त हो सके। उसके बाद के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत जानकारी संस्थान के वेबसाइट **www.cipranchi.nic.in** पर उपलब्ध है।

ह०/- निदेशक



Johnson's® — कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

इस त्योहारी सीजन में, नवजात शिशु के प्रति प्यार और दुलार व्यक्त करने वाले गिफ्ट्स के साथ नई शुरुआत की खुशियां मनाएं। जॉनसन्स बेबी गिफ्ट सेट नवजात शिशु के लिए उपयुक्त है जो साइंटिफिक रिसर्च पर आधारित है और शिशु की बेहतर देखभाल का वादा करता है।





## जॉनसन्स बेबी गिफ्ट सेट के साथ मनाएं खुशियों भरा त्योहार

Best पहले पल से

**आशीर्वाद और खुशियों का उपहार**

त्योहारों का मौसम उत्सव, खुशी और प्यार से भरा होता है। ऐसे मे त्योहार और खास हो जाता है जब कोई परिवार अपने घर मे न्यूबॉर्न बेबी केआगमन के साथ नई खुशियों का स्वागत कर रहा होता है।

इस खास अवसर पर आपको अपने प्रियजनों के प्रति उपहारों के माध्यम से देखभाल और स्नेह व्यक्त करने का भी सही मौका मिलता है। यदि आप इस त्योहारी सीजन में सबसे बेहतरीन तोहफे की तलाश में हैं, खासकर उन परिवारों के लिए जो नए मेहमान का स्वागत कर रहे हैं, तो जॉनसन्स बेबी गिफ्ट सेट एक उपयुक्त विकल्प है। यह प्यार, देखभाल और विज्ञान का अनोखा मेल है।

**नवजात शिशु के लिए सही गिफ्ट चुनना क्यों मायने रखता है?**

नवजात शिशु की त्वचा काफी नाजुक और संवेदनशील होती है। यह वयस्कों की त्वचा की तुलना में *30% तक पतली होती है, जिससे इसमें सूखापन, जलन और संवेदनशीलता होने का खतरा होता है। इसलिए, नवजात शिशु के लिए गिफ्ट चुनते समय, ऐसे उत्पादों को प्राथमिकता देना आवश्यक है जो न केवल सौम्य हो बल्कि रिसर्च द्वारा समर्थित भी हों।

**जॉनसन्स बेबी गिफ्ट सेट क्यों है खास?**

जॉनसन्स बेबी, शिशु त्वचा देखभाल में अग्रणी है जिसपर दुनिया भर में माता-पिता और डॉक्टर्स भरोसा करते हैं। सुरक्षा और अनुसंधान के उच्चतम मानकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ, जॉनसन्स बेबी गिफ्ट सेट सिर्फ एक गिफ्ट ही नही बल्कि नवजात शिशु की देखभाल का एक संपूर्ण किट है।

जॉनसन्स बेबी के सभी उत्पादों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया है और इन्हें माइल्ड अवयवों से तैयार किया गया है जो पैराबेंस, सल्फेट्स और थैलेट्स से मुक्त है। नए जॉनसन्स बेबी गिफ्ट सेट की स्टाइलिश पैकेजिंग 4 वेरिएंट में उपलब्ध है,जिसमें पाउच और मैटरनिटी बैग शामिल हैं।

गिफ्ट देते समय इसके नेम टैग पर बेबी का नाम लिखा जा सकता है। साथ ही साथ माता-पिता अपने बेबी के लिए एक पर्सनलाइज्ड लोरी भी बना सकते हैं।

यह हल्का, टिकाऊ और वाटर प्रूफ है। यह काफी बड़ा भी है जिसमें माएं अपने बेबी के लिए दिन की सभी आवश्यक चीजें ले जा सकती हैं।

**बेहतर त्योहारी गिफ्ट**

इस त्योहारी सीजन में, ऐसा गिफ्ट चुनें जो देखभाल के साथ परंपरा को जोड़ता हो। जॉनसन्स बेबी गिफ्ट सेट नए माता-पिता या नवजात बेबी वाले परिवारों को उपहार देने के लिए एक आदर्श विकल्प है। उत्सव की खुशियों से भरपूर और सुरक्षा व पोषण में मदद करने के लिए डिजाइन किए गए उत्पादों से भरा यह उपहार प्यार और कोमलता के भावनाओं का सेलिब्रेशन है। आप अपनों को कोई आम उपहार न दें बल्कि ऐसा उपहार चुनें जो दर्शाता हो कि आप उनके नन्हे-मुन्नों की कितनी परवाह करते हैं। इस त्योहारी सीजन के लिए जॉनसन्स बेबी गिफ्ट सेट को अपना पसंदीदा उपहार बनाएं!

**जॉनसन्स बेबी गिफ्ट सेटः पहले दिन**से करे बेबी की सुरक्षा**

- प्रीमियम और बेहतर पैकेजिंगः ले जाने और स्टोर करने में आसान है।
- वाटर प्रूफ और साफ करने में आसान बैग।
- नेम टैग और लोरी के साथ उपलब्ध है।

*स्टैमाटास, जी, एट अल. 2, एस.एल.: पेडियाट्रिक डर्मेटोलॉजी, 2010, वोल. 27, पीपी. 125-131

** पहले उपयोग से

(अस्वीकरणः इस लेख में किए गए दावों की सत्यता की पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति /संस्थान की है)




कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

# नियमित जांच से स्तन कैंसर के जोखिम को कम किया जा सकता है : लॉर्ड्स मार्क



**स्तन कैंसर के खतरे को कम करना है तो अपने स्वास्थ्य का खास ध्यान रखें। समय-समय पर स्क्रीनिंग कराते रहें। इससे स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाया जा सकता है और इसके जोखिम को कम किया जा सकता है जिससे मृत्यु दर में कमी आ सकती है।**

स्तन कैंसर दुनिया भर में महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी चिंता का विषय है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार 2022 में वैश्विक स्तर पर 2.3 मिलियन महिलाओं में स्तन कैंसर का पता चला था और उनमें 670,000 मौतें हुई थी। दुनिया के हर देश में महिलाओं मे स्तन कैंसर युवा अवस्था के बाद किसी भी उम्र में हो सकता है लेकिन सबसे अधिक संभावना 50 वर्ष के बाद होती है। हालांकि, हाल ही में महिलाओं में 40 या उससे भी कम उम्र में स्तन कैंसर देखा गया है।

परंपरागत रूप से स्तन कैंसर का पता लगाने के लिए शारीरिक परीक्षण और गांठों या असामान्यताओं की जांच पर भरोसा किया जाता है। हालांकि इस प्रकिया मे जब तक गांठ महसूस होती है, तब तक बीमारी अपना रूप ले चुकी होती है। बीमारी ऐसी अवस्था में पहुंच चुकी होती है, जिससे उपचार के विकल्प सीमित हो जाते हैं। इन चरणों में कैंसर अक्सर आसपास के ऊतकों में फैल जाता है और मेटास्टेसिस (शरीर के अन्य भागों में फैल सकता है) हो सकता है, जिसके लिए मास्टेक्टॉमी या कीमोथेरेपी जैसे प्रभावी उपचार की आवश्यकता होती है। इसके इलाज में मोटे खर्च की जरूरत पड़ती है जिससे रोगी और उनके परिवार पर भावनात्मक और मानसिक प्रभाव पड़ता है।

हम सभी के लिए एक अच्छी खबर यह है कि प्रारंभिक जांच से शुरुआती चरणों में स्तन कैंसर की पहचान की जा सकती है और आक्रामक चिकित्सा प्रक्रियाओं के बीना भी यह संभव है। निवारक जीनोमिक्स में हाल ही में स्तन कैंसर की जांच के सबसे आसान तरीकों में से एक की खोज की है जिसमें पॉलीजेनिक जोखिम स्कोर परीक्षण महिलाओ को स्तन कैंसर के प्रति उनकी आनुवंशिक प्रवृत्ति की गणना करने के लिए उनके डीएनए का आकलन करने में सक्षम बनाता है, जो 18 साल की उम्र में ही संभव है। यह लार-आधारित परीक्षण घर पर या अस्पताल में आसानी से किया जा सकता है, जिसमें रक्त निकालने की आवश्यकता भी नही होती है। हमारा मानना है कि किसी के आनुवांशिक जोखिम को समझना स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में एक बेहतर कदम हो सकता है। स्क्रीनिंग के दौरान, जो महिलाएं अधिक जोखिम वाले जोन में पाई जाती हैं, वे अपने जोखिम कारकों को कम करने के लिए सक्रिय उपाय अपना सकती हैं। अपने स्तन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी होने से आपको अपने स्वास्थ्य के विषय में बेहतर निर्णय लेने में मदद मिल सकती है। उदाहरण के लिए जीवनशैली में बदलाव कर बीमारी की संभावनाओं को कम किया जा सकता है। महिलाएं स्वस्थ वजन, नियमित व्यायाम और शराब का सेवन सीमित कर इस जोखिम को कम कर सकती हैं। हालांकि, जैसे-जैसे महिलाओं की उम्र बढ़ती है, तो जोखिम का पता लगाने के लिए अधिक कठिन अदौर एडवांस जांच करना आवश्यक हो जाता है।

अक्टूबर महीने को स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में जाना जाता है। इस मौके पर हमारा लक्ष्य महिलाओं को उनके आनुवांशिक जोखिमों के बारे में जानकारी देकर सशक्त बनाना है, जिससे वे अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक हो सकें।

हम स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ा रहे हैं, इसलिए हमारा मानना है कि आनुवांशिक परीक्षण और शीघ्र जांच करना आवश्यक है। महिलाओं में जागरुकता और सक्रिय उपायों को बढ़ावा देकर, हम यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकते हैं कि महिलाओं को शुरुआती चरण में ही समस्या का पता चल जाए वे और इसके प्रति जागरुक हों। लॉर्ड्स मार्क में, स्तन कैंसर से लड़ने में हर महिला की सहायता के लिए नवीनतम उपकरण और सेवाएं उपलब्ध हैं, और हम स्तन कैंसर देखभाल के परिदृश्य को बदलने के लिए इन सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम सभी साथ मिलकर स्तन कैंसर की घटनाओं और प्रभाव को कम करके एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। हम इसके लिए जागरुकता फैलाने, शीघ्र इलाज को प्रोत्साहित करने और अंततः जीवन बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**स्तन कैंसर पर डब्ल्यूएचओ की राय-**
(https://www.who.int/news-room/fact-Sheets/detail/breast-cancer)

> स्तन कैंसर के लिए प्रिवेंटिव जेनेटिक टेस्टिंग लोगों को आनुवांशिक जोखिमों के बारे में जानकारी देकर उन्हें सतर्क करती है, जिससे व्यक्तिगत स्क्रीनिंग की रणनीति बनाने में मदद मिती है। टार्गेटिड स्क्रीनिंग के माध्यम से बीमारी का शीघ्र पता लगा कर मरीज को प्रभावी इलाज और बेहतर परिणाम मिल सकता है।
>
> **सुबोध गुप्ता, चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, लॉर्ड्स मार्क माइक्रोबायोटेक प्रा. लि.**

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें



झामुमो का आरोप, भाजपा से मिलकर चुनाव प्रभावित करने के प्रयास में आयोग

# झारखंड में चुनाव आयोग तक पहुंची दलों के दंगल की आंच

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। झारखंड विधानसभा चुनाव में दलों के बीच दंगल की आंच चुनाव आयोग तक पहुंच गई है। झामुमो ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का चुनाव प्रभावित करने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए झामुमो को कठघरे में खड़ा किया है।

झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मुख्य चुनाव आयुक्त को ई-मेल कर निष्पक्ष चुनाव के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी और दो आईपीएस अधिकारियों को चुनाव कार्य से हटाने की मांग की। उन्होंने कहा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, आईपीएस अधिकारी संजय आनंद लाटकर और एवी होमकर ने भाजपा के पक्ष में चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया। साथ ही आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव अधिकारी के साथ लाटकर और होमकर ने पद का दुरुपयोग कर गिरिडीह जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाया।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा, अपनी हार को देख झामुमो बहानों की श्रृंखला बना रही है। आदतन हर बात के लिए जांच एजेंसियों पर विपक्ष आरोप लगाता है। उन्होंने कहा, राज्य के मुख्य निर्वाची पदाधिकारी पर आरोप लगाना घटिया राजनीति है।


झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य रविवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए।

## प्रमंडलीय आयुक्त कर रहे मामले की जांच : के रवि


झामुमो के आरोपों पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि प्रमंडलीय आयुक्त की रिपोर्ट अभी तक नहीं आयी है। रिपोर्ट आने के बाद ही वह इस मामले में कुछ कह सकते हैं। सोमवार को आयोग की मीडिया ब्रीफिंग के दौरान वे वस्तुस्थिति स्पष्ट कर देंगे।

## इरफान को आदिवासी समाज जवाब देगा: सीता

जामताड़ा। विधायक सीता सोरेन ने कहा है कि मुझे जब से जामताड़ा विधानसभा सीट से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है, तब से मंत्री इरफान अंसारी मेरे खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। चुनाव में आदिवासी समाज उन्हें इसका जवाब देगा। सीता सोरेन ने कहा, इरफान ने मेरे खिलाफ जिस तरह की अमर्यादित टिप्पणी की है, वह अशोभनीय है। मैं उन्हें माफ नहीं कर सकती। आदिवासी समाज की महिलाएं भी मर्माहत हैं। उनको आदिवासी गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा।




## अगर ठेस पहुंची तो माफी मांगता हूं : इरफान

रांची। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी ने रविवार को पत्रकार वार्ता कर कहा कि मैंने भाजपा की उम्मीदवार सीता सोरेन को लेकर कोई अमर्यादित टिप्पणी नहीं की है। उन्होंने कहा कि फिर भी अगर उन्हें लगता है कि मेरी भावनाओं से उन्हें ठेस पहुंची है, तो मैं माफी मांगता हूं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि वह वीडियो क्रॉपिंग मास्टर है। मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही कहा, वे इस मामले को लेकर मानहानि का दावा भी करेंगे।



## जीतना चुनौतीपूर्ण, लेकिन नतीज अच्छे होंगे : हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि झारखंड चुनाव में भाजपा के लिए जीत हासिल करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन भाजपा को सत्ता में आने की पूरी उम्मीद है। झारखंड के लिए पार्टी के सह-प्रभारी सरमा ने कहा कि वह वहां चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा,'मैं यहां उपचुनावों पर नजर नहीं रख पा रहा हूं। मैं झारखंड में बहुत व्यस्त रहा हूं। यहां हम जीत जरूर दर्ज करेंगे।



## क्रिकेटर ईशान के पिता जदयू में शामिल

पटना। क्रिकेटर ईशान किशन के पिता और समाजसेवी प्रणव कुमार पांडेय ने अपने कई साथियों के साथ रविवार को जदयू की सदस्यता ग्रहण की। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की मौजूदगी में जदयू की सदस्यता दिलाई।



इस मौके पर संजय झा ने कहा कि बिहार में उपचुनाव की चारों सीट पर एनडीए की बड़े वोटों के अंतर से जीत होगी। उन्होंने कहा, प्रणव का समता पार्टी के समय से गहरा जुड़ाव रहा। बेटे को क्रिकेटर बनाने एवं कारोबार में अधिक व्यस्तता के कारण वे पार्टी को समय देने में अक्षम थे। उन्होंने पुनः पार्टी में शामिल होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मजबूत बनाने का निर्णय लिया है।

## उपचुनाव की तैयारी पूरी : अखिलेश

नोएडा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव के लिए सपा की पूरी तैयारी है।



उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से नहीं, बल्कि अधिकारियों के माध्यम से चुनाव लड़ रही है। अखिलेश यादव रविवार को नोएडा में सपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे प्रदीप कपूर को श्रद्धांजलि देने आए थे। उन्होंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमले के प्रयास की निंदा की।


पटना में रविवार को पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हेना और पुत्र ओसामा को सदस्यता दिलाते राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद। इस दौरान तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे।

## शहाबुद्दीन की पत्नी हेना और बेटा ओसामा राजद में शामिल

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। सीवान से पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हेना शहाब और पुत्र ओसामा शहाब ने रविवार को राजद की सदस्यता ली। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के दस सर्कुलर रोड स्थित आवास पर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

हेना ने सीवान सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा था। यहां से राजद प्रत्याशी अवध बिहारी चौधरी की हार हुई थी। इस मौके पर लालू प्रसाद ने कहा कि मरहूम शहाबुद्दीन का परिवार कभी हमसे दूर नहीं था। राजद में शामिल हो जाने के बाद वे और करीब आ गए हैं। उन्होने हेना और ओसामा को राजद की सदस्यता रसीद और पार्टी का प्रतीक चिह्न गमछा दिया। तेजस्वी यादव ने लालू प्रसाद के जीवन पर लिखित पुस्तक 'गोपालगंज टू रायसीना हिल्स' पुस्तक उन्हें भेंट की। तेजस्वी ने कहा कि हमलोग एकजुट होकर सांप्रदायिक शक्तियों को भगाएंगे। पार्टी में इनके शामिल होने से सीवान के साथ ही पूरे बिहार में पार्टी को मजबूती मिलेगी।

## राजनीति सिनेमा नहीं बल्कि युद्ध का मैदान है : विजय


अभिनेता की टीवीके पार्टी के सम्मेलन में लाखों समर्थक आए

विल्लुपुरम (तमिलनाडु), एजेंसी। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार विजय ने रविवार को अपनी पार्टी तमिझागा वेत्री कझगम (टीवीके) के पहले सम्मेलन को संबोधित किया। सभा में उमड़ी भीड़ को देखकर खुशी जताते हुए कहा कि मुझे पता है कि राजनीति सिनेमा नहीं, युद्ध क्षेत्र है। विजय की पार्टी के पहले सम्मेलन में लाखों प्रशंसक मौजूद रहे।

अपनी पहली जनसभा के दौरान विजय ने डीएमके और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री करुणानिधि के परिवार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक परिवार भूमिगत सौदेबाजी के जरिए राज्य को लूट रहा है। एक समूह है जो एक ही धुन गा रहा है, राजनीति में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति को लेबल कर रहा है और लोगों को धोखा दे रहा है। हमें भ्रष्टाचार को साफ करना होगा। विजय ने कहा कि हमारी पार्टी का उद्देश्य द्रविड़ राष्ट्रवाद और तमिल राष्ट्रवाद को अलग करना नहीं है। ये इस देश की दो आंखें हैं। उन्होंने कहा, पार्टी में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने अपनी दिवंगत बहन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह उनकी मृत्यु ने उन्हें प्रभावित किया था, उसी तरह नीट पास न कर पाने के कारण राज्य के अरियालुर की मेडिकल की छात्रा एस अनिता की आत्महत्या ने भी उन्हें प्रभावित किया।

## कांग्रेस की नई सूची में दो उम्मीदवार बदले

मुंबई। कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को 14 उम्मीदवारों की सूची जारी की। इसमें दो प्रत्याशी बदले गए हैं। मुंबई अंधेरी (पश्चिम) से सचिन सावंत की जगह पूर्व विधायक अशोक जाधव और औरंगाबाद पूर्व सीट से मधुकर देशमुख की जगह लाहू शेवाले को उतारा है।

## सपा के सामने पीडीए को न बंटने देने की चुनौती

लखनऊ, वि.सं। उपचुनाव की राह में नई चुनौतियों से जूझती समाजवादी पार्टी अब नया तोड़ निकालने में जुट गई है। भाजपा ने जहां एक ओर प्रत्याशी चयन में पीडीए को भी तवज्जो दी है तो वहीं, बंटोगे तो कटोगे का नारा भी असर करता दिख रहा है। इसके चलते सपा ने जवाब में पीडीए (पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक) को न बंटने देने पर जोर देना शुरू कर दिया है।

अखिलेश यादव की कोशिश नौ सीटों में चार सीटों कुंदरकी, करहल व कटेहरी को बरकरार रखने की है, वहीं वह भाजपा से सीटें छीनने की रणनीति पर काम कर रही है। बंटोगे वाले नारे की मारक 'क्षमता' का अहसास सपा को है। इसलिए उसने पलटवार करते हुए कहा कि पीडीए को एकजुट रहना है। उसके सभी प्रत्याशी इसी वर्ग से हैं। हालांकि, बसपा और भाजपा दोनों पीडीए के वोटों के बड़े दावेदार हैं। लोकसभा चुनाव के विपरीत इन दलों ने भी पीडीए को लुभाने के जतन तेज कर दिए हैं।

### कांग्रेस को साथ लाना होगा

सपा को पता है कि कांग्रेस के चुनाव न लड़ने से उसके काडर व वोटर का उस तरह समर्थन मिलना मुश्किल होगा। कांग्रेस के मैदान में न रहने से कार्यकर्ता उदासीन हैं। अखिलेश यादव ने कहा है कि पदाधिकारियों के बीच समन्वय बैठकें होंगी ताकि तालमेल बन सके।

## सियासत 30s

### थोराट की बेटी के खिलाफ मुकदमा

मुंबई। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में पुलिस ने कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट की बेटी और कई अन्य खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उन पर भाजपा नेता के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ और गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का आरोप है।

### केदारनाथ में मनोज रावत कांग्रेस प्रत्याशी

देहरादून। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। पार्टी ने वर्ष 2017 में केदारनाथ विधानसभा सीट से विधायक रहे मनोज रावत को प्रत्याशी बनाया है। मनोज ने 2022 में भी इसी सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन वे हार गए थे।

### स्वरा के पति फहद को टिकट मिला


मुंबई। अभिनेत्री स्वरा भास्कर के पति फहद अहमद रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) में शामिल हो गए। पार्टी ने उन्हें अणुशक्ति नगर सीट से सना मलिक के खिलाफ मैदान में उतारा है।

### उम्मीदवार बनाने के पत्र पर विवाद

पलक्कड़। केरल की पलक्कड़ सीट पर उपचुनाव के लिए के. मुरलीधरन को उम्मीदवार बनाने को लेकर लिखे गए पत्र को लेकर विवाद हो गया है। माकपा ने दावा किया कि पत्र से कांग्रेस के भीतर मतभेद का पता चलता है।

### मुंबई में 1.32 करोड़ जब्त, पांच हिरासत में

मुंबई। महाराष्ट्र में चुनाव आचार संहिता के बीच पुलिस ने दक्षिण मुंबई में पांच लोगों से 1.32 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर शनिवार को भुलेश्वर बाजार के भोईवाड़ा में पांच लोगों को नकदी से भरे बैग के साथ पकड़ा गया।

हिन्दुस्तान
क्लासीफाइड
www.livehindustan.com
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
1800 103 1800

आवश्यकता

अकादेमिक

Delhi School of Professional Studies and Research (DSPSR)
NAAC 'A' Grade Institution
[Affiliated to Guru Gobind Singh Indraprastha University (GGSIPU), New Delhi]
Invites Applications within 07 days of the advertisement for the post of Professor & Director / Professor / Associate Professor/ Assistant Professor in Management/Commerce/ Business Analytics & Computer Science/IT
Registrar
9-Institutional Area, Sector 25, Rohini, Delhi-85
Mob.: 9868974097
E-mail: career@dspsr.in; Website: www.dspsr.in

व्यापार

ज्योतिष

जिसको होगा ज्ञान वही करेगा समाधान
वशीकरण व मुठकरनी स्पेशलिस्ट
गुरु करीम खान
घर बैठे समाधान पाए 101% गारंटिड
लाभ केवल फोन द्वारा
9058804892
पति पत्नी मे लड़ाई, तलाक, गृह क्लेश, औलाद न होना, सौतन या दुश्मन से छुटकारा कारोबार में अड़चन विदेश यात्रा, लव मैरीज, माता पिता या प्यार को मनाना, लड़का, लड़की को अपने वश मे करे।
3 घंटे 101% मे समाधान

दीपावली के अवसर पर विशेष लाभ
बाबा फतेह खान बंगाली
घर बैठे सभी समाधान
स्पेशलिस्ट : लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, शादी, नौकरी, कारोबार में बाधा, पति, पत्नी अनबन, सौतन, दुश्मन छुटकारा, प्यार में धोखा। सभी जगह से निराश फोन करें।
8929000445

बिक्री के लिए

A PERFECT working condition MS Pipe and Tube mill is for sale, with a complete setup including electricals and the Toolroom at Vijayawada, Andhra Pradesh. The capacity is 20 Tons per Day. Interested parties can contact M/s Reengineering Hub at # 9246412645

प्रोपर्टी

मध्य दिल्ली

2300 FOOT GF Main Patel Road Back, Parking, Suitable for Office-Cloud Kitchen-Clinc for Rent/Sell. Contact 9818681612 - Mail: vicopksinghal@gmail.com

नाम परिवर्तन

I, SANJEEV Kumar S/o Shyam Lal Sharma R/o Flat No. C-102, Cosmos Golden Height, Crossing Republik, Ghaziabad, U.P.-201016 have changed my name from Sanjeev Kumar to Sanjeev Sharma for all future purposes.

I, PREETI Jindal W/o Roopesh Jindal R/o C-48, Ashok Vihar, Phase-1, Delhi-110052 have changed my name to Preeti Singal for all purposes.

I, SAMBHRANT Jha, S/o Biswajit Jha R/o J201, Anant Raj Maceo, Sector-91, Gurgaon, Haryana-122505, Have Changed My Name To Sambhrant Biswajit Jha

I BHUMIKA D/O, Jagbir Singh Banger R/o H.no. 164 A/6, Gali No. 6, Hans Enclave, Gurugram have changed my name to Bhumika Banger .

I, SOMYA D/O, Deepak Singhal R/o I-6/ 11 First Floor Sector 16 Rohini , New Delhi 110089 have changed my name to Somya Singhal.

नाम परिवर्तन

I, SUMAN Sharma W/o Suresh Kumar R/o H.No.4/3 Near Shiv Mandir, Gram-Sadpura (100) P.O. Tigaon, Dist. Faridabad, Haryana-121101 declare that Suman Sharma and Suman both names belong to same and one person.

I, SOURABH S/O Bijender Singh R/O H No 89, Rasulpur, Rasulpur (150), Palwal, Haryana-121102 in my documents my name mentioned as Sourabh. I Want to Change my name to Sourabh Prajapati for all purposes.

I, PREMNARAYAN Kewat S/o Tularam Kewat Add. E-257, E-block, DDA Flats Bindapur, Delhi-110059 Have Changed My Name Prem Narayan S/o Tula Ram for All Future Purposes.

I, SNEHA Pandey, D/o Shri Sanat Kumar Pandey, W/o Shri Gagan Verma & R/o T-9/4-A, Ozone Park Apartments, Sector 86, Faridabad, Haryana-121002 have changed my name to Sneha Verma after my marriage.

I, SHALINI Goyal, W/o Late Sh. Praveen Goyal, R/o 25/243, Nai Abadi, Natthi Ka khet, Naya Bans Lohamandi Agra, UP, have changed my name to Neetu Goyal for all future Purposes.

I, V K Sasidharan, Father of- No.14677929A HMT Dhaneesh V S, R/o- Vadassery House, Kaiparambu (PO), Thrissur Dist, Kerala- 680546, have changed my name from V K Sasidharan to Saseedharan V K, vide affidavit dated 18/10/2024 before First Class Magistrate Kunnamkulam, Kerala.

I, RENU Bala W/O Naveen R/O P-1/20, Phase-1, Budh Vihar, North West Delhi, New Delhi-86. Have Changed My Name Renu for all future purposes.

I, FAROOKH Saifi, S/o. Mohammad Hanif Saifi, R/o. B-57, Shalimar Housing Complex, Vikram Enclave, Sahibabad, Ghaziabad UP-201005 have changed my name to Faruk permanently.

I, VIDYAVATI spouse of Ex-serviceman Army No 15367106K Hav Ramchander R/o Gothra Tappa Khori, Rewari HR - 123102 have changed my Name from Vidyavati to Vidhya Wati and Date of Birth from 01/07/1971 to 22/07/1974 Vide affidavite dated 24 Oct 2024.

I, NEERU Devi D/o Bhim Sen Dubey, R/o 7/286, Khichripur, Delhi-110091 have changed my name from Neeru Devi to Neeru Mishra vide affidavit dated 26.10.2024 at Notary Ghaziabad.

I, NITIN Khandelwal S/o Shri Anil Khandelwal R/o 321/2M Gadodia Road, Than Singh Nagar, Anand Parawat, Delhi-110005, have changed the name of my minor Son Madhav Khandelwal aged 4 years and he shall be hereafter known as Vivaan Khandelwal.

मैं, प्रेम लता देवी, माता- नं.10136607के हवलदार अनुराग, निवासी-4232/1, बुध नगर, जय माता मार्केट, त्रि नगर, ओंकार नगर, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली-110035, ने अपना नाम प्रेम लता देवी से बदलकर प्रेम लता कर लिया है द्वारा शपथपत्र दिनांक 26/10/2024 समक्ष नोटरी पब्लिक दिल्ली।

नाम परिवर्तन

I, SANTOSH Payra R/o Rampura, Po: Mohanpur, Dist : Paschim Medinipur, West Bengal -721436 have changed my minor son's name from Surjit Poida to Surjit Payra.

I, MARIAMMA V C W/o Saji Thomas R/o 31, G/F, DDA Plot, Shivaji Enclave, West Delhi, New Delhi-110027 have changed my name to Mariamma Saji for all purposes.

I, K V Sunitha, Mother of- No.14677929A HMT Dhaneesh V S, R/o- Vadassery House, Kaiparambu (PO), Thrissur Dist, Kerala- 680546, have changed my name from K V Sunitha to Sunitha K V, vide affidavit dated 18/10/2024 before First Class Magistrate Kunnamkulam, Kerala.

I, RAJU S/o Ratiram R/o H.No-570, Gali No-11, Block-A, Lakhpat Colony Part 2, Delhi-110044, declare that name of my minor daughter has been wrongly written as Deepty in my minor daughter Dipti aged 16 Years in her school records. The actual name of my minor daughter is Dipti

I, K V Sunitha, Mother of- No.14677929A HMT Dhaneesh V S, R/o- Vadassery House, Kaiparambu (PO), Thrissur Dist, Kerala- 680546, have changed my name from K V Sunitha to Sunitha K V, vide affidavit dated 18/10/2024 before First Class Magistrate Kunnamkulam, Kerala.

I, MOHAMMAD Faruk, S/o. Mohammad Hanif Saifi, R/o. B-57, Shalimar Housing Complex, Vikram Enclave, Sahibabad, Ghaziabad UP-201005 have changed my name to Faruk permanently.

I AKSHAY Kumar Roda S/O, Ashwani Roda R/o S-36, Ground Floor, Uppal Southend, Sector-49, Southcity-ii, Gurgaon, Haryana-122018 have changed my name to Akshay Roda.

मैं, रवि शंकर सैनी, पिता- नं.10136607के हवलदार अनुराग, निवासी-4232/1, बुध नगर, जय माता मार्केट, त्रि नगर, ओंकार नगर, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली-110035, ने अपना नाम रवि शंकर सैनी से बदलकर रवि शंकर कर लिया है द्वारा शपथपत्र दिनांक 26/10/2024 समक्ष नोटरी पब्लिक दिल्ली।

I, GUNDRATI Rani M, W/o- No.15429704M Nk Mallesh M, R/o- Vill+PO+Teh- Veldanda, Dist-Nagarkurnool, Telangana- 509360, have changed my name from Gundrati Rani M to Matta Rani, vide affidavit dated 26/10/2024 before Notary Public Delhi.

I, AKSHAY Roda R/o S-36, Ground Floor, Uppal Southend, Sector-49, South City-ii, Gurgaon, Haryana-122018 have changed my minor son's name from Danish Roda to Rajveer Roda.

I, MAHABIR S/o Sh. Ashwan Tyagi R/o Flat No. A2-1304, Palm Resort, Rajnagar Extension, Ghaziabad, U.P-201017 have changed my name from Mahabir to Mahavir Tyagi for all future purposes.

I, ANIL Kumar S/o Laxmi Kant Mishra, R/o 7/286, Khichripur, Delhi-110091 have changed my name from Anil Kumar to Anil Kumar Mishra vide affidavit dated 26.10.2024 at Notary Ghaziabad.

हिन्दुस्तान क्लासीफाइड
शुभ धनतेरस
विज्ञापन दर
HH (D) Classified CD/Block: ₹85/- per sq.cm (B/W & Color)
HT+HH (D) Classified CD/Block: ₹250/- per sq.cm (B/W & Color)
प्रकाशन तिथि : 29 अक्तूबर 2024
To book your ad, contact us:
NORTH DELHI: Vishal Sachdeva: 9910249013
EAST & CENTRAL DELHI: Sumit Negi: 9899268321
WEST DELHI & FARIDABAD: Ranjeet Singh: 9911819105
SOUTH DELHI & GURGAON: Abhishek Tiwari: 9899865804
NOIDA & GHAZIABAD: Gaurav: 8630242501 | Telebooking: 1800-103-1800
*GST as applicable | *T&C Apply

नाम परिवर्तन

I, MOHAMMAD Kashif S/O, Mohd Nafees R/o A-312, Gali No. 3, Rani Garden, Geeta Colony, Delhi - 110031 have changed my name to Kashif Ansari for all purposes.

IT IS for general information that I, Dharmender Kumar S/o Suresh Kumar R/o Add-D-124, D-Block, Near Police Station, New Seelampur, North East, Delhi-110053 declare that name of mine and my minor son has been wrongly written as Dharmander Verma and Shaurya in my minor son Shaurya Verma aged 14 years in his School Records. The actual name of mine and my minor son are Dharmender Kumar and Shaurya Verma.

I HARSHIT Rameshbhai Bhatt S/O, Rameshbhai Manubhai Bhatt R/o A-156, GF, M2K AURA, Mayfield Gardens, Sector 47, Gurgaon, Haryana-122018. have changed my name to Harshit Bhatt .

I JALADHIBEN Harshit Bhatt W/O, Harshit Bhatt R/o A-156, GF, M2k AURA, Mayfield Gardens, Sector 47, Gurgaon, Haryana-122018. have changed my name to Jaladhi Harshit Bhatt .

I, MRS. Nidhi W/o Mr. Mahavir Tyagi R/o Flat No. A2-1304, Palm Resort, Rajnagar Extension, Ghaziabad, U.P-201017 have changed my name from Mrs. Nidhi to Mrs. Nidhi Tyagi for all future purposes.

I, MUKESH Chand S/o Late Shri Ved Prakash Mittal, R/o B-2/215, Block-8, Kailash Dham, Sec-50, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, UP-201307, have changed my name from Mukesh Chand to Mukesh Chand Mittal for all future purposes.

नाम परिवर्तन

IT IS for general information that I, Manojkumar Hari Lilhare S/o Hari Lihare R/o A-89, 3rd Floor, Birbal Marg, Lajpat Nagar-1, South Delhi, Delhi-110024 declare that name of my wife and my minor daughter has been wrongly written as Mamta Manojkumar Lilkhare and Sania Manojkumar Lilhare in my minor daughter Saniya Manojkumar Lilhare aged 17 years in her 10th Class Educational Documents. The actual name of my wife and my minor daughter are Mamta Manojkumar Lilhare and Saniya Manojkumar Lilhare.

I, MUKESH S/o Shri Shiv Narayan R/o Flat No. 103, Type E Tower Daisy, First Floor, Omaxe North Avenue-2, Omaxe City, Bahadurgarh Distt., Jhajjar ( Haryana) ( Aadhar No. 8215 5070 9951 ) Have Changed my Name from Mukesh to Mukesh Goel for all future purposes. That my Actual Name is Mukesh Goel, But in the School Record my Name is Mukesh and my Father Name is Shiv Narayan whereas in my School Record his Name Entered as Shiv Narain Goel. That Mukesh Goel and Mukesh and Shiv Narayan and Shiv Narain Goel is only one name and same person.

I, RAMESH Jindal S/o Ram Saran Das Aggarwal R/o C-48, second floor, Ashok Vihar, Phase-1, Delhi-110052 have changed my name to Ramesh Chander Aggarwal for all purposes.

I, REENA Choudhary W/o Deepak Kumar R/o H. No. 160, Sector -9, Chiranjeev Vihar, Ghaziabad U.P. have changed my name from Reena Panwar to Reena Choudhary for all future purposes.

I MANOJ Kumar Verma S/O, Sachchida Nand Varma R/o J-30, 2nd Floor, Arya Samaj Road, Uttam Nagar-110059, Delhi, India have changed my name to Manoj Kumar Varma.

खोया- पाया

I, GAJENDRA Pratap Singh Shekhawat S/O Ummed Singh Shekhawat, have lost my Property Document, Issued by DDA Possession Letter, Issued by DDA NOC for Electric & Water connection, Issued by DDA Position Slip, Issued by DDA Allocation letter file no. F 52(244)/82/SFS / III Second & Third duplex of flat no. 271, Pocket D, Narmada Apartments, Alaknanda, New Delhi-110019, Finder may Contact: 9899109136

I, JITENDER Ahuja S/o Arjun Das Ahuja R/o H. No. 3D 116, NIT Faridabad. Present Address FA-125, 2nd Floor, Mansarover Garden, West Delhi 110015 have lost my original Misc Documents SPA Dated 09.11.1968. Founder may contact 9811146691.

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक सूचना
गढ़वाल हितैषिणी सभा पजी. (दिल्ली) की महासमिति की वार्षिक बैठक दिनांक 3 नवम्बर, 2024(समय प्रातः 10 बजे) को होना सुनिश्चित हुआ हैं। सभा के सभी माननीय सदस्यों की उपस्थिति प्राथनीय है
मंगल सिंह नेगी, महासचिव

ज्वैलरी

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹70100 Per 10g*
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

शिक्षा/नामांकन

MEWAR INSTITUTE
Affiliated to C.C.S. University, Meerut
App. by Bar Council of India, N.Delhi
Admission 2024-25 Estd 1997
Premier Institute in NCR
LLB
BA-LLB
Other courses available:
BBA, BCA, B.Sc (Math), B.Com
M. Sc. (Bio-Tec), LLM, B.Ed., BTC
Sec-4C, Vasundhra, Ghaziabad
0120-2698218/19/20, 9818511145

हिन्दुस्तान क्लासीफाइड में विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
Tele Booking: 1800-103-1800, Contact: 011-66561139

# विकास बैंकों में सुधार के प्रयास अपर्याप्तः एन के सिंह

■ प्रशांत झा

**वाशिंगटन।** बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने के लिए गठित स्वतंत्र विशेषज्ञों के समूह (आईईजी) में शामिल भारत के एन.के. सिंह का कहना है कि विकास बैंकों में सुधार के प्रयास अभी भी अपर्याप्त हैं, जबकि चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। उनका कहना है कि चुनौतियां इतनी बढ़ गईं हैं कि 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों में से सिर्फ 17 फीसदी ही हासिल हो सकेंगी।

स्वतंत्र विशेषज्ञों के समूह का गठन भारत की जी20 अध्यक्षता में हुआ था और एनके सिंह इसके सह-संयोजक थे। उनके साथ पूर्व अमेरिकी ट्रेजरी सचिव लॉरेंस समर्स भी इसमें शामिल थे। विशेषज्ञ समूह ने अपनी रिपोर्ट पेश की थीं, जो नई दिल्ली जी20 घोषणा का आधार बनीं और एमडीबी सुधार को एजेंडे के केंद्र में रखा गया। एक साल बाद एन.के सिंह व लॉरेंस समर्स ने बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार को अपूर्ण बताते हुए एमडीबी को 'इन्कंप्लीट ग्रेड' दिया है।

उनकी समीक्षा में एमडीबी द्वारा ज्यादा महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण को शामिल करने और आपस में समन्वय करने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना जरूर की गई है लेकिन यह भी कहा गया है कि एमडीबी में शामिल सदस्य देशों में प्रतिबद्धता की कमी देखी गई। इस मुद्दे पर एन.के.सिंह ने 'हिन्दुस्तान टाइम्स' से बातचीत की।

**■ भारत के जी-20 की अध्यक्षता के एक साल बाद, एमडीबी सुधार पर उसका काम अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। भारत ने क्या छाप छोड़ी है, जो लंबे समय तक बनी रही है?**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में पहली बार एमडीबी को पुनर्गठित करने की आवश्यकता पर जोर दिया था, इसलिए जब भारतीय अध्यक्षता में यह मौका आया तो वित्त मंत्री ने पूरे मॉडल पर नए सिरे से विचार करना शुरू किया। इसके परिणामस्वरूप विशेषज्ञ समूह का गठन हुआ। भारत की अध्यक्षता में विकास बैंकों में सुधार के लिए वित्तपोषण के व्यापक तंत्र ने छाप छोड़ी है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमें आईएमएफ के कामकाज में भी परिवर्तन की जरूरत है।



**■ बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए तत्काल ध्यान और शीर्ष स्तर पर राजनीतिक इच्छाशक्ति की कितनी आवश्यकता है?**

एमडीबी जैसे संस्थानों की कार्यप्रणाली अब भी कुछ हद तक अव्यवस्थित और यथास्थितिवादी बनी हुई हैं। ये संस्थाएं बड़ा खतरा मोल लेने से बचने का प्रयास करती हैं, इसलिए यह एक महत्वपूर्ण बाधा है। बहुपक्षीय विकास बैंकों को एक परिवार के रूप में काम करने को सुनिश्चित करने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। जब तक घरेलू संसाधन जुटाने के साथ-साथ निजी पूंजी नहीं आती है, तब तक चाहे जो भी हो, संकट को दूर करने के लिए पर्याप्त फंड नहीं रहेगा।

**■ आपने एमबीडी को अपूर्ण बताया है। इस समीक्षा रिपोर्ट पर क्या प्रतिक्रिया मिली?**

मुझे लगता है कि यह रिपोर्ट काफी संतुलित रिपोर्ट है। इसमें कई मापदंडों पर एमडीबी की प्रगति को सराहा गया है और उसे मान्यता दी गई है लेकिन इससे जुड़े शेयरधारक इसके उद्देश्य को साकार करने में उतने सक्रिय नहीं रहे हैं। एमडीबी को ऐसे निर्णय लेने में सक्षम बनाना होगा, जो कुछ हद तक साहसी माने जा सकते हैं।

**■ वार्षिक बैठकें अमेरिकी चुनाव से ठीक एक सप्ताह पहले हो रही हैं। आप इसे कैसे देखते हैं?**

हमें अंतिम परिणाम का इंतजार करना होगा। हमें यह देखना होगा कि जलवायु संकट की चुनौती को हल करने के लिए वास्तव में नए प्रशासन का रुख क्या रहेगा। जलवायु संकट के लिए जितने वित्तीय संसाधन उपलब्ध हैं, उसकी तुलना में बहुत अधिक संसाधनों की जरूरत है।

Hindustan Times

देश 30S

## दुबई में प्रस्तुति देंगे सलमान खान



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने शनिवार को घोषणा की, वह सात दिसंबर को दुबई में दबंग द टूर-रीलोडेड में प्रस्तुति देंगे। खान के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, जैकलीन फर्नांडिज समेत कई कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। सलमान ने 'एक्स' पर यह घोषणा की। सलमान ने यह घोषणा मुंबई पुलिस द्वारा उनको धमकी भरे संदेश के संबंध में जमशेदपुर से एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के कुछ दिन बाद की है।

## भुवनेश्वर हवाई अड्डे के पास जंगली बिल्ली दिखी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा वन विभाग कर्मियों ने रविवार को बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक जंगली बिल्ली देखी। एक दिन पहले एक महिला ने दावा किया था कि उसने सुविधा के डंप यार्ड क्षेत्र के पास एक तेंदुआ देखा है। वन विभाग ने इस दावे के बाद शनिवार को तलाशी अभियान शुरू किया, लेकिन तेंदुए का कोई निशान नहीं मिला। भुवनेश्वर के वन रेंजर राधाकांत होता ने बताया कि अभी तक उन्हें इस क्षेत्र में कोई बाघ या तेंदुआ नहीं मिला है।

# प्रधानमंत्री कल स्वास्थ्य बीमा की करेंगे शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य बीमा की शुरुआत 29 अक्तूबर को किए जाने की संभावना है।

आधिकारिक सूत्र ने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटल रिकॉर्ड रखने के लिए विकसित यू-विन पोर्टल को भी उसी दिन शुरू किया जाएगा। यह पोर्टल अभी पायलट आधार पर संचालित किया जा रहा है। यू-विन प्लेटफॉर्म कोविड-19 टीका प्रबंधन प्रणाली को-विन की प्रतिकृति है। सूत्र ने कहा कि इन दोनों के अलावा, मंगलवार को कुछ अन्य परियोजनाओं की भी शुरुआत होगी।

**जन आरोग्य योजना का विस्तार संभवः** सूत्र ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत विस्तारित योजना की शुरुआत किए जाने की संभावना है। इससे लगभग 4.5 करोड़ परिवारों के छह करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा।



### पुतिन को झारखंड की कलाकृति उपहार में दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में संपन्न हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को झारखंड की एक कलाकृति भेंट की। उन्होंने ईरान और उज्बेकिस्तान के नेताओं को महाराष्ट्र के हस्तशिल्प उत्पाद उपहार में दिए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान को 'मदर ऑफ पर्ल' (एमओपी) सी-शेल फूलदान भेंट किया।

# सीडीएस और सेना प्रमुख ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी

■ 78वें शौर्य दिवस पर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर समारोह का आयोजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को 78वें शौर्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर आयोजित समारोह में शहीद हुए पैदल सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

सेना ने कहा, पैदल सेना (इंफ्रैंट्री) के लिए 27 अक्तूबर का दिन काफी अहम है। 1947 में इसी दिन पैदल सेना के जवान श्रीनगर में उतरने वाले व शहर के बाहरी क्षेत्रों से आक्रमणकारियों को खदेड़ने में मदद करने वाले सेना के पहले सैनिक बने थे।

**प्रधानमंत्री मोदी ने भी दी श्रद्धांजलिः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा कि इन्फैंट्री दिवस पर हम सभी इन्फैंट्री के सभी रैंकों और दिग्गजों की अदम्य भावना और साहस को सलाम करते हैं। वे हमेशा किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति का सामना करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ खड़े रहते हैं।


# 'घुसपैठ रोकने में बंगाल सहयोग दे'

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर सीमावर्ती राज्यों को घुसपैठ की कोशिशों को विफल करने के लिए आपस में और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ समन्वय करना चाहिए।

सरमा ने संवाददाताओं से कहा, असम और त्रिपुरा सरकारें पहले से ही बीएसएफ के साथ मिलकर काम कर रही हैं, लेकिन यह तभी एक 'सुनियोजित प्रयास' होगा जब पश्चिम बंगाल भी घुसपैठियों की पहचान करना शुरू कर दे, क्योंकि इन दो पूर्वोत्तर राज्यों से वापस भेजे गए लोग वहां से फिर से प्रवेश कर सकते हैं। सरमा ने कहा, 'पिछले दो महीनों में, लगभग हर दिन हम अपने राज्य में विदेशियों को पकड़ रहे हैं।

# शारदा सिन्हा की हालत गंभीर

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** लोक गायिका शारदा सिन्हा अस्वस्थ हैं और दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती हैं। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार उनकी हालात नाजुक बनी हुई है, उन्हें आईसीयू में रखा गया है।



लोक गायिका शारदा सिन्हा की पिछले दिनों तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उनको दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। रविवार की सुबह उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। उनका बोन मैरो कैंसर का इलाज चल रहा है। वे साल 2017 से मल्टीपल मायेलोमा (बोन मैरो कैंसर) से ग्रस्त हैं। डॉक्टरों की टीम शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य पर नजर रख रही है।


SBI

**भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा-I**

12वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली–110001, फोनः 011-23701157, ई–मेलः team5samb1.del@sbi.co.in

**ई–नीलामी बिक्री सूचना**

परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन

अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति/यों जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का रचनात्मक कब्जा, प्रतिभूत लेनदार, भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) से प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **16.11.2024** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, जमा की जाने वाली ईएमडी, नीलामी का समय और बोली वृद्धि की राशि क्रमशः नीचे दी गई है।

| कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और कॉर्पोरेट गारंटर(रों) का नाम पता/पते सहित | | सम्पत्ति का मालिक और विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) / वृद्धि राशि | मांग सूचना के अनुसार वसूली राशि | सम्पत्ति का स्थल पर निरीक्षण करने हेतु तिथि एवं समय एवं प्राधिकृत अधिकारी का नामः | ईएमडी प्रेषण | ई–नीलामी की तिथि/समय प्रत्येक 10 मिनट के असीमित स्वतः विस्तार सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैसर्स कैनवस फूड्स एलएलपी (पूर्व मैसर्स कैनवस इंटीग्रेटिड कोल्ड चेन सर्विसिस) (कर्जदार) और (1) श्री आलोक भटनागर पुत्र श्री बृज राज स्वरूप भटनागर (गांरटर) और श्री बृज राज स्वरूप भटनागर पुत्र श्री आनंद स्वरूप भटनागर (गांरटर) | लॉट 1 | पंजीकृत बंधक फैक्ट्री भूमि एवं भवन क्षेत्रफल 1–42–37 हैक्ट. जोकि मोहल तेह, मौजान–नांगल खुर्द तहसील, हरोली जिला, ऊना, हिमाचल प्रदेश में स्थित, यह सम्पत्ति कैनवस इंटीग्रेटेड कोल्ड चेन सर्विसेज के नाम पर है। (दस्तावेज नं. 205 दिनांक 23.02.2012 के तहत कवर्ड) विवरण के रूप में यहां प्लांट एवं मशीनरी के साथ और कंपनी की संपूर्ण स्थायी आस्तियां • भूमि क्षेत्रफल 0–17–70 हेक्टेयर, जिसमें शामिल खेवत नं. 107 मिन, खतौनी नं. 185, खसरा नं. 1103, किट्टा 1. • भूमि क्षेत्रफल 0–15–80 हेक्टेयर, भूमि क्षेत्रफल 0-67-32 हेक्टेयर में से 790/3366 शेयर, जिसमें खेवत नं. 72, खतौनी नं. 97, खसरा नं. 1110, किट्टा 1. • भूमि क्षेत्रफल 1–08–87 हेक्टेयर, शामिल खेवत नं. 405, खतौनी नं. 534, खसरा नं. 1102, 1104, 1105, 1107, 1108, 1109 किट्टा 6. पूरब में – अन्य की संपत्ति, पश्चिम में – अन्य की संपत्ति, उत्तर में – कच्चा रास्ता, दक्षिण में – अन्य की संपत्ति | ₹ 1725.00 लाख / ₹ 172.50 लाख / ₹ 10.00 लाख | रु. 17,93,30,332.99 (रु. सत्रह करोड़ तिरान्वे लाख तीस हजार तीन सौ बत्तीस और पैसे निन्यान्वे मात्र) दिनांक 31.12.2023 तक + ब्याज + आकिस्मक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि | 12-11-2024 & 13-11-2024 दोपहर 12.00 बजे से अर्प. 04.00 बजे इच्छुक बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारीः सुश्री श्रेयसी मोहपात्रा मो. 9717943888 और आर ए मैसर्स एआरसीके कंसल्टेंट्स प्रा. लि. मो. 9810071183, 9810020531, 9205133882 से सम्पर्क कर सकते है | इच्छुक बोलीदाताओं को ई–नीलामी प्रक्रिया में वेबसाइट www.ebkray.in पर स्वयं को पंजीकृत कराना होगा। बोलीदाताओं को नीलामी तिथि से पहले स्वयं को पंजीकृत कराना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपने बैंक खाते के माध्यम से पोर्टल में ईएमडी जमा करना होगा। | 16-11-2024 पूर्वाह्ृ 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे |
| | लॉट 2 | कम्पनी की प्लांट एवं मशीनरी जोकि मोहल तेह, मौजान–नांगल खुर्द तहसील, हरोली जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश में स्थित, यह सम्पत्ति कैनवस इंटीग्रेटेड कोल्ड चेन सर्विसेज के नाम पर है। | ₹ 569.00 लाख / ₹ 56.90 लाख / ₹ 5.00 लाख | | | | 16-11-2024 अर्पाह्न 01.00 बजे से अर्पाह्न 02.00 बजे |
| | लॉट 3 | फैक्ट्री भूमि एवं भवन क्षेत्रफल 1–42–37 हैक्ट. जोकि मोहल तेह, मौजान–नांगल खुर्द तहसील, हरोली जिला, ऊना, हिमाचल प्रदेश में स्थित, यह सम्पत्ति कैनवस इंटीग्रेटेड कोल्ड चेन सर्विसेज के नाम पर है। (दस्तावेज नं. 205 दिनांक 23.02.2012 के तहत कवर्ड) विवरणनुसार • भूमि क्षेत्रफल 0–17–70 हेक्टेयर, जिसमें शामिल खेवत नं. 107 मिन, खतौनी नं. 185, खसरा नं. 1103, किट्टा 1. • भूमि क्षेत्रफल 0–15–80 हेक्टेयर, भूमि क्षेत्रफल 0-67-32 हेक्टेयर में से 790/3366 शेयर, जिसमें शामिल खेवत नं. 72, खतौनी नं. 97, खसरा नं. 1110, किट्टा 1. • भूमि क्षेत्रफल 1–08–87 हेक्टेयर, शामिल खेवत नं. 405, खतौनी नं. 534, खसरा नं. 1102, 1104, 1105, 1107, 1108, 1109 किट्टा 6. | ₹ 1156.00 लाख / ₹ 115.60 लाख / ₹ 5.00 लाख | | | | 16-11-2024 अर्पाह्न 03.00 बजे से अर्पाह्न 04.00 बजे |

**नियम एवं शर्तेः–**

• लॉट – 1 प्लांट एवं मशीनरी एवं भूमि और भवन के लिए संयुक्त नीलामी है • लॉट – 2 विशेष रूप से प्लांट और मशीनरी के लिए है • लॉट –3 विशेष रूप से भूमि और भवन के लिए है

1. लॉट–2 और 3 हेतु नीलामी तभी आयोजित की जाएगी जब लॉट–1 के लिए कोई बोली नहीं होगी। इसके अलावा, लॉट–3 के लिए नीलामी केवल तभी आयोजित की जाएगी यदि लॉट–2 सफल होगी और लॉट–3 प्लांट और मशीनरी को डिस्मेंटल करने के बाद सौंप दिया जाएगा। यदि लॉट–2 की बिक्री के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं होती है, तो लॉट–3 की नीलामी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निरस्त की जायेगी।

2. इच्छुक क्रेता को सभी वैधानिक देय राशि वहन करनी होगी, यदि कोई हो और नीलामी खरीद से संबंधित लागू कर देनदारियां भी

**M/S PSB ALLIANCE (EBKRAY)** द्वारा प्रदान किए गए ई–नीलामी साइट **https://ebkray.in** पर बोलीकर्ताओं द्वारा ईएमडी को अपने स्वयं के बटुए(**wallet**) में हस्तांतरित / जमा करना होगा।

नियम व शर्तेः– ई–नीलामी "जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है" के आधार पर ऑन लाईन आयोजित की जायगी।

ई–नीलामी https://ebkray.in लिंक के माध्यम से दिनांक 16.11.2024 को आयोजित की जाएगी। बिक्री की शर्तें और नियम निम्नलिखित पृष्ठों में दिए गए हैं। इसके अलावा, बोलीदाताओं को ई–नीलामी सेवा प्रदाता (M/S PSB ALLIANCE (EBKRAY) की सेवा शर्तों का पालन करना होगा।

इच्छुक बोलीदाता ई–नीलामी बंद होने से पूर्व **M/S PSB ALLIANCE (EBKRAY)** के पास प्री–बिड ईएमडी जमा कर सकते हैं। **M/S PSB ALLIANCE (EBKRAY)** के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई–नीलामी वेबसाइट में इस तरह की जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री–बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को अपने हित में सलाह दी जाती है कि किसी भी अंतिम समय की समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि अग्रिम रूप से जमा करें।

अधोहस्ताक्षरकर्ता की सर्वोत्तम जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार सम्पत्ति(यों) पर कोई प्रभार नही है। तथापि इच्छूक बोलीदाता(ओं) को, ऋणभार, नीलामी में रखी गयी सम्पत्ति(यों) के स्वामित्व तथा सम्पत्ति(यों) को प्रभावित करने वाले दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के संबन्ध में अपनी स्वयं स्वतन्त्र जांच, अपनी बोली प्रस्तुत करने से पूर्व कर लेनी चाहिए। इस संदर्भ में ई–नीलामी विज्ञापन, बैंक की किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता/वचनबद्धता निर्मित नही करता है और न ही कोई वचनवद्धता/प्रतिवद्धता या प्रतिनिधित्व करता समझा जायेगा।

प्राधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार किसी तृतीय पक्ष के दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। यह ई–नीलामी वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम– 2002 के अन्तर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अनुसार की जायेगी। और आयकर/जीएसटी नियम, जहां भी लागू हों।

ई–नीलामी के अन्य नियम व शर्ते निम्नलिखित वेबसाईट पर प्रकाशित की गई है। https://ebkray.in

सरफासी ऐक्ट, 2002 के अधीन बिक्री हेतु कानूनी नोटिस

तिथि : 24-10-2024, स्थान : नई दिल्ली — हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक






आरईसी REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.
महारत्न कंपनी

**30-09-2024 को समाप्त तिमाही और अवधि के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सार**

(₹करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30-09-2024 (अलेखापरीक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30-06-2024 (अलेखापरीक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30-09-2023 (अलेखापरीक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त अवधि 30-09-2024 (अलेखापरीक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त अवधि 30-09-2023 (अलेखापरीक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष 31-03-2024 (लेखापरीक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 30-09-2024 (अलेखापरीक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 30-06-2024 (अलेखापरीक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 30-09-2023 (अलेखापरीक्षित) | समेकित समाप्त अवधि 30-09-2024 (अलेखापरीक्षित) | समेकित समाप्त अवधि 30-09-2023 (अलेखापरीक्षित) | समेकित समाप्त वर्ष 31-03-2024 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | **13,571.18** | 13,023.31 | 11,575.94 | 26,594.49 | 22,551.51 | 47,146.30 | **13,682.43** | 13,078.66 | 11,671.87 | 26,761.09 | 22,775.80 | 47,504.75 |
| 2. | अवधि में निवल लाभ (कर पूर्व एवं असाधारण मदें) | **5,039.62** | 4,325.82 | 4,806.67 | 9,365.44 | 8,518.62 | 17,780.64 | **5,097.39** | 4,349.23 | 4,837.61 | 9,446.61 | 8,558.77 | 17,959.94 |
| 3. | अवधि में कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मदों के पश्चात) | **5,039.62** | 4,325.82 | 4,806.67 | 9,365.44 | 8,518.62 | 17,780.64 | **5,097.39** | 4,349.23 | 4,837.61 | 9,446.61 | 8,558.77 | 17,959.94 |
| 4. | अवधि में कर पश्चात निवल लाभ (असाधारण मदों के पश्चात) | **4,005.47** | 3,442.45 | 3,772.87 | 7,447.92 | 6,733.60 | 14,019.21 | **4,037.72** | 3,460.19 | 3,789.90 | 7,497.90 | 6,757.95 | 14,145.46 |
| 5. | अवधि में कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल है] | **2,753.57** | 3,525.02 | 4,188.26 | 6,278.59 | 7,331.44 | 15,063.48 | **2,785.82** | 3,542.76 | 4,205.29 | 6,328.57 | 7,355.79 | 15,189.73 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य ₹10 प्रति शेयर) | **2,633.22** | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | **2,633.22** | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 |
| 7. | अन्य इक्विटी | **70,259.81** | 69,718.14 | 60,484.10 | 70,259.81 | 60,484.10 | 66,149.93 | **70,876.88** | 70,302.97 | 60,949.28 | 70,876.88 | 60,949.28 | 66,717.03 |
| 8. | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | **1,577.53** | 1,577.53 | 1,577.53 | 1,577.53 | 1,577.53 | 1,577.53 | | | | | | |
| 9. | निवल मूल्य | **72,893.03** | 72,351.36 | 63,117.32 | 72,893.03 | 63,117.32 | 68,783.15 | | | | | | |
| 10. | प्रदत्त ऋण पूंजी/बकाया ऋण | **4,75,831.64** | 4,58,794.20 | 4,13,542.23 | 4,75,831.64 | 4,13,542.23 | 4,37,943.59 | | | | | | |
| 11. | ऋण इक्विटी अनुपात* | **6.47** | 6.27 | 6.46 | 6.47 | 6.46 | 6.37 | | | | | | |
| 12. | प्रति शेयर आय (प्रत्येक ₹10 का) (आगे जारी रहने वाले एवं बंद हो चुके प्रचालनों के लिए) (₹ में) | | | | | | | | | | | | |
| | मूल | **15.21** | 13.07 | 14.33 | 28.28 | 25.57 | 53.11 | **15.33** | 13.14 | 14.39 | 28.47 | 25.66 | 53.59 |
| | डायल्यूटेड | 15.21 | 13.07 | 14.33 | 28.28 | 25.57 | 53.11 | 15.33 | 13.14 | 14.39 | 28.47 | 25.66 | 53.59 |

* ऋण/इक्विटी अनुपात=निवल ऋण/निवल मूल्य (निवल ऋण मूल बकाया, कम नकद और उपलब्ध नकद समतुल्य को दर्शाता है।)

**टिप्पणियां:**

1. लेखापरीक्षा समिति द्वारा कंपनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा कर ली गई और उन्हें अनुमोदित किया गया तथा दिनांक **26 अक्टूबर, 2024** को आयोजित निदेशक मण्डल की बैठक में इन्हें रिकॉर्ड कर लिया गया है। इन परिणामों की सीमित समीक्षा कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों के अधीन है।
2. उपरोक्त सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में जमा तिमाही और अवधि के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट **(www.bseindia.com और www.nseindia.com)** पर तथा कंपनी की वेबसाइट **(www.recindia.nic.in)** पर भी उपलब्ध है।
3. सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम 2015 के विनियम 52(4) के तहत आवश्यक अन्य लागू प्रकटीकरण के लिए, स्टॉक एक्सचेंज में जमा वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप **(www.bseindia.com और www.nseindia.com)** पर देखें एवं इसे कपनी की वेबसाइट **(www.recindia.nic.in)** पर भी देखा जा सकता है।

**वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दूसरे अंतरिम लाभांश हेतु रिकॉर्ड तिथि**

निदेशक मण्डल ने 26 अक्टूबर, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रति ₹10 के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर ₹4 (चार रुपये मात्र) का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने उक्त अंतरिम लाभांश के भुगतान के उद्देश्य से शेयरधारकों की पात्रता की गणना हेतु शुक्रवार, **08 नवम्बर, 2024** को **'रिकॉर्ड तिथि'** निर्धारित की है। उक्त अंतरिम लाभांश का भुगतान/प्रेषण उन शेयरधारकों को **22 नवम्बर, 2024** को या उससे पहले किया जाएगा, जिनके नाम (क) इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में **08 नवम्बर, 2024** को कारोबार का समय समाप्त होने के बाद डिपॉजिटरी (यों) द्वारा प्रस्तुत विवरण में लाभार्थी के रूप में दर्ज है; और (ख) कागज के रूप में धारित शेयरों के संबंध में **08 नवम्बर, 2024** की तिथि में सदस्यों के रजिस्टर में सदस्य के रूप में दर्ज है।

**स्थानः दिल्ली**
**दिनांकः 26 अक्टूबर, 2024**

**कृते आरईसी लिमिटेड**
**(विवेक कुमार देवांगन)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
**डीआईएन - 01377212**

**आरईसी लिमिटेड** (भारत सरकार का महारत्न उद्यम)

निगमित कार्यालयः प्लॉट नं. आई-4, सेक्टर–29, गुरुग्राम, हरियाणा–122001 टेलीफोनः +91-124-4441300
पंजीकृत कार्यालयः कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003 टेलीफोनः +91-11-43091500
ई-मेलः contactus@recindia.com वेबसाइटः www.recindia.nic.in सीआईएनः L40101DL1969GOI005095

हमें फॉलो करें: @RECLindia

वित्तीय परिणामों को डाउनलोड करने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।

पुराने अधिनियम में बदलाव कर इसे सरल बनाया जाएगा

# आयकर कानून से गैर जरूरी प्रावधान हटेंगे

**तैयारी**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्र सरकार आयकर अधिनियम में बदलाव कर इसे सरल बनाने की दिशा में काम कर रही है। इसे लेकर गठित केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की आंतरिक समिति हर बिंदु का बारीकी से अध्ययन कर रही है और गैर जरूरी प्रावधान हटाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही आम लोगों से भी आयकर कानून को आसान बनाने के लिए सुझाव मांगे गए हैं। उनसे पूछा जा रहा है कि वर्तमान कानून के तहत उन्हें क्या परेशानियां हैं और उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है।

वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर अधिनियम में बदलाव कर उससे सरल बनने की घोषणा की थी, जिसके लिए छह महीने की समय-सीमा भी निर्धारित की थी। इसी कड़ी के तहत अब सीबीडीटी की कमेटी कानून में बदलाव को लेकर काम कर रही है। सूत्रों का कहना है कि व्यापक स्तर पर बदलाव की तैयारी है। ऐसे सभी प्रावधानों को हटा दिया जाएगा, जो जरूरी नहीं हैं। माना जा रहा है कि अगले साल फरवरी तक कमेटी के सुझाव के आधार पर बदलाव से जुड़े संशोधन को मंजूरी प्रदान कर दी जाएगी।

### लंबी कानूनी प्रक्रिया से मुक्ति चाहते हैं करदाता

बताया जा रहा है कि अब तक जो सुझाव मिले हैं, उनमें सबसे ज्यादा भाषा के सरलीकरण और लंबी चलने वाले कानूनी लड़ाई को कम करने से जुड़े हैं। दरअसल, आयकर विभाग में कर मांग के काफी मामले लंबित हैं, जो वर्षो से चले आ रहे हैं। ऐसे मामलों में कर मांग राशि भी सीमित है लेकिन इनके समाधान के लिए मौजूदा कानून के हिसाब से लंबी प्रक्रिया का पालन करना पड़ रहा है। करदाता चाहते हैं कि ऐसे मामलों के निपटारे की प्रक्रिया सीमित हो। सुझाव आमंत्रित किए जाने के बाद कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी।



### आप भी दे सकते हैं सुझाव

आयकर अधिनियम में बदलाव को लेकर आप भी अपने सुझाव दे सकते हैं। इसके लिए आयकर विभाग का पोर्टल खुला हुआ है। सुझाव देने के इच्छुक आयकरदाता और आम नागरिक **https://eportal.incometax.gov.in** पर क्लिक करके ऑनलाइन अपना सुझाव दे सकते हैं। मुख्य तौर पर चार श्रेणी में सुझाव दिए जा सकते हैं। इनमें भाषा का सरलीकरण, मुकदमेबाजी में कमी, निरर्थक मामलों एवं अप्रचलित प्रावधान को हटाए जाने संबंधी सुझाव दिए जा सकते हैं। पोर्टल आठ अक्टूबर से सुझाव के लिए खुला है।

## कॉरपोरेट कॉर्नर



गेल इंडिया लिमिटेड और वर्बियो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कृषि अवशेष-आधारित संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों की संयुक्त रूप से स्थापना का पता लगाने के लिए समझौता किया। गेल के सीएमडी संदीप कुमार गुप्ता और कार्यकारी निदेशक सुमित किशोर, वर्बियो ग्रुप के सीईओ क्लॉस साउटर और मैनेजिंग डायरेक्टर की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

### एचएससीसी को दो कार्यों का जिम्मा मिला

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने एनबीसीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एचएससीसी को दो बड़े कार्यों का ठेका दिया है। इन परियोजनाओं में फरीदाबाद में स्थित ईएसआईसी अस्पताल में अतिरिक्त 500 बिस्तरों के निर्माण और मानेसर (गुरुग्राम) में 500 बिस्तरों वाले नए ईएसआईसी अस्पताल का निर्माण करना शामिल है।

### नमो भारत ट्रेन, रेल कॉरिडोर का प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** एनसीआरटीसी ने गांधीनगर में आरआरटीएस कॉरिडोर और नमो भारत ट्रेन का प्रदर्शन किया। इस मौके पर गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, गृह मंत्री हर्ष संघवी समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने एनसीआरटीसी स्टॉल का दौरा किया। इस मौके पर एनसीआरटीसी के एमडी शलभ गोयल ने उनका स्वागत किया।



लखनऊ मण्डल के लखनऊ स्थित मंडलीय चिकित्सालय के रेडियोलॉजी विभाग में मंडल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा की उपस्थिति में रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता सागर सहित अन्य चिकित्सक ,पैरा मेडिकल स्टाफ एवं अन्य रेलकर्मी उपस्थित रहे ।

### विश्व मानक दिवस को आयोजन किया

**गुरुग्राम।** विश्व मानक दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य पर भारतीय मानक ब्यूरो, फरीदाबाद शाखा ने गुरुग्राम में समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीआईएस की निदेशक एवं प्रमुख विभा रानी, मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश ज्रावा, अधिवक्ता (एससी मोर्चा भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक पटौदी) ने किया।

### रेलवे स्टेशन पर रेल चौपाल का आयोजन

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेल चौपाल का आयोजन किया गया। विशेष अभियान 4.0 की थीम स्वच्छता ही संस्कार है। इस दौरान रेल यात्रियों से स्वच्छता को लेकर बात की गई। दिल्ली मंडल के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) अजय माइकल ने बताया कि यात्रियों ने साफ-सफाई को लेकर संतोष जताया है।

## कारोबारी क्षेत्र से जुड़े फंड ने 56% का मुनाफा दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कारोबारी चक्र से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश का प्रचलन बढ़ रहा है। पिछले साल इन म्यूचुअल फंड ने 32 से 56 प्रतिशत का मजबूत मुनाफा दिया है। इस दौरान प्रमुख कंपनियों की योजनाओं से निवेशकों को 50 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न मिला है।

आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में इस श्रेणी में उपलब्ध 16 ऐसे कोषों में से 10 म्यूचुअल फंड का रिकॉर्ड एक साल से ज्यादा का है। एक को छोड़कर सभी ने पिछले 12 महीनों में निफ्टी 500 टीआरआई से बेहतर प्रदर्शन किया है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, इन 10 फंड ने औसतन 42 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, शीर्ष तीन फंड ने इसी अवधि में 35.11 प्रतिशत तक रिटर्न दिया है। इस श्रेणी की प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां सितंबर, 2021 के 17,238 करोड़ रुपये से दोगुना से अधिक होकर 37,487 करोड़ रुपये हो गई हैं। निवेश विशेषज्ञों का कहना है कि यह शानदार वृद्धि इन कोष में निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाती है।

## विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड निकासी की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का सिलसिला जारी है। इस महीने एफपीआई ने अबतक भारतीय बाजार से रिकॉर्ड 85,790 करोड़ रुपये की निकासी की है।

चीन के प्रोत्साहन उपायों तथा घरेलू शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में लगातार बिकवाली कर रहे हैं। विदेशी कोषों की निकासी के मामले में अक्तूबर का महीना सबसे खराब साबित हो रहा है। मार्च, 2020 में, एफपीआई ने शेयरों से 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे।

# खरीदारी के लिए कर्ज लेते समय अतिरिक्त शुल्क भी जांचें

**दीपावली-2024**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दीपावली पांच दिन तक चलने वाला देश का सबसे बड़ा त्योहार है। इसकी शुरुआत आज से हो रही है। इसे धूमधाम से मनाने के लिए लोग मोटा बजट तय करते हैं। कई लोग कर्ज लेकर पैसों का इंतजाम करते हैं।

कई बैंक और वित्तीय संस्थाएं अलग-अलग ब्याज दर पर पर्सनल, लोन समेत फटाफट कर्ज की सुविधा देते हैं। लेकिन इसके लिए सही विकल्प का चुनाव करना बेहद जरूरी है। अगर आप भी इस दिवाली लोन लेने की योजना बना रहे हैं तो कर्ज देने वाले संस्थान और उससे जुड़े सभी तरह के शुल्कों की जरूर पड़ताल कर लें।

### पंजीकरण जरूर जांचें

आप जिस भी बैंक, वित्तीय संस्थान या फिनटेक कंपनी से कर्ज लें, उसके बारे में यह जरूर जांच लें कि वह आरबीआई के साथ पंजीकृत है या नहीं। आरबीआई ने अपनी वेबसाइट पर सभी वैध एनबीएफसी और फिनटेक कंपनियों की सूची प्रकाशित की है। यदि कोई कंपनी पंजीकृत नहीं है तो उससे कर्ज लेने से बचें।

### फर्जी लोन ऐप से बचें

इसके अलावा कई कंपनियां लोन ऐप्स के माध्यम से भी फटाफट कर्ज मुहैया कराती हैं। इस तरह के ऐप्स की भी आरबीआई की वेबसाइट पर जाकर जांच कर लें। कई बार ऐसी कंपनियां फर्जी होती हैं, जो कर्ज के जाल में ग्राहकों को फंसा लेती हैं।

### केवाईसी जरूर कराएं

वैध लोन ऐप्स कंपनियां केवाईसी किए बैगर कर्ज नहीं देती हैं। इसलिए अपनी जानकारी को जरूर सत्यापित करवाएं। अगर कोई कंपनी या लोन ऐप इस प्रक्रिया के बैगर कर्ज देने का दावा कर रहे हैं तो सतर्क हो जाएं।



### छिपे हुए इन शुल्कों पर ध्यान दें

1. **विलंबित भुगतान शुल्क** : किस्त का भुगतान करने से चूकने पर यह शुल्क लगता है, जो बकाया राशि का एक प्रतिशत होता है।
2. **ईएमआई डिफॉल्ट शुल्क** : लिंक किए गए बैंक खाते में अपर्याप्त धनराशि के कारण ईएमआई भुगतान विफल हो जाता है, तो यह शुल्क देना पड़ सकता है।
3. **दंडात्मक ब्याज** : बिना भुगतान वाली किस्त पर अतिरिक्त ब्याज देना पड़ सकता है, जो एक से दो फीसदी तक हो सकता है।
4. **शेष राशि स्थानांतरण शुल्क** : यदि मौजूदा कर्ज को किसी अन्य ऋणदाता कंपनी में स्थानांतरित करते हैं तो इस प्रक्रिया के लिए भी शुल्क लग सकता है, क्योंकि इससे बैंक और संस्थान को संभावित ब्याज का नुकसान होगा।
5. **ईसीएस स्वैपिंग शुल्क** : जब ग्राहक ईसीएस भुगतान के लिए बैंक खाते का विवरण देता है, जिससे ईएमआई काटी जाती है, उसे खाते को बदलने पर ईसीएस स्वैपिंग शुल्क लग सकता है।

**दस्तावेजों को अच्छे से पढ़ें**

कर्ज समझौते के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले बारीक अक्षरों समेत सभी नियम और शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ें और समझें। यदि कोई ऐसा शब्द या नियम ऐसा है, जिसे आप समझ नहीं पा रहे हैं तो कंपनी से स्पष्टीकरण मांगें। अगर कंपनी जानकारी नहीं दे रही है तो कर्ज लेने से बचें।

## अपना देश

# सीईआरटी-इन ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से आगाह किया

**सतर्कता**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन ने रविवार को एक सूची जारी कर ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में लोगों को आगाह किया है।

इसमें जालसाजों द्वारा लोगों से पैसे ऐंठने और निजी डेटा चुराने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डिजिटल अरेस्ट सहित एक दर्जन तरीकों का उल्लेख किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों को इस तरह की धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया है।

भारतीय कम्प्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी-इन) की सलाह में कहा गया है कि डिजिटल अरेस्ट एक ऑनलाइन फरेब है, क्योंकि सरकारी एजेंसियां स्काइप जैसे प्लेटफार्मों का उपयोग नहीं करती हैं।

इसने सिफारिश की है कि संबंधित एजेंसी से सीधे संपर्क करके उनकी पहचान सत्यापित करें। परामर्श में कहा गया है कि डिजिटल अरेस्ट के मामले में पीड़ितों को फोन कॉल, ई-मेल या संदेश प्राप्त होता है जिसमें दावा किया जाता है कि वे (पीड़ित) पहचान की चोरी या धन शोधन जैसी अवैध गतिविधियों के लिए जांच के दायरे में हैं। परामर्श में ऐसे अपराधियों के संपर्क में आने वाले लोगों से कहा गया है कि वे घबराएं नहीं, क्योंकि फरेबी पीड़ितों को गुमराह करने के लिए भयाक्रांत करते हैं।

**जल्दबाजी में व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें :** सीईआरटी-इन ने कहा कि प्रतिक्रिया देने से पहले स्थिति का शांतिपूर्वक आकलन करने के लिए कुछ समय लें। व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें और फोन या वीडियो कॉल पर कभी भी संवेदनशील व्यक्तिगत या वित्तीय विवरण साझा न करें। इसने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को दबाव में धन हस्तांतरित नहीं करना चाहिए क्योंकि कानून प्रवर्तन एजेंसियां तुरंत पैसे भेजने के लिए आप पर कभी दबाव नहीं डालेंगी। इसमें कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति फोन या ऑनलाइन माध्यम से पैसों की मांग करता है, तो ठगी होने की अधिक आशंका है।

### पैसे ऐंठने के तरीके

1. **डिजिटल गिरफ्तारी** : धोखेबाज अधिकारी बनकर पेश आते हैं और पैसे ट्रांसफर नहीं करने पर गिरफ्तारी की धमकी देते हैं।
2. **फिशिंग** : नकली ईमेल विश्वसनीय संगठनों की नकल करते हैं ताकि जानकारी चोरी हो सके।
3. **लॉटरी का लालच** : पीड़ितों को बताया जाता है कि उन्होंने पैसे जीते हैं, लेकिन इसे दावा करने के लिए भुगतान करना होगा।
4. **नौकरी का झांसा** : नकली नौकरी लिस्टिंग नए स्नातकों को निशाना बनाती है।
5. **तकनीकी सहायता** : कंप्यूटर तक पहुंच पाने को वायरस की चेतावनी दी जाती है।
6. **निवेश का लालच** : पोंजी योजनाएं निवेश पर अवास्तविक रिटर्न का वादा करती हैं।
7. **नकली चैरिटी** : धोखाधड़ी की वेबसाइटें गैर-मौजूद कारणों के लिए दान मांगती हैं।
8. **पार्सल का दावा** : पीड़ितों को पार्सल के लिए कानूनी कार्रवाई की धमकी दी जाती है।
9. **लोन का ऑफर** : कम ब्याज वाले ऋण प्रदान किए जाते हैं, लेकिन अग्रिम शुल्क का भुगतान करने के बाद गायब हो जाते हैं।
10. **कैश ऑन डिलीवरी** : पैसे का ट्रांसफर करना, सस्ते सामान का ऑफर।



# उत्तराखंड में दूसरे राज्य वालों को आरक्षण नहीं

- कार्मिक व समाज कल्याण के बाद न्याय विभाग ने भी शिक्षक भर्ती पर दी राय

**देहरादून।** उत्तराखंड की नौकरियों में दूसरे राज्य के व्यक्ति को समान श्रेणी में आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। उत्तराखंड की बेसिक शिक्षक भर्ती में शामिल दूसरे राज्य के अभ्यर्थियों की वजह से उठे विवाद को लेकर कार्मिक विभाग ने आरक्षण पर स्पष्ट राय दे दी है।

दरअसल, पुनर्गठन अधिनियम की पांचवीं-छठीं अनुसूची में उत्तराखंड की अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति अलग से चिन्हित हो चुकी है। ऐसे में उत्तराखंड के अलावा किसी दूसरे प्रदेश के अभ्यर्थी को राज्याधीन सेवाओं में एससी-एसटी के लिए मान्य आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता।

सूत्रों के अनुसार, मामले में कार्मिक व समाज कल्याण विभाग के बाद शिक्षा सचिव रविनाथ रमन ने न्याय विभाग से भी परामर्श मांगा था। न्याय विभाग की राय भी कार्मिक के अनुसार ही आई।

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**
वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, छठा तल, टावर-एफ, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029
TRAI

**रिक्ति परिपत्र संख्याः 1-05/2024-प्रशासन एवं कार्मिक**

**विषयः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर संयुक्त सलाहकार (विधि) के पद को भरने के संबध में: आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।**

उक्त विषयक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 09 अगस्त, 2024 व 20 सितम्बर 2024 में संदर्भ में, जिसके भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा अपने मुख्यालय, नई दिल्ली में निम्नलिखित पद को प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा-शर्तों के आधार पर भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये थेः-

| पद का नाम | वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन |
|---|---|
| संयुक्त सलाहकार (विधि) | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के तहत वेतन लेवल-13, रुपये 123100-215900 (पूर्व संशोधित वेतन बैंड-4, रुपये 37400-67000+ग्रेड वेतन रुपये 8700) |

2. ऑनलाइनआवेदन-पत्र करने की अंतिम तिथि को **11 नवंबर 2024** तक बढ़ाया गया है।
3. अन्य विवरण तथा आवेदन-पत्र भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

सीबीसी 06202/12/0049/2425

## कारोबारी चर्चा

कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

### बिरला पब्लिक स्कूल, किशनगढ़ में ग्यारहवें वार्षिकोत्सव 'भारतान्वेषणम्' का भव्य आयोजन

बिरला शिक्षा न्यास, पिलानी द्वारा संचालित बिरला पब्लिक स्कूल, किशनगढ़ ने ग्यारहवें वार्षिकोत्सव 'भारतान्वेषणम् का भव्य आयोजन किया। यह समारोह विद्यालयके प्रधानाचार्य सौरभ कुमार गुहा के कुशल निर्देशन में हर्षोल्लास और धूम-धाम के साथ मनाया गया।

वार्षिकोत्सव 'भारतान्वेषणम्' के माध्यम से भारत की विविधता, संस्कृति और एकता का उत्सव मनाया गया, जिसके तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारत के महान व्यक्तित्वों और उनके योगदानों को प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



### दीवाली के शुभ अवसर पर विद्यार्थियों को उत्कर्ष की सौगात, ऑनलाइन कोर्सेस पर 03 नवंबर तक बड़ी छूट...

उत्कर्ष क्लासेस द्वारा दीपावली के शुभ अवसर को विद्यार्थियों के लिए और भी खास बनाते हुए उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर दीवाली ट्रिपल धमाका ऑफर की घोषणा की गई है जिसके तहत 03 नवंबर तक उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर 90 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कोर्स पर 3 माह की अतिरिक्त वैद्यता तथा लाइव फ्रॉम क्लासरूम कोर्स के साथ रिकॉर्डेड कोर्स भी निःशुल्क दिया जाएगा। उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने देश भर के विद्यार्थियो को दीपावली के पावन त्योहार की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित कर बताया कि उत्कर्ष एप में उपलब्ध कोर्सेस पर दीवाली ट्रिपल धमाका ऑफर दिया जा रहा है।

UTKARSH CLASSES

### सलोनी सरसों तेल ने अयोध्या में किया डीलर मीट का आयोजन

सलोनी सरसो तेल एवं संजोली मसालों के निर्माताओं ने अयोध्या के होटल रॉयल हैरीटेज में अपने बिहार स्थित दौ सौ से भी ज्यादा डीलर्स / डिस्ट्रीब्यूटर्स व अन्य अधिकृत विक्रेताओं हेतु डीलर मीट का आयोजन किया। राठौर ने बताया सलोनी सरसों तेल एवं संजोली मसाले आज देश के अग्रणी ब्रांड के रूप में जाना जाता है अपने शानदार तीस वर्ष पूर्ण कर चुकि ग्रेड 1 कच्ची घानी सरसों तेल बेचने वाली प्रतिष्ठित कंपनी महेश एडिबल ऑयल कंपनी के शुरूआत से गुणवत्ता और शुद्धता का पूरा ध्यान रखती आयी है।



### बजाज ऑटो ने लॉन्च की Pulsar N125 अब तक की सबसे युवा पल्सर

बजाज ऑटो लिमिटेड, जो दुनिया की सबसे मूल्यवान टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर कंपनी है, ने पल्सर N125 को पल्सर N सीरीज के नए मॉडल के रूप में लॉन्च करने की घोषणा की है।

नई जनरेशन का डिजाइन, मजेदार और स्पोर्टी परफॉर्मेंस के साथ-साथ शहर-केंद्रित उपयोगिता वाली यह बाइक युवाओं और जोशीले मोटरसाइक्लिस्ट को शहर में राइडिंग का एक बिल्कुल नया अनुभव देगी।

Pulsar N125 को खासतौर पर शहर के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे यह शहर की ट्रैफिक में आसानी से रास्ता बना लेती है।

इस बाइक का कॉम्पैक्ट डिजाइन, शार्प टर्निंग रेडियस, 125 किलो का लो कर्ब वजन और प्लांटेड, स्टेबल फील इसे रोजमर्रा की राइडिंग के लिए आदर्श बनाता है, साथ ही यह धमाल, तेज और असली पल्सर का अनुभव भी देती है। इसका हैंडल आसानी से मुड़ता है जिससे कॉर्नरिंग आसानी से की जा सकती है। इसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चलाना आसान है।

### केडिया सेजस्थान जयपुर में कोठी खरीदने वालों की भारी भीड़ उमड़ी...

इस दीवाली केडिया सेजस्थान में 'महा दीवाली' मनेगी, बढ़ेगी 15 लाख रेट, होगा 15 लाख का महा-लाभ। इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग धनतेरस के शुभ मुहूर्त में बुकिंग करने के लिए अपनी यूनिट रिजर्व करवा कर जा रहे हैं क्योंकि केडिया सेजस्थान में गिनती की कुछ ही कोठी बची हैं।

केडिया सेजस्थान, जो अजमेर रोड, जयपुर पर स्थित है, यहां 2-3 BHK वॉक-अप अपार्टमेंट और 3-4 BHK कोठियां उपलब्ध हैं। वॉक-अप अपार्टमेंट्स की कीमतें 63.45 लाख से शुरू होती हैं, जबकि कोठियों की कीमतें 84.60 लाख से आरंभ हैं जो कि दिवाली बाद करोड़ों की हो जाएंगी।



### सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने धनतेरस कलेक्शन का अनावरण किया

सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के भारत भर में 167 शोरूम है, यह एक ऐसा ब्रांड है जिसकी 85 वर्षों की विरासत है। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स को लगातार चौथे वर्ष भी टी.आर.ए. द्वारा दूसरा सबसे भरोसेमंद आभूषण ब्रांड के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इस धनतेरस पर सेनको गोल्ड एंड डायमंडस आपके लिए 1 ग्राम से लेकर 200 ग्राम तक के विभिन्न प्रकार के संग्रह और डिजाइन लेकर आया है, जो हर खरीदार की रुचि और पसंद पर खरा उतरते हैं। श्री-धन को ध्यान में रखते हुए, भव्य उत्सव के एक भाग के रूप में, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने शगुन कलेक्शन के तहत कई डिजाइन और आभूषणों की पूरी श्रृंखला लॉन्च की, जिसमें 1 लाख से शुरू होने वाले ब्राइडल डिजाइन शामिल है।

Shagun COLLECTION

### 15 अक्टूबर, 2024 को एस.आर.एम.आई.एस.टी. में एम.एस.एम.ई. को सशक्त बनाने के लिये पैनल के द्वारा विशेष चर्चा की गई

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल और इंक्यूबेशन सेल के सहयोग से डिजिटल दुनिया में व्यापार के भविष्य को आगे बढ़ाने एवं एम.एस.एम.ई. को सशक्त बनाने के लिए पैनल चर्चा राधाकृष्णन हॉल एस.आर.एम.आई.एस.टी. में आयोजित की गई। इस अवसर पर कई दिग्गजों का स्वागत करने का सम्मान प्राप्त हुआ। यह चर्चा बीटेक के छात्रों की के लिये आयोजित की गयी थी।

सभी पैनलिस्ट्स ने अपने-अपने मुख्य एवं महत्वपूर्ण विचार व्यापार को डिजिटल दुनिया में आगे बढ़ाने के लिए प्रस्तुत और साझा किए। उन सभी के अनुभव और ज्ञान ने सभी छात्रों को बेहद लाभान्वित किय।

### गृह मंत्री अमित शाह ने की आरसीडीएफ की सराहना, गोबरधन योजना में कार्बन क्रेडिट की पहली किश्त की जारी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गोबरधन योजना के अन्तर्गत आ रहे कान्तिकारी बदलाव को रेखांकित करते हुए राजस्थान राज्य में डेयरी विकास कार्यक्रम की सराहना की है। उन्होंने भीलवाड़ा मे लागू की जा रही गोबरधन योजना के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि गोबर उठाने वाली महिलाएं अब कार्बन क्रेडिट जमा कर अतिरिक्त आय पैदा कर रही हैं। साथ ही उन्होंने कार्बन क्रेडिट की पहली किश्त जारी की।



### सोनालिका ने अब तक की सर्वाधिक घरेलू YTD बिक्री 63,136 ट्रैक्टर्स के साथ नया उच्च प्रदर्शन दर्ज किया

भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालिका ट्रैक्टर्स वित्त वर्ष 25 में एक नया बेंचमार्क प्रदर्शन स्थापित करने और ट्रैक्टर उद्योग के पावरहाउस के रूप में अपनी क्षमता फिर से साबित करके उत्साहित है। सबसे बड़े त्योहारी सीजन की शुरुआत में, कंपनी ने अपनी अब तक की सर्वाधिक YTD घरेलू बिक्री 63,136 ट्रैक्टर्स दर्ज की है और घरेलू उद्योग में मार्किट शेयर में बढ़ोतरी दर्ज करने वाले प्रमुख ब्रांड में से एक रहा।



**ताकत**

भारतीय नौसेना अपने बेड़े में अत्याधुनिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों को जल्द से जल्द शामिल करना चाहती है। इसके लिए वर्ष 2021 में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने छह पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किया था।

# भारत की पनडुब्बी परियोजना के लिए जर्मनी-स्पेन में होड़



**क्या है प्रोजेक्ट-75आई**

- 43,000 करोड़ रुपए की लागत से छह पनडुब्बियों का निर्माण किया जाएगा
- स्वदेशी पनडुब्बी के लिए भारतीय नौसेना की 30 वर्षीय योजना का हिस्सा
- कंपनी को भारत में इन पनडुब्बियों का निर्माण तकनीक ट्रांसफर के साथ करना होगा

**12** दिनों तक पानी के नीचे रहने में सक्षम होंगी पनडुब्बियां

**खास होंगी पनडुब्बियां**

- अत्याधुनिक एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) प्रणाली से लैस
- लंबे समय तक बैकअप देने वाली लिथियम-आयन बैटरी लगी होंगी
- 12 दिनों तक लगातार पानी के नीचे रहने में सक्षम होंगी
- स्टील्थ तकनीक होने से दुश्मन की नजर से दूर रहेंगी
- परमाणु हथियारों से लैस किया जा सकेगा

**इन कंपनियों से चल रही बात**

- जर्मन पनडुब्बी निर्माता कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स अनुबंध हासिल करने की उम्मीद कर रहा है। टीकेएमएस ने भारत को 214-क्लास की पनडुब्बियों की पेशकश की है। टीकेएमएस की 214-क्लास की पनडुब्बियों में एआईपी तकनीक पहले से ही है।
- स्पेन ने भारत को एआईपी तकनीक से लैस एस-80 क्लास स्टील्थ पनडुब्बियां देने की पेशकश की है। इन पनडुब्बियों का निर्माण स्पेन की कंपनी नवंतिया ने किया है। कंपनी इन पनडुब्बियों की खरीद करने पर भारत को तकनीक ट्रांसफर करने को भी तैयार है।

**भारतीय नौसेना ने परीक्षण पूरे किए**

भारतीय नौसेना ने टीकेएमएस और नवंतिया द्वारा पेश की गई एआईपी प्रणाली के परीक्षण पूरे कर लिए हैं। निरीक्षण दल तकनीकी रिपोर्ट बना रहा है। टीकेएमएस ने सरकारी कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ समझौता किया है, जबकि नवंतिया ने निजी कंपनी लार्सन एंड टूब्रो के साथ समझौता किया है।

**विदेश 30s**



यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में रविवार को यूक्रेनी सेना ने रूसी सैनिकों पर टैंकों के माध्यम से गोलीबारी की। • रॉयटर्स

### रूस ने यूक्रेन के 51 ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रूस के सात क्षेत्रों और आजोव सागर के ऊपर यूक्रेन के 51 ड्रोन को मार गिराया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि यूक्रेन रूसी क्षेत्रों को लक्ष्य करके ड्रोन हमलों को अंजाम देने का प्रयास कर रहा था। वायु रक्षा प्रणालियों ने 51 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। टैम्बोव क्षेत्र में 18 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में 16, ब्रांस्क, लिपेत्स्क और ओर्योल में चार-चार, वोरोनिश क्षेत्र में तीन और कुर्स्क क्षेत्र में एक ड्रोन को नष्ट किया।

### माउंट मारापी में ज्वालामुखी विस्फोट

**पडांग।** इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक में रविवार को विस्फोट होने से तीन बार राख के गुबार उठे और आसपास के गांवों में मलबा फैल गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मारापी निगरानी चौकी पर इंडोनेशिया के ज्वालामुखी विज्ञान और भूगर्भीय खतरा शमन केंद्र के अधिकारी अहमद रिफांदी ने बताया कि इससे निकला गर्म लावा कई मील तक फैल गया। विस्फोट से 2,000 मीटर की ऊंचाई तक राख के गुबार उठे।

### नेपाल ने एयर एशिया का परमिट निलंबित किया

**काठमांडू।** नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने बिना अनुमति नेपाली हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए थाई एयर एशिया एयरबस के खिलाफ कार्रवाई की है। थाईलैंड से काठमांडू जा रही थाई एयर एशिया एयरबस को रविवार को त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की मंजूरी मिलने से पहले लगभग एक घंटे तक नेपाली हवाई क्षेत्र में रोका गया। सीएएएन के प्रवक्ता ज्ञानेंद्र भुल के अनुसार, थाई एयर एशिया की उड़ान को निलंबित कर दिया गया है।

### श्रीलंका में स्थानीय चुनाव में एनपीपी की जीत

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने शनिवार को हुए एल्पिटिया स्थानीय सरकार के चुनाव में जीत हासिल की। चुनाव आयोग के अनुसार, पार्टी ने 28 उपलब्ध सीटों में से 15 सीटें हासिल की हैं। एनपीपी को 17,295 वोट मिले। 21 सितंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में दिसानायके के मुख्य प्रतिद्वंद्वी साजिथ प्रेमदासा के नेतृत्व वाली समागी जना बालवेगया 7,924 मतों के साथ छह सीटें जीतकर दूसरे स्थान पर रही।

### पाकिस्तान ने फिर चीन के आगे हाथ फैलाए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने चीन से अतिरिक्त 10 अरब युआन (1.4 अरब डॉलर) का कर्ज देने का अनुरोध किया है। रविवार को जारी एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। वित्त मंत्रालय द्वारा शनिवार देर रात जारी बयान में कहा गया कि वित मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने वाशिंगटन में आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान चीन के वित्त उप मंत्री लियाओ मिन से मुलाकात की और उनसे सीमा को बढ़ाकर 40 अरब युआन करने का अनुरोध किया।

### चीन में जन्मदर गिरने से कई किंडर गॉटन बंद

**बीजिंग।** चीन में जनसांख्यिकीय संकट गहराता जा रहा है और जन्म दर में गिरावट एवं बच्चों के नामांकन में गिरावट के मद्देनजर हजारों नामी किंडर गार्टन बंद हो गए हैं। एक अधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चीन के शिक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में किंडरगार्टन की संख्या में 14,808 की कमी आई और यह घटकर 274,400 रह गई है। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने रविवार को बताया कि किंडरगार्टन में नामांकित बच्चों की संख्या में लगातार तीसरे वर्ष गिरावट आई है।

**दावा : सैन्य ठिकानों पर हुए हमले में नुकसान की पुष्टि उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से हुई**

# ईरान के परमाणु परीक्षण स्थल को इजरायल ने निशाना बनाया



**पश्चिम एशिया में तनाव**

**दुबई, एजेंसी।** इजरायल के हमले से ईरान की राजधानी के दक्षिण-पूर्व में स्थित गुप्त सैन्य अड्डे को काफी नुकसान पहुंचा है। विशेषज्ञों ने पूर्व में इस जगह को परमाणु हथियार कार्यक्रम से संबद्ध बताया था। वहीं, आईएईए ने संदेह जताया है कि ईरान ने यहां परमाणु हथियार से संबद्ध विस्फोटकों का परीक्षण किया था।

उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों का रविवार को विश्लेषण किया, जिससे पता चला है कि क्षतिग्रस्त हुई कुछ इमारतें ईरान के पारचिन सैन्य अड्डे में स्थित थीं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को संदेह है कि ईरान ने पूर्व में इस जगह पर परमाणु हथियार से संबद्ध विस्फोटकों का परीक्षण किया था। हालांकि ईरान लंबे समय से इस बात पर जोर देता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए), पश्चिमी खुफिया एजेंसियों और अन्य का कहना है कि तेहरान 2003 तक हथियार कार्यक्रम सक्रिय रूप से संचालित कर रहा था।

वहीं, आईएईए का नेतृत्व करने वाले राफेल मारियानो ग्रॉसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर कोई असर नहीं पड़ा है। वहीं, एक अन्य सैन्य अड्डे को नुकसान पहुंचा है, जो ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से जुड़ा था।



ईरान के परमाणु परीक्षण स्थल की यह तस्वीर उपग्रह के माध्यम से ली गई है। दोनों देशों में तनाव के बीच इजरायल की सेना ने हवाई हमले किए। इस दौरान यहां भारी नुकसान पहुंचा है। • एपी

**ईरान ने तस्वीर जारी नहीं की**

यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि इजरायली हमले में कुल कितने स्थलों को निशाना बनाया गया। ईरान की सेना ने अभी तक नुकसान की कोई तस्वीर जारी नहीं की है।

**यहां हुई सबसे ज्यादा क्षति**

ईरानी अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों की पहचान इलम, खुजस्तान और तेहरान प्रांतों के रूप में की है। यहां सबसे ज्यादा क्षति हुई है।

1 इलम प्रांत में ईरान के तांगे बिजार प्राकृतिक गैस उत्पादन स्थल के आसपास प्लैनेट लैब्स पीबीसी की उपग्रह तस्वीरों में जले हुए खेत देखे जा सकते हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये तस्वीरें हमले से संबंधित हैं या नहीं।

2 प्लैनेट लैब्स की तस्वीरों में भी नुकसान देखा जा सकता है, जो तेहरान से लगभग 40 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मामालू बांध के पास पारचिन में हुआ है। यहां एक ढांचा पूरी तरह से नष्ट हो गया।

# प्रदर्शनकारियों ने नेतन्याहू के संबोधन में हंगामा किया

**विरोध**

**रमत हशारो, एजेंसी।** दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के पीड़ितों की याद में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संबोधन को प्रदर्शनकारियों ने बाधित किया। प्रदर्शनकारियों ने शर्म करो के नारे लगाए और हंगामा किया, जिससे नेतन्याहू को अपना भाषण शुरू होने के कुछ ही समय बाद रोकना पड़ा।

इस प्रमुख स्मृति कार्यक्रम का पूरे देश में सीधा प्रसारण किया जा रहा है। इजरायलियों का मानना है कि नेतन्याहू की विफलताओं के कारण ही हमास सात अक्तूबर, 2023 को हमला कर पाया था। ये गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए शेष बंधकों को अब तक नहीं छुड़ाने के लिए भी नेतन्याहू को जिम्मेदार मानते हैं।

**'ईरान पर हमले से सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं'**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि



इजराइल के हमलों से ईरान को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है। इससे इजरायल के सभी लक्ष्य पूरे हो गए हैं। इजराइल के लड़ाकू विमानों ने ईरान में कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था।

**गाजा में 22 लोगों की मौत :** इजरायल लगातार गाजा पर हवाई और जमीनी हमले कर रहा है। उसने शनिवार देर रात भी उत्तरी गाजा पर हमला किया। इसमें 22 लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

# इजरायल को समझानी होगी युवाओं की ताकत : खामेनेई

**दीर अल-बलाह, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने रविवार को कहा कि ईरान पर हुए इजरायल के हमले को न तो बढ़ा-चढ़ाकर और न ही कम करके बताया जाना चाहिए। इसके साथ ही कहा कि इजरायल को ईरानी युवाओं की ताकत के बारे में समझाना जरूरी है।

बहरहाल, खामेनेई ने इस हमले के बाद जवाबी कार्रवाई का आह्वान करने से परहेज किया। उनकी ये टिप्पणियां संकेत देती हैं कि ईरान इस हमले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया पर सावधानीपूर्वक विचार कर रहा है। ईरान की सेना पहले ही कह चुकी है कि गाजा पट्टी या लेबनान में संघर्ष विराम इजरायल पर किसी भी जवाबी हमले से बेहतर है, लेकिन ईरानी अधिकारियों ने यह भी कहा है कि उनके पास जवाब देने का अधिकार है। इजरायली शासन की गलतफहमियों को दूर किया जाना चाहिए। उन्हें ईरानी राष्ट्र और उसके युवाओं की ताकत एवं इच्छाशक्ति के बारे में समझाना जरूरी है।



**सर्वोच्च नेता ने कहा- हमलों को बढ़ा-चढ़ा कर न बताएं**

# जापान में सत्तारूढ़ पार्टी के लिए बहुमत पाना मुश्किल

**टोक्यो, एजेंसी।** संसदीय चुनाव जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के लिए अच्छे संकेत नहीं दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती अनुमानों के अनुसार सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सहयोगी कोमिटो के लिए निचले सदन में बहुमत हासिल करना मुश्किल है।

अगर सत्तारूढ़ एलडीपी-कोमिटो ब्लॉक निचले सदन में अपना बहुमत खो देता है, तो ऐसा 15 वर्षों में पहली बार होगा। सत्ता में बने रहने के लिए इशिबा को गठबंधन में तीसरे दल को शामिल करना होगा। यह चुनाव स्लश फंड घोटाले के बाद पहला राष्ट्रव्यापी मतदान है, जिसने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को हिलाकर रख दिया था। इसकी वजह से जनता का पार्टी में विश्वास कम हुआ। इसी के चलते फुमियो किशिदा को प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था। सरकारी ब्रॉडकास्टर एनएचके के मुताबिक जापान के आम चुनाव में कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। रविवार रात 8 बजे तक मतदान केंद्र बंद हो गए।

**किसको कितनी सीटें**

सामाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक एनएचके के पूर्वानुमानों से पता चला कि सत्तारूढ गठबंधन को प्रतिनिधि सभा में 174 से 254 सीटें मिलने का अनुमान है, जिससे गठबंधन का 233 सीटों के साधारण बहुमत का लक्ष्य अनिश्चित हो गया है। अकेले एलडीपी के लिए अनुमानित सीट संख्या 153 से 219 तक है, जिससे यह तय है कि पार्टी संसद के निचले सदन में पूर्ण बहुमत से चूक जाएगी। सहयोगी कोमिटो को 21 से 35 सीटें मिलने की उम्मीद है।

# श्रीलंका ने भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका भी जब्त कर ली है। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। श्रीलंका नौसेना ने बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उत्तरी प्रांत जाफना के प्वाइंट पेड्रो तट से उनकी नौका भी जब्त की गई है।

मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया। श्रीलंकाई नौसेना ने 2024 में अब तक द्वीप के समुद्री क्षेत्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 462 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी 62 नौकाओं को जब्त किया है।

# टेस्ला कार में आग लगने से चार भारतीयों की मौत

**हादसा**

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा में टोरंटो के करीब एक टेस्ला कार के डिवाइडर से टकराने के बाद आग लगने से चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। मृतकों में गुजरात के गोधरा में रहने वाले एक भाई-बहन भी शामिल हैं। वे मौत का शिकार हुए दो अन्य व्यक्तियों के साथ यात्रा कर रहे थे।

यह हादसा गुरुवार को आधी रात में हुआ। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि पीड़ित कहां जा रहे थे या उनकी टेस्ला कार सेल्फ-ड्राइविंग मॉडल थी या नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डिवाइडर से टकराने के बाद कार की बैटरी में भीषण आग लग गई।

हादसे में घटनास्थल पर ही चारों व्यक्तियों की मौत हो गई। मृतकों में गोधरा के रहने वाले 30 वर्षीय केटा गोहिल और 26 वर्षीय नील शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 20 साल की एक महिला को जलती कार से बाहर निकाला गया। उसे गंभीर स्थिति में अस्पताल ले जाया गया। वहां से गुजर रहे एक चालक रिक हार्पर ने बताया कि जब उन्होंने पहली बार हादसाग्रस्त कार को देखा तो उसमें आग की तेज लपटें नजर आईं।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे के बाद कई कारें मदद के लिए रुकीं और लोगों ने कार की खिड़कियों तोड़ने की कोशिश की। एक राहगीर ने कहा कि पीड़ित खिड़की के शीशे तोड़कर जलती गाड़ी से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे।

- **कनाडा में टोरंटो के पास डिवाइडर से टकराकर गाड़ी में भीषण आग लगी**

# पूर्व सेनाध्यक्ष और 10 पूर्व मंत्री तलब

**नरसंहार मामला**

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने जुलाई-अगस्त में विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ कथित अपराधों और नरसंहार के सिलसिले में रविवार को 20 लोगों को तलब किया। इनमें पूर्व सेनाध्यक्ष जियाउल अहसान, 10 पूर्व मंत्रियों और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के दो सलाहकार शामिल हैं।

विद्रोह में 753 लोग मारे गए और हजारों घायल हुए, जिसे आईसीटी अभियोजन टीम और अंतरिम सरकार ने मानवता के खिलाफ अपराध एवं नरसंहार करार दिया। हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अब तक आईसीटी की जांच एजेंसी और अभियोजन टीम के समक्ष मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार की 60 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं।

# शेख हसीना के खिलाफ हत्या मामले में रिपोर्ट सौंपें : अदालत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अदालत ने पुलिस को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 23 अन्य के खिलाफ दर्ज हत्या के मामले की जांच रिपोर्ट 28 नवंबर तक सौंपने का शनिवार को आदेश दिया। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

हत्या का यह मामला ढाका के मीरपुर में 18 वर्षीय कॉलेज छात्र की मौत को लेकर दर्ज किया गया है। उनकी मौत छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों पर हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान हुई थी। इन प्रदर्शनों के कारण हसीना को प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा। 77 वर्षीय हसीना सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण पांच अगस्त को देश छोड़कर भारत चली गई थीं। ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद जियादुर रहमान ने 28 नवंबर तक जांच रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया।

हसीना पर 225 मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या के 194 और नरसंहार के 16, अपहरण के तीन, हत्या के प्रयास के 11 मामले शामिल हैं।



**प्रदर्शनों के कारण हसीना को प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा था**

**अमेरिका में चुनाव** | **ट्रंप ने प्रचार के दौरान राष्ट्रपति चुने जाने पर आव्रजन नीतियों को सख्त बनाने का वादा किया था, भारतीयों समेत कई देशों के अप्रवासी चिंतित**

# राष्ट्रपति चुनाव में आव्रजन अहम मुद्दा बनकर उभरा

**अटलांटा, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में महज नौ दिन बचे हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार के दौरान आव्रजन एक अहम मुद्दा बनकर उभरा है। भारत सहित विभिन्न दक्षिण एशियाई देशों के आप्रवासियों को डर सता रहा है कि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के जीतने पर उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

दरअसल, ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान दिए भाषणों में राष्ट्रपति चुने जाने पर न सिर्फ वाशिंगटन की आव्रजन नीतियों को सख्त बनाने का वादा किया है, बल्कि अमेरिकी इतिहास में बिना दस्तावेज वाले आप्रवासियों का सबसे बड़ा घरेलू निर्वासन अभियान चलाने और मौजूदा शरणार्थी कार्यक्रमों की समीक्षा करने का संकल्प भी लिया है। पूर्व राष्ट्रपति ने अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले अप्रवासियों के बच्चों के लिए जन्मसिद्ध नागरिकता के प्रावधान को समाप्त करने का भी वादा किया है, जिससे भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान सहित विभिन्न देशों के आप्रवासियों की चिंताएं बढ़ गई हैं। आप्रवासन समर्थक समूहों ने आव्रजन पर बयानबाजी को लेकर ट्रंप की आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करने का संकल्प कानूनी रूप से सवालों के घेरे में है, क्योंकि जन्मसिद्ध नागरिकता अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन में निहित है।


**आव्रजन प्रणाली चरमराई : हैरिस**

डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी अवैध आव्रजन को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा है कि अमेरिकी आव्रजन प्रणाली चरमरा गई है और इसे दुरुस्त करने के लिए विधायी उपाय किए जाने की जरूरत है। 78 वर्षीय ट्रंप ने इस हफ्ते एक चुनावी रैली में 60 वर्षीय हैरिस पर आप्रवासी गिरोहों और अवैध विदेशी अपराधियों को अमेरिका में लाने का आरोप लगाया था।



**ट्रंप के साथ 88 फीसदी लोग**

प्यू रिसर्च की एक सर्वे रिपोर्ट से पता चलता है कि राष्ट्रपति चुनाव के दोनों उम्मीदवारों के समर्थक सामूहिक निर्वासन के मसले पर अलग-अलग राय रखते हैं, लेकिन सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर वे एकमत हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 88 फीसदी ट्रंप समर्थक अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे आप्रवासियों को बड़े पैमाने पर निर्वासित करने के पक्ष में हैं। इसके विपरीत केवल 27 प्रतिशत हैरिस समर्थक बड़े पैमाने पर निर्वासन का समर्थन करते हैं, जबकि 72 प्रतिशत इसके खिलाफ हैं।



**मिशेल ने हैरिस के समर्थन में रैली की**

**केलमजू, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा ने पुरुषों से कमला हैरिस का समर्थन करने की अपील की, जिससे वह देश की पहली महिला राष्ट्रपति बन सकें। हैरिस के समर्थन में मिशिगन में शनिवार को एक रैली में मिशेल ओबामा ने कहा कि यदि डोनाल्ड ट्रंप पुनः राष्ट्रपति बनते हैं तो महिलाओं की जान खतरे में पड़ जाएगी। अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला ने गर्भपात के संवैधानिक अधिकारों को खत्म करने के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है।



### ट्रंप को खतरा बताने वाले ही खतरा : मस्क

**लैंकेस्टर, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया। साथ ही कहा कि जो लोग पूर्व राष्ट्रपति को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हैं, वे स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मस्क ने शनिवार रात पेंसिल्वेनिया में एक टाउन हॉल को संबोधित किया। उन्होंने अमेरिका के संसदीय परिसर यूएस कैपिटल में हुए दंगों के संदर्भ में कहा कि इस घटना को एक प्रकार का हिंसक विद्रोह कहा गया, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है।



# ब्रिटेन के संगीतकार को नेजल स्प्रे लेना पड़ा महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसी भी चीज की अति मनुष्य के लिए घातक है, चाहे वह खाने-पीने की वस्तु हो या कोई मादक पदार्थ। तमाम जागरुकता अभियानों के बावजूद लोग अजीबोगरीब चीजों का नशा करते हैं।

ऐसा की एक मामला ब्रिटेन में सामने आया है। यहां एक युवा संगीतकार ने जुकाम होने पर नेजल स्प्रे खरीदा। लेकिन उसने स्प्रे का इस्तेमाल नशे के लिए करना शुरू कर दिया और इसके लिए लाखों रुपये खर्च कर डाले।

स्थानीय रिपोर्ट के अनुसार साउंड डिजाइनर और संगीतकार कर्टिस आरनॉल्ड हार्मर 28 साल के हैं और हेस्टिंग्स में रहते हैं। उन्हें पांच साल पहले अचानक जुकाम हो गया। इस पर उन्होंने मेडिकल स्टोर से 6 सौ रुपये की सुदाफेड ब्लॉक्ड नेजल स्प्रे खरीदा। भारत में भी लोग नेजल स्प्रे का इस्तेमाल करते हैं। इस स्प्रे को नाक के छेद में डालने से कुछ सेकंड के अंदर बंद नाक खुल जाती है।

कुछ दिन प्रयोग के बाद उन्हें इसके नशे की लत लग गई। वह दो साल से ज्यादा समय तक नेजल स्प्रे का नशा करते रहे। उन्होंने नेजल स्प्रे पर ढाई साल में 11 लाख रुपये खर्च कर दिए। उनकी नाक ऐसी लगने लगी जैसे उसमें कंक्रीट घुसी हो। आखिरकार उन्हें अपनी नाक की सर्जरी करानी पड़ी और भविष्य में भी ऐसा करना पड़ेगा।



**नशे के लिए शुरू किया स्प्रे का इस्तेमाल, लाखों खर्चे**




RANGE STARTS @ ₹1.2 L**

SAVINGS UP TO ₹20 000##

CASHBACK UP TO ₹7 500#

EXCHANGE BENEFITS UP TO ₹3 500^

RTR SERIES

RACING DNA UNLEASHED

www.tvsmotor.com/tvs-apache | Give a missed call to **1800 315 7227** | tvsapacheseries | TVS Apache

*Best-in-class power for RTR 160 & RTR 160 4V in respective Air & Oil cooled 160cc class | **Ex-showroom price for Apache RTR base variant | ##Savings with Low ROI scheme of 5.55% | #Applicable on HDFC & ICICI CC & DC EMI, Max 5% cashback upto ₹7 500 | ^T&C apply.




**INTRODUCING THE NEW TVS RONIN MIDNIGHT BLUE**

tvsronin | tvsmotor.com/tvs-ronin | 1800 315 7666

DIGITAL SPEEDOMETER WITH BLUETOOTH CONNECTIVITY#
#Available in Top Variant.

DUAL-CHANNEL ABS MODES

UPSIDE DOWN FRONT FORKS

LOW ROI AT 5.55%#

DOWN PAYMENT AT ₹11,999#

INSTANT CASHBACK UP TO ₹7500**

*T&C apply. #Finance schemes are mutually exclusive and cannot be clubbed with each other. #Finance will be at the sole discretion of discretion of the financier. #Savings with Low ROI scheme of 5.55%. *Ex-Shoroom price of Ronin SS Lightning black. **Applicable on HDFC & ICICI easy EMI on credit card.

IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | L&T Finance | TVS CREDIT | TATA CAPITAL | Muthoot Finance | HDFC BANK We understand your world | ICICI Bank

**FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com**

**Authorised Main Dealers: East Delhi:** BINSAR TVS: Durgapuri: 9821271880 Khajuri: 9821258420 Sonia Vihar: 9821260573 Mandoli Extn.: 9821260735 Sherpur Chowk: 8527348216 Zero Pusta, Shastri Park: 9821267418 Bajwa TVS: Krishna Nagar: 8527320253 Geeta Colony: 8527320841 SD TVS: Dilshad Garden: 9821272498 Main pusta road, Gandhi Nagar: 9821268264 G. K. TVS: Laxmi Nagar: 9821271831 Mayur Vihar Phase-3-6366448953 Madhu Vihar: 9821259935 New Ashok Nagar: 6366448954 **North Delhi:** MCR TVS: Saraswati Vihar: 9821266109 Mangolpuri: 9821275868 Ranibagh: 9821274695 Narela: 9821275636 Kirari: 9821274603 Bawana: 9821276084 Karala: 9821276104 Sabharwal TVS: Rithala: 9821259732 Budh Vihar: 9821259748 MOISSANITE TVS, Azadpur: 7600260222 Skyline TVS: Jahangir Puri: 9218039220 Burari: 9218024668 **South Delhi:** OM TVS: Lajpat Nagar: 9821272463 Okhla Industrial Area Phase: 9821261765 Badarpur, Jaitpur: 9821263038 Pulpraladpur: 9821264982 Shine Bagh: 9821266451 Ahinsha TVS: Khanpur: 9821271221 Adchini: 9821268018 Aaya Nagar: 9821267931 Chhatarpur: 9821268194 Mahipalpur: 9821269602 Main railway road: 9311299301 RIDE TVS: Bikaji Cama Place: 011 41706608/ 9582890607 K K TVS: Kapashera: 9821261661 **Central Delhi:** Balaji TVS: Shastri Nagar: 9821271672 Roshanara Road: 9870326061 Shahzada bagh: 6366448959 Sabharwal TVS: Karol Bagh: 9821258099 Tilak Nagar: 8527129911 YM TVS: Dariyaganj: 6366448948 **West Delhi:** Subhash Nagar: 9821276304 Nawada: 9821276377 Dabri More: 9821254451 Outer Ring Road, Vikas Puri: 9821255645 Dynamic TVS: Dwarka: 9821271426 Palam: 9870327342 Ramphal Chowk - Sec-7: 9870327413 Uttam Nagar: 9870327453 K K TVS: Nangloi: 9821271618 Najafgarh: 9821257175 Vikas Nagar: Ranhola: 9821258480 Tikri Kalan: 9821259539 Chanchal Park: 6366448946 Sabharwal TVS: Peeragarhi: 9821271826 Rama Road: 9870328586 Raja Garden: 9821259328 **Faridabad:** OM TVS, Neelam Bata Road: 8928858523 Uttam TVS: 89295925044 **Ballabhagrh:** Royal TVS: 8929592575, **Palwal:** Vardhman TVS: 8929592514 **Gurugram:** Simran Auto: 8928258523, Choudhary TVS: 8929592511 Ahinsa TVS 9311299301 Old Delhi Road: 8929592511 BDTVS: Badshahpur: 8956257928

# कोरोना संक्रमित मरीजों का उपचार बना चुनौती

## लंबे समय तक लक्षण बरकरार रहने के कारण अंगों पर असर

**अध्ययन**

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारत में कोरोना से लंबे समय तक संक्रमित रहे मरीज चिकित्सकों के लिए चुनौती बने हुए हैं। डॉक्टरों को ऐसे मरीजों के अस्पष्ट लक्षणों का पता लगाने एवं उनके उपचार में मुश्किल पेश आ रही है। शोधकर्ताओं ने इस स्थिति पर अपर्याप्त अध्ययन की ओर इशारा करते हुए अधिक शोध पर जोर दिया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले साल मई में वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में कोविड-19 के खत्म होने की घोषणा की थी। लेकिन, अभी भी लोगों के लंबे समय तक कोविड के प्रभावों से पीड़ित रहने और उसके बाद प्रकट हुए लक्षणों का पता लगाने के लिए दुनियाभर के चिकित्सक जुटे हुए हैं।

कोरोना से लंबे समय तक संक्रमित रहने से शरीर के विभिन्न अंगों पर असर पड़ता है। इन लक्षणों में खांसी, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, थकान, मतिभ्रम और ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल होना शामिल है। यह संक्रामक रोग सार्स-सीओवी-2 वायरस के कारण होता है। अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के शोधकर्ता समेत अन्य शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में अनुमान जताया गया है कि उत्तर अमेरिका में एक बार कोरोना वायरस से संक्रमित रहे 31 प्रतिशत, यूरोप में 44 प्रतिशत और एशिया में 51 प्रतिशत लोगों में लंबे समय तक कोविड का प्रभाव रहा जो स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को चुनौती दे रहा है, लेकिन इसके उपचार के लिए सीमित दिशा निर्देश हैं।



### थकान और सूखी खांसी आम लक्षण

नई दिल्ली में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज द्वारा मई 2022 से मार्च 2023 तक 553 मरीजों पर किए एक ऐसे ही अध्ययन में पाया गया है कि करीब 45 प्रतिशत मरीजों में लंबे समय तक रहने वाले लक्षण थे जिनमें थकान और सूखी खांसी सबसे आम लक्षण थे।

“यह कहना जल्दबाजी होगी कि हम इस स्थिति को इतनी अच्छी तरह समझते हैं कि इसका निदान या उपचार कैसे किया जाए।’ चिकित्सकों ने भी बताया है कि ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है जिन्होंने उन लक्षणों की शिकायत की है जो उन्हें कोविड से पहले नहीं थे।

–डॉ. राजेश सागर, मनोरोग के प्रोफेसर, एम्स दिल्ली

# दावा: ‘स्टोनफ्लाई’ का रंग बदल गया

नई दिल्ली, एजेंसी। वनों की कटाई के चलते न्यूजीलैंड में पायी जाने वाली ‘स्टोनफ्लाई’ का रंग बदल गया है जो मनुष्यों द्वारा जलवायु परिवर्तन के कारण वन्य प्राणियों में आए बदलाव को दर्शाता है। यह अध्ययन पत्रिका ‘साइंस’ में प्रकाशित हुआ है।

अध्ययन के सह-लेखक और ओटागा विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विज्ञान के जॉन वाल्टर्स ने कहा, प्राकृतिक वन क्षेत्रों में, एक देसी प्रजाति ने चेतावनी वाले रंग विकसित किए हैं जो जहरीली वन प्रजातियों से मिलते-जुलते हैं ताकि शिकारियों को यह सोचने पर मजबूर किया जा सके कि वे भी जहरीले हैं।

**तकनीक 30 s**

### व्हाट्सऐप चैनल के नए फीचर जल्द

व्हाट्सऐप चैनल के लिए एक नया फीचर क्यूआर कोड्स जल्द मिलने वाला है। इसकी मदद से क्यूआर कोड को स्कैन करके चैनल को देख और फॉलो कर सकेंगे। वेबीटाइंफो ने इसकी जानकारी दी है। यूजर को लिंक भेजने के बाद स्क्रीन पर क्यूआर कोड दिखता है।

### एक्स के यूजर को मिलेगा राडार टूल

एक्स के प्रीमियम प्लस यूजर को नया फीचर मिलने वाला है। इसका नाम राडार है। इसके जरिए ट्रेंडिंग टॉपिक्स और ब्रेकिंग न्यूज जैसे लाइव इवेंट्स को सर्च किया जा सकेगा। यह रियल-टाइम सर्च टूल है। इसके आने से यूजर लाइव कंटेंट से जुड़े रहेंगे।

### यूट्यूब पर प्रोडक्ट टैग फीचर पेश

यूट्यूब यूजर के लिए अच्छी खबर है। यूट्यूब ने प्रोडक्ट टैग फीचर पेश किया है। कंपनी ने ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ साझेदारी की है। भारत के मेट्रो शहरों में 65 प्रतिशत और टियर-2 शहरों में 85 प्रतिशत यूजर यूट्यूब क्रिएटर्स पर अधिक भरोसा करते हैं।





